स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बुधवार
20 मई, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 4
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 268 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

द्रविड़ और राठौर इतने मददगार थे कि कप्तानी के बाद मैं फिर से अपने क्रिकेट का आनंद ले सका: कोहली



एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू की जाए : सुप्रीम कोर्ट

# खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दें

**शीर्ष अदालत ने अपना पिछला आदेश नहीं बदला**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड

- अब तक ठोस प्रयास न होने पर नाराजगी व्यक्त की
- जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी

(एडब्ल्यूबीआई) द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इनकार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था।

### डॉग फीडर्स की भी जिम्मेदारी तय करने का दिया निर्देश

पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

■ **हर जिले में बने ABC सेंटर :** कोर्ट ने कहा कि हर जिले में कम से कम एक पूरी तरह कार्यरत Animal Birth Control (ABC) सेंटर होना चाहिए। ■ **ज्यादा आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सेंटर :** जहां जनसंख्या ज्यादा है, वहां जरूरत के अनुसार अतिरिक्त ABC सेंटर बनाए जाएं। ■ **एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था :** राज्य सरकारों को पर्याप्त मात्रा में एंटी-रेबीज दवाइयां और वैक्सीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। ■ **सार्वजनिक स्थानों से हटेंगे आवारा कुत्ते :** स्कूल, अस्पताल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और हाईवे जैसे स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश जारी रहेगा। ■ **खतरनाक कुत्तों पर यूथेनेशिया :** रेबीज संक्रमित या बेहद आक्रामक कुत्तों के मामलों में कानून के तहत यूथेनेशिया यानी दया मृत्यु की अनुमति दी गई। ■ **NHAI को भी जिम्मेदारी :** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) को हाईवे से आवारा पशुओं को हटाने और निगरानी तंत्र मजबूत करने के निर्देश दिए गए। ■ **अधिकारियों को कानूनी सुरक्षा :** कोर्ट ने कहा कि आदेश लागू करने वाले नगर निगम और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सामान्य तौर पर FIR या सख्त कार्रवाई न की जाए। ■ **नियमों का सख्ती से पालन :** राज्य सरकारों को Animal Welfare Board of India (AWBI) के नियमों को मजबूत तरीके से लागू करने को कहा गया। ■ **जनता की सुरक्षा सबसे ऊपर :** कोर्ट ने कहा कि, सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए राज्यों को अतिरिक्त कदम उठाने चाहिए।

### अदालत ने दिए ये अहम निर्देश

राज्य भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के नियमों को लागू करने के लिए उपाय करें। हर जिले में कम से कम एक पशु जन्म नियंत्रण केंद्र स्थापित करने के निर्देश। राज्यों में रेबीज रोधी टीकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश। कुत्तों से सुरक्षा करने के निर्देशों को लागू करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए कोई एफआईआर दर्ज नहीं होनी चाहिए। अधिकारी मानव जीवन के खतरे को कम करने के लिए कानूनी रूप से अनुमति प्राप्त उपाय कर सकते हैं, जिनमें रेबीज और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त कुत्तों को मारने का निर्देश भी शामिल है। निर्देशों की निगरानी के लिए उच्च न्यायालयों को स्वतः संज्ञान लेकर मामले दर्ज करने होंगे। राजमार्गों से आवारा पशुओं से सुरक्षित करने के निर्देश।

### गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को मारने के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिलजुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें। अदालत ने कहा पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं।

## पूर्व सीएम भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन



**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का आज निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। उनके आवास पर लगातार पिछले कई दिनों राजनेताओं और परिजनों के आने का सिलसिला जारी था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सार्वजनिक जीवन में भी उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने प्रदेशहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विकास को नई दिशा प्रदान की। कहा कि खंडूड़ी की सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी।

# नागरिकता नियम में हुआ संशोधन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने नागरिकता नियम, 2009 में अहम संशोधन करते हुए एक नई अधिसूचना जारी की है। इस संशोधन के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से

- पाकिस्तान समेत तीन देशों के आवेदकों के लिए नया नियम
- गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

आने वाले नागरिकता आवेदकों के लिए पासपोर्ट से जुड़ी जानकारी देना अब अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार के इस कदम को नागरिकता प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सख्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नए प्रावधानों के अनुसार, नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले इन तीन देशों के आवेदकों को अब अपने पासपोर्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी देना जरूरी होगा। इसमें पहचान, यात्रा इतिहास और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन शामिल होगा। गृह मंत्रालय का कहना है कि इस बदलाव का उद्देश्य नागरिकता प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी या फर्जीवाड़े को रोकना है।





सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह संशोधन दस्तावेजी प्रक्रिया को सरल बनाने और नागरिकता आवेदन में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। गृह मंत्रालय ने नागरिकता नियमों की अनुसूची आईसी में नया क्लॉज जोड़ा है, जिससे आवेदन प्रक्रिया और अधिक स्पष्ट और सख्त हो गई है। इसमें यह स्पष्ट करना होगा कि उनके पास संबंधित देशों का वैध या समाप्त पासपोर्ट है या नहीं। यदि आवेदक के पास ऐसा पासपोर्ट है, तो उन्हें निम्न जानकारी देना जरूरी होगा: पासपोर्ट नंबर, जारी होने की तारीख और स्थान, समाप्ति तिथि।

**15 दिन में पासपोर्ट जमा करना अनिवार्य**

नए नियमों के तहत जिन आवेदकों के पास ऐसे पासपोर्ट होंगे, उन्हें नागरिकता आवेदन मंजूर होने के 15 दिनों के भीतर संबंधित अधिकारियों को पासपोर्ट जमा करना होगा।

**नागरिकता प्रक्रिया होगी और सख्त**

इस संशोधन के बाद नागरिकता प्रक्रिया पहले से अधिक सख्त और विस्तृत हो जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, दस्तावेजों की जांच और सत्यापन प्रक्रिया को और मजबूत किया जाएगा। इससे देश की आंतरिक सुरक्षा को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### इन देशों के आवेदकों पर लागू होगा नियम

यह संशोधन विशेष रूप से पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले आवेदकों पर लागू होगा। इन देशों के नागरिक यदि भारत में नागरिकता के लिए आवेदन करते हैं, तो उन्हें नए नियमों का पालन करना होगा। सरकारी सूत्रों के अनुसार, नागरिकता आवेदन प्रक्रिया को और अधिक मजबूत और सुरक्षित बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे आवेदकों की पहचान और उनकी पृष्ठभूमि की बेहतर जांच संभव होगी। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नागरिकता केवल उन्हीं लोगों को मिले जो सभी कानूनी शर्तों को पूरा करते हैं।

# आगरा में गर्मी से एक व्यक्ति की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। तेज धूप, गर्म हवाओं और लगातार बढ़ते तापमान के

- 22 जिलों में लू का अलर्ट, 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगी गर्म हवाएं
- आगरा, कानपुर, प्रयागराज समेत कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी, प्रशासन सतर्क

कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्से तपिश की चपेट में हैं। भीषण गर्मी के चलते आगरा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौसम विभाग ने मंगलवार को प्रदेश के 22 जिलों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चल सकती हैं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, संत रविदास नगर, कानपुर देहात, बलिया और रायबरेली में लू का गंभीर प्रभाव देखने को मिल सकता है। लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि दक्षिणी और मध्य उत्तर प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक हीट वेव जैसी स्थिति बनी रह सकती है।



# एक हफ्ते में दूसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ा इजाफा कर दिया गया है। तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और

- प्रति लीटर करीब 90 पैसे की बढ़ोतरी

डीजल के दाम में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि मात्र एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी बार है जब ईंधन के दाम इस तरह से बढ़ाए गए हैं। इस नई बढ़ोतरी से ठीक तीन दिन पहले, शुक्रवार को ही केंद्र सरकार ने देशभर में पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर का भारी इजाफा किया था। उस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये और डीजल 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये हो गया था। अब मंगलवार को फिर से दाम बढ़ने के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे और महंगा होकर 98.64 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, दिल्ली में डीजल 91 पैसे महंगा होकर 91.58 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है।



## मणिपुर में नेशनल हाइवे पांच दिन से बंद

**इंफाल।** मणिपुर की लाइफलाइन माना जाने वाला नेशनल हाईवे 2 पिछले पांच दिनों से पूरी तरह ठप पड़ा है। प्रधानमंत्री को सौंपे गए मांग

- 1000 से ज्यादा ट्रक-गाड़ियां फंसी
- पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म

पत्र पर कोई प्रगति न होने और सेनापति से अगवा किए गए 14 कुकी नागरिकों को छुड़ाने में सरकार की विफलता के विरोध में यह बंद लगाया गया है। इसके कारण सेनापति जिले के खोंग्नेम से टी. खुल्लेन के बीच एक हजार से ज्यादा ट्रक, बस जैसे वाहन फंसे हुए हैं। इस बीच कुकी इन्पी संगठन ने सोमवार को बंद की अवधि 48 घंटे के लिए बढ़ा दिया। बंद में फंसे ट्रक चालक, खलासी और यात्री अपने वाहनों के पास ही खुले आसमान के नीचे रातें काटने को मजबूर हैं। क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क बेहद कमजोर होने के कारण वे अपने परिवारों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। फंसे हुए लोगों के पास खाने-पीने की सामग्री और राशन पूरी तरह खत्म हो चुका है। स्थानीय बाजार से उन्हें चीजें ऊंची कीमतों पर मिल रही हैं। प्रशासन की ओर से कोई व्यापक राहत सामग्री नहीं पहुंचाई जा सकी है, जिससे कई के सामने भूखे रहने की नौबत आ गई है।

# उद्योग और सरकार मिलकर बढ़ाएं कदम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के आर्थिक विकास को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित एसोचैम इंडिया बिजनेस रिफॉर्म समिट

- पीयूष गोयल ने व्यापार जगत से की अपील

2026 को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने व्यापार को आसान बनाने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए उद्योग जगत और सरकार के बीच गहरे तालमेल की आवश्यकता पर बात की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह कदम भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने और साल 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के लिए बेहद जरूरी है।

पीयूष गोयल ने वैश्विक मंचों पर जारी मौजूदा उथल-पुथल और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को लेकर कहा कि भारत को इन परिस्थितियों से घबराने की जरूरत नहीं है। इसके बजाय इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। इस संकट काल का उपयोग देश की व्यावसायिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने, आंतरिक सुधारों को गति देने और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण के लिए किया जाना चाहिए। भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी किसी संकट को व्यर्थ नहीं जाने दिया है। देश मौजूदा वैश्विक जोखिमों को भी विकास के नए रास्तों में बदलने का पूरा माद्दा रखता है।



# मंदिरों के गोल्ड पर सरकार का कोई इरादा नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न मंदिरों और धार्मिक संस्थानों के पास जमा सोने को लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर चल रही तमाम अफवाहों और अटकलों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी करते हुए साफ किया कि सरकार का देशभर के मंदिरों के ट्रस्ट या किसी भी धार्मिक संस्थान के पास रखे सोने का मुद्रीकरण करने का कोई इरादा नहीं



- वित्त मंत्रालय ने अफवाहों को किया खारिज

है। मंत्रालय ने सख्त लहजे में कहा कि इस तरह के दावे और खबरें पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार हैं, जिनका सच्चाई से कोई वास्ता नहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि मंदिरों के शिखरों, दरवाजों या अन्य संरचनाओं पर लगे सोने को 'भारत के सामरिक स्वर्ण भंडार' के रूप में मानने के दावे भी झूठे, भ्रामक एवं पूरी तरह निराधार हैं। मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें फैलाएं। अपुष्ट जानकारी फैलाने से अनावश्यक भ्रम उत्पन्न होता है और यह लोगों को गुमराह कर सकता है। सरकार ने सभी नागरिकों से केवल अधिकृत माध्यमों से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की। मंत्रालय ने कहा कि नीतिगत फैसलों या सरकारी योजनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों, सरकारी वेबसाइट और सत्यापित सार्वजनिक संचार मंचों के माध्यम से साझा की जाएगी।

## जांच कमेटी ने स्पीकर को सौंपी रिपोर्ट

**जस्टिस यशवंत वर्मा केस**

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों की जांच कर रही कमेटी ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। यह रिपोर्ट सोमवार को पेश की गई। लोकसभा सचिवालय ने बताया कि इस रिपोर्ट को जल्द ही संसद के दोनों सदनों के सामने रखा जाएगा। उम्मीद है कि जुलाई के तीसरे हफ्ते में शुरू होने वाले मानसून सत्र में इसे पेश किया जा सकता है। यह पूरा मामला 14 मार्च 2025 की रात का है। उस समय जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर आग लगने की घटना के दौरान, आग बुझाने पहुंचे कर्मचारियों को वहां एक स्टोर रूम में भारी मात्रा में जली हुई नकदी मिली थी।

## मशहूर पंजाबी गायिका इंदर कौर की हत्या

**लुधियाना।** पंजाब में छह दिनों से लापता मशहूर पंजाबी गायिका यशइंदर कौर उर्फ इंदर कौर की निर्मम हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मृतका का शव नीलो नहर से बरामद किया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड के पीछे एकतरफा प्यार और सनक की रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी सामने आई है। मृतका के भाई जोतइंदर सिंह के मुताबिक, 13 मई की रात करीब 8.30 बजे इंदर कौर अपनी फोर्ड फिगो कार से घरेलू सामान लेने के लिए बाजार गई थीं। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटीं, तो परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। अपने स्तर पर की गई पड़ताल में सामने आया कि मोगा के भलूर गांव का रहने वाला सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा, इंदर कौर पर शादी करने का दबाव बना रहा था।

## केजरीवाल को हाईकोर्ट का अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना (क्रिमिनल कॉन्टेम्प्ट) के एक स्वतः संज्ञान मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य आप नेताओं को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति स्वराना कांता शर्मा द्वारा शुरू किए गए इस मामले में आरोप है कि शराब नीति मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत से रिक्यूजल याचिका खारिज होने के बाद 20 अप्रैल को आप नेताओं ने अदालत का बहिष्कार किया और सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो तथा पत्रों के माध्यम से उनके खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां कीं। दो-न्यायाधीशों न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रवींद्र डुडेजा की पीठ ने सभी आरोपियों को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

**पहल** वाशिंगटन और नई दिल्ली के बीच रक्षा संबंध और गहरे होंगे

# 'टैंक किलर' अपाचे और एम777 होवित्जर बनेंगे और घातक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत के लिए दो प्रमुख रक्षा सहायता पैकेजों को मंजूरी दे दी है, जिनमें से एक भारतीय सेना के एएच-64ई अपाचे हमलावर

- अमेरिका ने मंजूर किया 428 मिलियन डॉलर का पैकेज

हेलीकॉप्टरों के लिए और दूसरा एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए है। यह कदम वाशिंगटन और नई दिल्ली के बीच रक्षा संबंधों को और गहरा करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने प्रस्तावित विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) सौदों को मंजूरी दी है, जिनकी अनुमानित कीमत अपाचे हेलीकॉप्टर सहायता सेवाओं के लिए 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर और एम 777ए2 हॉवित्जर सहायता के लिए 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। विदेश विभाग के अनुसार, प्रस्तावित बिक्री का उद्देश्य अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने में मदद करके संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करना है। विदेश विभाग ने कहा कि यह प्रस्तावित बिक्री अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने और एक प्रमुख रक्षा साझेदार की सुरक्षा में सुधार करने में मदद करके संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगी, जो हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बनी हुई है। हालांकि एएच-64ई अपाचे दुनिया के सबसे उन्नत हमलावर हेलीकॉप्टरों में से एक है, लेकिन सैन्य योजनाकार महंगे मानवयुक्त प्लेटफार्मों में भारी निवेश करने से सावधान हो गए हैं, क्योंकि ये विवादित हवाई क्षेत्र में असुरक्षित हो सकते हैं। भारत ने शुरू में 39 अपाचे हेलीकॉप्टर शामिल करने की योजना बनाई थी, लेकिन प्रति यूनिट उच्च लागत के कारण खरीद को घटाकर 28 कर दिया। साथ ही, भारत ने सस्ते स्वदेशी प्लेटफार्मों और भविष्य के युद्ध में मानवरहित प्रणालियों की बढ़ती भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया है। अपाचे बेड़े के लिए, भारत ने अमेरिकी सरकार और ठेकेदारों से एएच-64ई रखरखाव सहायता सेवाओं का अनुरोध किया है, जिसमें इंजीनियरिंग, तकनीकी और रसद सहायता के साथ-साथ तकनीकी डेटा, प्रकाशन, कर्मियों का प्रशिक्षण और अन्य संबंधित रसद और कार्यक्रम सहायता तत्व शामिल हैं। विदेश विभाग ने कहा कि अपाचे सहायता पैकेज के प्रमुख ठेकेदार बोइंग और लॉकहीड मार्टिन होंगे। प्रस्तावित सहायता पैकेज का उद्देश्य भारतीय सेना के अपाचे आक्रमण हेलीकॉप्टर बेड़े की परिचालन तत्परता और दीर्घकालिक रखरखाव सुनिश्चित करना है, जो अग्रिम मोर्चे पर युद्ध और निगरानी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



## संक्षिप्त ख़बरें

### एमए हिंदी की मौखिक परीक्षा आज

**महराजगंज।** एमए हिंदी प्रथम वर्ष द्वितीय सेमेस्टर एवं द्वितीय वर्ष चतुर्थ सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राओं की वर्ष 2025-26 की मौखिकी परीक्षा 20 मई 2026, बुधवार को सुबह 10 बजे से हिंदी विभाग में आयोजित की जाएगी। हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. राणा प्रताप तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपना प्रवेश पत्र एवं लघु शोध प्रबंध साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर उपस्थित होकर परीक्षा में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने की स्थिति में इसकी जिम्मेदारी संबंधित छात्र-छात्रा की स्वयं होगी।

### स्वास्थ्य कार्यक्रम में सम्मानित हुई दिव्या

**परतावल, महराजगंज।** आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल के अधीक्षक डॉ अमित कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य काउंसलर अनिरुद्ध गुप्ता द्वारा सेंट थॉमस उत्तर माध्यमिक विद्यालय परतावल में एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मासिक थीम माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर किशोरियों को जागरूक किया गया इस अवसर पर किशोरियों में सैनिटरी नैपकिंस और आयरन की गोली विपरीत किया गया अपने संबोधन में काउंसलर अनिरुद्ध गुप्ता ने कहा कि माहवारी आना एक नेचुरल प्रक्रिया है जो 12 से 15साल  की उम्र तक स्टार्ट हो जाती है जिस किसी महिला को पहली बार माहवारी आती है उसको मीनार्की  कहते हैं इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है बस इस पीरियड में स्वच्छता का विशेष ध्यान देना होता है तथा अपने खान-पान में पौष्टिक आहार अवश्य लेना चाहिए इस अवसर पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें कुमारी दिव्या प्रजापति कक्षा 7को सही उत्तर देने पर पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक बीजू मोहन तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### जबरन बाइक छीनने व धमकी देने का आरोप

**पटहेरवा।** कसया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने कोर्ट में प्रकीर्ण वाद दाखिल कर दो लोगों पर जबरन बाइक छीनने और धमकी देने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पटहेरवा पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कसया थाना क्षेत्र के तेजवलिया गांव निवासी फखरुद्दीन अहमद आशिफ ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया की अदालत में प्रकीर्ण वाद दाखिल कर बताया कि 7 फरवरी 2018 को वह अपनी बाइक से पटहेरिया में किसी व्यक्ति का इंतजार कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान कसया-पडरौना मार्ग स्थित सिंह इलेक्ट्रॉनिक के संचालक मैनेजर सिंह और उनका पुत्र ओमप्रकाश वहां पहुंचे और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि दोनों ने चाकू दिखाकर 40 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। रुपये देने में असमर्थता जताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी बाइक जबरन लेकर चले गए। कोर्ट के आदेश पर पटहेरवा पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ जबरन वसूली और धमकी समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तहसील दिवस में शिकायती पत्र सौंप कार्रवाई की मांग

**तमकुहीराज कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के घघवा जगदीश निवासी राजकुमार यादव ने प्रभारी तहसील समाधान दिवस अधिकारी/ जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर हल्का लेखपाल पर विभिन्न गंभीर आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने मामले की सक्षम अधिकारी से जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया है कि  नवीन परती, सड़क के नाम एवं आबादी के नाम से दर्ज अराजी है। जिसे गांव के एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर रखा है। ग्रामीण बाजार, स्कूल एवं आबादी के मध्य स्थित उक्त अराजी अति मूल्यवान है। हल्का लेखपाल अपने पद का दुरुपयोग कर लगातार अवैध कब्जाधारी को लाभ पहुँचा रहे हैं। उन्होंने मामले की जांच सक्षम अधिकारी से कराने की मांग करते हुए अवगत कराया है कि जांच के समय जांच अधिकारी को संपूर्ण साक्ष्य उपलब्ध कराया जाएगा। मामले में जिलाधिकारी कुशीनगर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

### पूर्व विधायक संजय प्रताप ने की ट्रेन से यात्रा

**बस्ती।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेट्रोल, डीजल का उपयोग कम करने के आवाहन का असर दिखने लगा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने ट्रेन से लखनऊ की यात्रा कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि विश्व में चल रहे युद्ध जैसे हालात, बढ़ते वैश्विक संकट और ऊर्जा संसाधनों की चुनौती को देखते हुए पेट्रोल-डीजल की बचत एवं सार्वजनिक परिवहन को अपनाने की अपील वास्तव में दूरदर्शी और राष्ट्रहित में लिया गया महत्वपूर्ण संदेश है।

### निर्माणाधीन वृद्धा आश्रम का डीएम ने किया निरीक्षण

**संत कबीर नगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा खलीलाबाद विकासखंड अंतर्गत ग्राम चकदही में निर्माणधीन वृद्धा आश्रम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा वृद्धाश्रम भवन निर्माण की गुणवत्ता, कमरों के साइज, रसोई घर, शौचालय, स्टोर रुम आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि निर्धारित समयावधि में वृद्ध आश्रम भवन की गुणवत्ता सहित निर्माण कर रंगाई, पुताई एवं साफ -सफाई के साथ संबंधित विभाग को हैंडवोवर कर दिया जाए। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, ओएसडी राकेश कुमार सहित कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## डीजल-पेट्रोल को लेकर किसान परेशान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महराजगंज।** जनपद में इन दिनों डीजल और पेट्रोल की किल्लत ने गंभीर रूप ले लिया है। फरेंदा, आनंदनगर सहित जिले के कई क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म होने से आम लोगों, किसानों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल पूरी तरह ड्राई हो चुके हैं।



मंगलवार सुबह फरेंदा क्षेत्र के हरडी डाली पेट्रोल पंप पर बड़ी संख्या में लोग डीजल और पेट्रोल लेने पहुंचे, लेकिन उन्हें वापस लौटा दिया गया। लोगों का आरोप है कि पंप पर ईंधन उपलब्ध होने के बावजूद वितरण नहीं किया गया। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। फरेंदा कस्बे और आसपास आधा दर्जन से अधिक पेट्रोल पंप संचालित होने के बावजूद ईंधन संकट कम नहीं हो रहा है। पेट्रोल की कमी से दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है। बाइक और चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित होने लगी है। डीजल संकट का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। खेतों की जुताई और धान की नर्सरी की तैयारी बाधित हो रही है। स्थानीय लोगों ने पूर्ति विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया है। फरेंदा के पूर्ति निरीक्षक ईशान प्रताप सिंह पर मनमानी और शासन के निर्देशों की अनदेखी करने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर जनपद में डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और कृषि सहित रोजमर्रा के कार्य प्रभावित न हों।

## जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा आज निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, सीलिंग प्रक्रिया तथा अभिलेखों के रख-रखाव की गहन समीक्षा की गई।

निरीक्षण के समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं की स्थिति का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने गोदाम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास नियंत्रण प्रणाली, डबल लॉक व्यवस्था, सील की स्थिति तथा अभिलेखों के नियमित संधारण की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी निगरानी प्रणाली निरंतर सक्रिय रहे तथा रिकॉर्डिंग का नियमित परीक्षण भी किया जाए। साथ ही सीलिंग प्रक्रिया एवं अभिलेखों के संधारण में पूर्ण पारदर्शिता एवं सावधानी बरती जाए।



उन्होंने नियमित अंतराल पर गोदाम का निरीक्षण एवं सत्यापन कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित निर्वाचन कार्यालय के समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नहर में डूबने से बालिका की मौत

**झुलनीपुर, महराजगंज।** क्षेत्र के नारायणी गंडक नहर में सोमवार शाम 5 बजे डोमा गांव के सामने झूलनीपुर खड्डा मार्ग नहर में एक बालिका अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। बालिका को नहर में गिरते देख आसपास के लोग काफी मस्कत कर नहर से बालिका को बाहर निकाला। उसके बाद परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डोमा गांव  खास निवासी मोहम्मद आरिफ की 15 वर्षीय बेटी तमन्ना सोमवार देर शाम को झुलनीपुर खड्डा नहर की पटरी से होकर गुजर रही थी। अभी वह डोमा गांव के करीब पहुंची थी। इसी बीच तमन्ना का पैर फिसलने से अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस दौरान बालिका तमन्ना की मौत हो गई थी। निचलौल थाना प्रभारी निरीक्षक अंकित सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिली है मौके पर पुलिस टीम पहुंचकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया है।

## साइबर ठगी के मामले में तीन गिरफ्तार, एक फरार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**रतनपुर, महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर व अहिरौली के मदरा गांव में साइबर सेल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने अचानक छापेमारी की। पुलिस ने वहां एक बड़ी साइबर ठगी के गंभीर मामले में पूंछताछ के लिए तीन स्थानीय युवकों को मौके से ही धर-दबोचा। इस कार्रवाई के दौरान मामले का एक मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। मुख्य आरोपी के भागने के बाद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए फरार आरोपी के पिता को भी अपनी हिरासत में ले लिया है। साइबर टीम ने पूछताछ की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए फरार आरोपी के पिता समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे सघन पूछताछ में जुटी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पकड़े गए सभी संदिग्ध युवक काफी समय से बड़े पैमाने पर सक्रिय साइबर विंग और तकनीकी सर्विलांस के रडार पर चल रहे थे। इन सभी लोगों पर मोबाइल के माध्यम से लाखों रुपये की बड़ी ठगी को अंजाम देने वाले एक अंतरप्रांतीय गिरोह का सक्रिय हिस्सा होने का गंभीर आरोप है। बताया जा रहा है कि पुलिस और साइबर सेल को किसी बड़ी ठगी के संबंध में बेहद पुख्ता इनपुट मिले थे, जिसके बाद ही साइबर पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से यह बड़ी दबिश दी है। वहीं स्थानीय पुलिस के मुताबिक फरार आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए उसके सभी संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच तेजी से चल रही है और पूंछताछ के लिए संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि साइबर सेल की इस कार्रवाई के बाद भगवानपुर में हड़कंप मचा हुआ है।

### पारिवारिक कलह से परेशान युवक फंदे से लटका, मौत

**दुबौलिया, बस्ती।** थाना क्षेत्र के सुबरहा गांव में 38 वर्षीय एक युवक ने छत की कुंडी में रस्सी के सहारे लटक कर फांसी लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार दुबौलिया थाना के सुबरहा गांव निवासी कुलदीप शर्मा 38 वर्ष का शव छत की कुंडी से लटकता हुआ मंगलवार की सुबह परिजनों ने देखा। जिसकी सूचना परिजनों ने दुबौलिया पुलिस को दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों ने बताया कि रात दस बजे घर पर कुलदीप मिक्सर मशीन पर मजदूरी कर घर वापस आए, किसी बात को लेकर पत्नी पुष्पा से कहासुनी हुई, इस के बाद घर के बाहर सोने चले गए सुबह देखा तो शव फंदे से लटक रहा था। कुलदीप शर्मा के चार बच्चे हैं जिनमें दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं, सभी का रो- रो कर बुरा हाल है।

## कार्यकाल बढ़ाने की प्रधानों ने की मांग

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** अखिल भारतीय प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष रघुनाथ पटेल के नेतृत्व में प्रधानों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी मिठौरा को सौंपा। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में प्रधानों ने लिखा है कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्ति की और है लेकिन अभी तक पंचायत चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में पुनः पंचायतों में प्रशासक व्यवस्था लागू होने की आशंका बढ़ रही है। पूर्व में भी प्रशासक व्यवस्था लागू होने के दौरान पंचायतों में अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हुई थी तथा ग्राम पंचायतों की स्वायतता एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हुई थी। ग्राम पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की मूल इकाई है। गांव की जनता ?द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों के माध्यम से ही ग्रामीण विकास योजनाएँ पारदर्शी एवं जवाबदेही के साथ संचालित होती हैं। यदि पंचायतों में पुनः प्रशासक व्यवस्था लागू की जाती है तो इससे ग्रामीण जनता की भागीदारी एवं पंचायतों की स्वतंत्र कार्यप्रणाली प्रभावित होगी।ऐसे में पंचायत व्यवस्था एवं ग्रामीण लोकतंत्र की रक्षा हेतु पंचायत चुनाव समय पर कराया जाय, किसी कारणवश समय पर चुनाव संभव न हो तो वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाय, अधिकार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखा जाय एवं ग्राम पंचायतों तथा ग्रामीण जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए सकारात्मक निर्णय लेने की कृपा करे। इस अवसर पर श्यामानन्द, केशव यादव, नरेंद्र दास, मदन मोहन, पूनम देवी, गायत्री, संगीता, गुड़िया एवं उर्मिला समेत तमाम प्रधान मौजूद रहे।

## स्व. बीएन को दी गयी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बस्ती।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने कर्मचारियों के मसीहा कर्मरत्न स्व बीएन सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। सोमवार को प्रेस क्लब सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे पेंशनरों ने स्व सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक गणेशदत्त शुक्ल व संचालन जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने किया।




जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने कहा कि बीएन सिंह आखिरी सांस तक कर्मचारियों के हित की लड़ाई लड़ते रहे और उनके कार्यकाल मे कर्मचारियों के हित मे अनेक उपलब्धियां हासिल हुई। उन्होने कहा सेवापरान्त हर कर्मचारी को एसोसियेशन के प्रति समर्पित रहना चाहिये। जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने कहा स्व. बीएन सिंह के कार्यकाल मे ही केन्द्र व प्रान्त के समान वेतन व मंहगाई भत्ते की मांग पूरे प्रदेश में उठी। आंदोलन के उपरान्त सफलता हासिल हुई और लाखों कर्मचारियों को इसका लाभ मिल रहा है। वे आजीवन राजनीतिक दलों से दूर रहें और संगठन के प्रति उनका समर्पण बना रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेन्द्र देव मिश्र, श्यामधर सोनी, श्रीनाथ मिश्र, राधेश्याम तिवारी, अशोक कुमार मिश्रा, इंजी. रामचन्द्र शुक्ल, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, गोपाल त्रिपाठी, देवी प्रसाद शुक्ल, रामकुमार पाल, दीनानाथ, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, मुनीश चन्द श्रीवास्तव, प्रेमप्रकाश मिश्र, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, संतोष कुमार श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, रामचेत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शिव मंदिर पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**बस्ती।** ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर कंपनीबाग स्थित शिव मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो उठा। मंदिर में आयोजित भव्य भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भक्ति गीतों पर झूमते हुए भगवान का गुणगान किया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के संयोजक ओमप्रकाश अरोरा ने बताया कि ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन श्रद्धा एवं सेवा भाव से किए गए आयोजन से सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इस अवसर पर जयप्रकाश अरोरा, कुलदीप सिंह, सनम, हरि सिंह बबलू, हरभजन सिंह, सैंकी सचदेवा, पीयूष सचदेवा, वीरेंद्र जायसवाल, शुभम जायसवाल, आशीष श्रीवास्तव, विमल अरोरा, शशि अरोरा, लक्ष्मी अरोरा, उषा खत्री, रूमी वाधवा, खुशी जायसवाल एवं संगीता सचदेवा, सुदर्शन कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रामलीला महोत्सव के बाल कलाकार सम्मानित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बस्ती।** सनातन धर्म संस्था द्वारा आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव के प्रतिभागी बच्चों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी विद्यालयों के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह, सिविल लाइन, बस्ती में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीरामलीला महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले लगभग 650 बाल कलाकारों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के प्रशिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि नाथ नगरी बरेली से पधारे प्रख्यात सर्जन, मानस मर्मज्ञ एवं श्रीराम भक्त डा बृजेश यादव रहे। उनके साथ कर्नल केसी मिश्र, वयोवृद्ध श्रीरामभक्त जोशी तथा संभल से पधारे क्षेमनाथ तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ डॉ अश्विनी सिंह व उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिथियों का स्वागत भाषण कैलाशनाथ दुबे ने किया, जबकि कर्नल केसी मिश्र एवं अखिलेश दूबे ने कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों, विद्यालयों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में डा आलोक पांडेय, एमपी दुबे, सत्य प्रकाश सिंह, डा शैलेश सिंह, मनीष सिंह, अर्पित गौड़, पूजा, मान्यता, डा देवानंद सिंह, अंकुर यादव, राजेश मिश्र, संतोष श्रीवास्तव, सुनील शुक्ल, अनुराग शुक्ल, पंकज त्रिपाठी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## फुलवरिया लूटकांड में चार आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महराजगंज।** पुरन्दरपुर पुलिस, स्वाट टीम, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में मल्हनी फुलवरिया लूटकांड का सफल अनावरण करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में लूटी गई ज्वेलरी, लूटी गई अपाचे मोटरसाइकिल समेत घटना में प्रयुक्त कुल चार बाइक, कटर और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई गई है।

गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अशोक मुथा जैन एवं गोरखपुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक एस. चनप्पा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार 14 मई 2026 को थाना पुरन्दरपुर क्षेत्र के मल्हनी फुलवरिया के पास अज्ञात बदमाशों ने अपाचे मोटरसाइकिल संख्या यूपी 56 एएल 1952 के चालक रंजीत सोनी के साथ मारपीट कर उसकी बाइक और ज्वेलरी लूट ली थी। बदमाशों ने अंग्रेजी शराब की बोतल से हमला कर वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुरन्दरपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना का मुख्य सरगना सनोज वर्मा था, जिसने अपने साथियों समीर अहमद, राजन उर्फ भोलू मौर्या, मुकेश कुमार और तीन बाल अपचारियों के साथ मिलकर पूरी योजना बनाई थी। घटना से दो दिन पहले से दुकानदार की रेकी कर उसकी दुकान खोलने, आने-जाने के रास्ते और समय की जानकारी जुटाई जा रही थी। घटना वाले दिन भी बाल अपचारियों ने दुकानदार के निकलने का समय आरोपियों को बताया, जिसके बाद भगवानपुर और मल्हनी फुलवरिया के बीच मोड़ पर वारदात को अंजाम दिया गया।

पुलिस के मुताबिक घटना के बाद आरोपियों ने लूटी गई ज्वेलरी को पहचान छिपाने के लिए गलाने का प्रयास किया था। सभी आरोपी मामला शांत होने के बाद माल का बंटवारा करने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान 19 मई 2026 की रात करीब एक बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मधुकपुर महदेवा स्थित पुराने पंचायत भवन के पास घेराबंदी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा तीन बाल अपचारियों को संरक्षण में ले लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में सनोज वर्मा निवासी इलाहाबास टोला श्रीनगर थाना कोल्हुई, समीर अहमद निवासी दुबौलिया हरपुर दर्जी टोला थाना बृजमनगंज, राजन उर्फ भोलू मौर्या निवासी मैनहवा टोला मंझरिया थाना कोल्हुई तथा मुकेश चह्वद्धड्डह्ल निवासी मटियहनवा टोला मुर्दहिया थाना बृजमनगंज शामिल हैं।

बरामदगी में 799 ग्राम चांदी, 1.3 ग्राम सोना, लूटी गई टीवीएस अपाचे बाइक सहित चार मोटरसाइकिलें, कटर और इलेक्ट्रॉनिक तराजू शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी समीर अहमद तथा संरक्षण में लिए गए कुछ बाल अपचारियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना पुरन्दरपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 124/2026 में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### धूमधाम से आयोजित हुआ इतिहास मेला

**चौक, महराजगंज।** नगर पंचायत चौक बाजार स्थित दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज में शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। शासन की गतिविधि के क्रम में वर्तमान मई माह में  विद्यालय इतिहास मेला, स्टैचू ऑफ यूनिटी का वर्चुअल रिएलिटी तथा डिजिटल टूर का आयोजन किया गया।सरदार वल्लभभाई पटेल एवं दिग्विजयनाथ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डा. हरिन्द्र यादव ने कहा कि विद्यालय का इतिहास मेला छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। विद्यालय इतिहास मेला का मुख्य उद्देश्य इतिहास तथा कला की घटना को एक उत्तम तरीके से सीखना है।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान में आई तेजी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** महिलाओं और बालिकाओं को घातक बीमारी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तमकुहीराज में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन द्वारा प्रत्येक दिन बालिकाओं को यह सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय बालिकाएं बड़े उत्साह के साथ हिस्सा ले रही हैं।



हालिया सत्र के दौरान सोनाली, मिल्की, मुस्कान, बबली, माधुरी और अन्या जैसी बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर अपना टीकाकरण करवाया। टीका लगवाने के बाद इन बालिकाओं ने अन्य सहेलियों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। बालिकाओं को संकल्प दिलाया गया कि वे अपने आस-पास की कम से कम 10 अन्य सहेलियों को इस वैक्सीन के प्रति जागरूक करेंगी और समाज में फैली किसी भी तरह की भ्रांति को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, एचपीवी की %गार्डासिल% वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित और अत्यधिक प्रभावी है। भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचने का यह एकमात्र और सबसे सटीक उपाय है। यह महज एक टीका नहीं, बल्कि हमारी बेटियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की गारंटी है। डॉक्टरों ने विशेष रूप से अपील की है कि जो बालिकाएं अपने 14वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी हैं, वे इस टीकाकरण का लाभ जरूर उठाएं।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए सीएचसी तमकुहीराज के अधीक्षक डॉ. हिमांशु कुमार, बीपीएम प्रवीन कुमार राय, सीसीएच इंदु रानी सहित स्वास्थ्य कर्मी अनिल यादव और आशा कार्यकर्ता सावित्री देवी, माला देवी व सरस्वती देवी सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं और बालिकाओं का मार्गदर्शन किया।




# योगी सरकार ने की ब्रांडिंग तो निखर उठा टेराकोटा का कारोबार

## दशहरा-दीपावली का ऑर्डर पूरा करने में जुटे टेराकोटा शिल्पकार, ओडीओपी में शामिल होने के बाद से टेराकोटा उत्पादों के बाजार को लगे पंख



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** नौ साल पूर्व तक जिस टेराकोटा शिल्प के सामने अस्तित्व बचाने की चुनौती थी, वही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओडीओपी योजना से 'लोकल' से 'नेशनल' और ग्लोबल बाजार तक मजबूत पहचान बना रही है। सीएम योगी की ब्रांडिंग से टेराकोटा का कारोबार लगातार निखर रहा है। टेराकोटा के शिल्पकार अब पूरे साल काम में व्यस्त रहते हैं। वर्तमान समय में ये शिल्पकार दशहरा और दीपावली के त्योहार को लेकर मिले एडवांस ऑर्डर की सप्लाई के लिए उत्पाद तैयार करने में दिनरात जुटे हुए हैं। शिल्पकारों का अनुमान है कि आगामी त्योहारी सीजन में दस करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होगा।

टेराकोटा बाजार के विस्तार और इससे जुड़े शिल्पकारों के आर्थिक उत्थान का श्रेय योगी सरकार की एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना और सीएम योगी द्वारा अनेक मंचों से की गई ब्रांडिंग को जाता है। ओडीओपी का प्लेटफार्म मिलने से टेराकोटा शिल्प के कारोबार ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि अब उसकी पहुंच देश के कोने कोने तक हो रही है। ओडीओपी में शामिल होने के बाद टेराकोटा शिल्पकारों को संसाधनगत, वित्तीय व तकनीकी मदद तो मिली तो इसका बाजार दिनोंदिन बढ़ता गया। इलेक्ट्रिक चाक, पगमिल, डिजाइन टेबल आदि मिलने से शिल्पकारों का काम आसान और उत्पादकता तीन से चार गुना हो गई। गुणवत्ता में सुधार अलग से। वर्तमान में टेराकोटा के मूल गांव औरंगाबाद के साथ ही गुलरिहा, भरवलिया, जंगल एकला नंबर-2, अशरफपुर, हाफिज नगर, पादरी बाजार, बेलवा, बालापार, शाहपुर, सरैया बाजार, झुंगिया, झंगहा क्षेत्र के अराजी राजधानी आदि गांवों में टेराकोटा शिल्प का काम वृहद स्तर पर चल रहा है। ओडीओपी में शामिल होने के बाद बाजार बढ़ने से करीब एक तिहाई नए लोग भी टेराकोटा के कारोबार से जुड़े हैं। गोरखपुर में वर्तमान में 500 से अधिक परिवार टेराकोटा उद्यम से जुड़े हुए हैं।

टेराकोटा की मांग और बाजार के संबंध में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिल्पकार राजन प्रजापति बताते हैं कि दशहरा और दीपावली को लेकर साल के शुरुआत में ही भरपूर ऑर्डर मिल चुका है। टेराकोटा के सजावटी उत्पादों की सर्वाधिक मांग देश के दूसरे राज्यों के शहरों अहमदाबाद, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली व राजस्थान के कई शहरों से है। अभी भी देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार आर्डर मिल रहे हैं, जिससे उत्पादन में तेजी लाई गई है। त्योहारी सीजन को देखते हुए कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उनके परिवार के सभी सदस्य इस काम में हाथ बंटा रहे हैं, ताकि तय समयसीमा में सभी आर्डर पूरे किए जा सकें। राजन बताते हैं कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से टेराकोटा का काम इतना बढ़ गया है कि तनिक भी फुर्सत नहीं मिल पा रही। कभी स्थानीय बाजार में ही उत्पाद नहीं बिक पाते थे जबकि आज हमारे उत्पाद की मांग पूरे देश में हैं।

2017 के पहले तक टेराकोटा शिल्पकारों के पास संसाधनों का अभाव था। वह सारा काम हाथ से करते थे। ओडीओपी में शामिल होने के बाद उन्हें इलेक्ट्रिक चाक मिले, पगमील मशीन मिली। हस्तचालित चाक की तुलना में इलेक्ट्रिक चाक पर तेजी से कलाकृतियां बन जाती हैं। जबकि पगमील के जरिए 24 घंटे के बराबर मिट्टी की गुथाई एक घंटे में हो जाती है। इसका असर यह हुआ कि जितने उत्पाद एक दिन तैयार होते थे, अब उतने दो घंटे में बन जाते हैं। पूंजी का संकट दूर करने के लिए भारी अनुदान पर आसानी से ऋण मिल जाने से काम और भी आसान हो गया। शिल्पकारों को संसाधन उपलब्ध कराने साथ ही सरकार ने बड़ा बाजार दिलाने के लिए इसकी ब्रांडिंग भी की। बड़े महानगरों में तमाम प्रदर्शनी लगवाई, शिल्पकारों को पुरस्कार देकर उत्साहित किया। राष्ट्रपति सहित अन्य बड़ी हस्तियों को भेंट करने के लिए टेराकोटा के उत्पादों को प्राथमिकता दी।

# गोरखनाथ चिकित्सालय में अब कंधा प्रत्यारोपण की भी सुविधा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विवि गोरखपुर (एमजीयूजी) के श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के अंतर्गत संचालित महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय सोनबरसा, बालापार ने चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। चिकित्सालय में एक मरीज का कंधा प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया है।

महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय सोनबरसा के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित कुमार ऐलानी ने बताया कि कंधा फ्रैक्चर से पीड़ित मरीज ने पूर्व में विभिन्न अस्पतालों में उपचार हेतु परामर्श लिया था। पर, अत्यधिक खर्च के कारण उपचार संभव नहीं हो पा रहा था। निराश होकर मरीज ने महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय में संपर्क किया जहां मुख्यमंत्री सहायता कोष के अनुदान के माध्यम से मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम द्वारा अत्यंत जटिल एवं आधुनिक हेमी रिप्लेसमेंट ऑफ शोल्डर (कंधा प्रत्यारोपण) शल्यक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

डॉ. ऐलानी के अनुसार आधुनिक हेमी रिप्लेसमेंट ऑफ शोल्डर एक अत्यंत जटिल ऑपरेशन है, जिसे बहुत कम चिकित्सा संस्थानों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाता है। ऑपरेशन की सफलता के बाद मरीज तेजी से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा है। इस सफल शल्यक्रिया को करने वाली टीम में डॉ. रोहित ऐलानी के साथ डॉ. मोहित अस्थाना, डॉ. अमन राय, एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. अवध बिहारी तिवारी एवं ओटी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

निदेशक (हॉस्पिटल प्रशासन) डॉ. हरिओम शरण ने बताया कि चिकित्सालय में जटिल फ्रैक्चर, हिप एवं कूल्हा प्रत्यारोपण जैसी शल्यक्रियाएं नियमित रूप से सफलतापूर्वक की जाती रही हैं लेकिन कंधा प्रत्यारोपण (शोल्डर रिप्लेसमेंट) पहली बार किया गया है। यह संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सफल कंधा प्रत्यारोपण के लिए एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह एवं कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने चिकित्सकों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सालय निरंतर आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं विशेषज्ञ सेवाओं के माध्यम से पूर्वांचल के मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार उपलब्ध करा रहा है।

## अरक्कोनम-चेंगलपट्टू दोहरीकरण परियोजना को मिली मंजूरी, हर्ष

**गोरखपुर।** रेलवे ने दक्षिणी रेलवे की 993 करोड़ रुपये की लागत वाली अरक्कोनम- चेंगलपट्टू दोहरीकरण परियोजना (68 किमी) को स्वीकृति दे दी है, जिससे देश भर में सुरक्षित, तेज और अधिक कुशल रेल परिवहन की दिशा में प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। यह खंड चेन्नई समुद्र तट, तांबरम, चेंगलपट्टू और अरक्कोनम को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण चेन्नई उपनगरीय सर्कुलर रेल नेटवर्क का हिस्सा है। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अरक्कोनम-चेंगलपट्टू दोहरीकरण परियोजना व्यस्त चेन्नई उपनगरीय रेल नेटवर्क पर भीड़भाड़ कम करने और समयबद्धता एवं परिचालन दक्षता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से कॉरिडोर पर यात्री और माल ढुलाई दोनों को मजबूती मिलेगी।

# डीएम व एसएसपी ने व्यापारियों संग की बैठक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** शहर के सर्राफा मंडल गोरखपुर (रजि.) के सभागार में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ सराफा ने व्यापारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। बैठक का उद्देश्य बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने चोरी, लूट, ठगी जैसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बाजार क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी निगरानी सुदृढ़ करने और संवेदनशील इलाकों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग उठाई। इस पर डीएम दीपक मीणा ने आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी गंभीरता से इन मुद्दों पर कार्य करेगा और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।



एसएसपी डॉ. कोस्तुभ सराफा ने कहा कि पुलिस विभाग व्यापारियों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। उन्होंने बताया कि शहर में अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं और बाजारों में नियमित गश्त के साथ-साथ खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

बैठक में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री पुष्पदंत जैन की उपस्थिति विशेष रही। उन्होंने व्यापारियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल पर जोर देते हुए कहा कि संवाद और सहयोग से ही समस्याओं का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने आश्वासन दिया कि व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर सर्राफा मंडल के पदाधिकारी–अध्यक्ष गणेश वर्मा, उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, महामंत्री दिनेश सर्राफ, कोषाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, मंत्री कृष्णकांत वर्मा तथा संरक्षक सुभाष चंद्रवाल व संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। बैठक का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ, जहां प्रशासन और व्यापारियों के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी।

# वकीलों ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**सहजनवां।** लखनऊ में 17 मई को लखनऊ न्यायालय में अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा किए गए विरोध के बाद पुलिस ने बर्बरता पूर्वक अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया था। जिसमें कई अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल घायल हो गए थे। जिसके विरोध में मंगलवार को तहसील बार एसोशिएसन अध्यक्ष केके त्रिपाठी और मंत्री राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने लाठीचार्ज का विरोध करते हुए तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नंदन तिवारी को सौंपा। अधिवक्ताओं ने मांग किया है कि घायल अधिवक्ताओं को 2 लाख तक आर्थिक मदद दिया जाय। दोषी पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज किया जाय।

प्रदर्शन करने वालो में सुरेश चंद गोंड, इंद्रेश कुमार, बलिराम, गणेश



कुमार,अभिषेक श्रीवास्त, सतीश कन्नौजिया, राम नारायण भारती, राम आशीष सिंह, रमेश कुमार, सुग्रीव यादव, अभिनाश प्रताप सिंह, रामजन्म सिंह, विजय प्रताप सिंह, शनि शुक्ल सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

## जनगणना 2027 को लेकर किया गया जागरूक

**सहजनवां।** जनगणना 2027 के सफल आयोजन एवं स्वजनगणना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को सहजनवां कस्बे स्थित मुरारी इंटर कॉलेज परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सहजनवां केसरी नंदन तिवारी एवं जनगणना चार्ज अधिकारी तहसीलदार राकेश कुमार कन्नौजिया ने छात्र-छात्राओं को जनगणना के महत्व की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक स्वजनगणना करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। इससे सरकार को जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार और अन्य आवश्यक सुविधाओं की सही जानकारी प्राप्त होती है, जिसके आधार पर योजनाएं बनाई जाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जनगणना के प्रति जागरूक करें।

**लॉकप से फरार हुए चोर का मामला**

# एसएसआई व आरक्षी पर क्यों नहीं हुई कारवाई ?

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**सहजनवां।** सहजनवा थाना क्षेत्र के डोहरिया कला में घर चोरी करते समय परिजनों ने चोर को पकड़ कर चोरी के जेवरात के साथ पुलिस को सौंप दिया। पुलिस चोर को पकड़ कर लॉकप में बंद कर दिया। घटना 17 मई रात्रि में 2 बजे हुई थी। सुबह तैनात थानेदार की वीआईपी ड्यूटी लगी थी। थाने की जिम्मेदार तैनात एसएसआई को सौंपी गई थी। जो घटना के दौरान थाने पर मौजूद थे। वहीं हेड मुहर्रिर की ड्यूटी 16 मई को सुबह 9 बजे से 17 मई सुबह 9 बजे तक थी। हेड मुहर्रिर के जाने के बाद ड्यूटी की जिम्मेदारी एक आरक्षी दो होमगार्ड के साथ एक पीआरडी जवान देख रहा था। 17 मई को सुबह 9.40 बजे चोर ने लघुशंका



करने की इच्छा जाहिर किया था। जिसे लापक से दो होमगार्ड निकाल कर लघुशंका कराने के लिए ले गए थे। उसी दौरान मौका पाकर चोर फरार हो गया था। आखिर ड्यूटी पर तैनात अन्य जिम्मेदारों पर कारवाई क्यों नहीं हुआ जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संदर्भ में एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र ने कहा कि जांच चल रही है। अन्य जो भी जिम्मेदार ड्यूटी पर तैनात थे। उन पर भी कारवाई जल्द होगी।

# भागवत कथा के श्रवण से होता है पापों का नाश : अभिषेक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बडहलगंज।** यह संसार दुःखों का सागर है।प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी व परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय हरिभजन में लगाना चाहिए। यह विचार बड़हलगंज विकास खण्ड की ग्राम पंचायत टांडा में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस वृंदावन से पधारे कथावाचक आचार्य अभिषेक जी महाराज ने व्यक्त किया।

कथा में उमड़े श्रद्धालुओं को कथा का रस पान कराते हुए आचार्य अभिषेक जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग व संताप सब कुछ स्वतः ही नष्ट हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा के वाचन अथवा श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।उन्होंने कहा कि व्यक्ति को मन, बुद्धि, चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है।



श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से महापापी धुंधकारी का भी उद्धार हो गया। कथा व्यास ने बताया कि धुंधकारी अति दुष्ट था। उसके पिता आत्मदेव भी उसके उत्पातों से दुखी होकर वन में चले गए थे। धुंधकारी वेश्याओं के साथ रहकर भोगों में डूब गया और एक दिन उन्हीं के द्वारा मार डाला गया। अपने कुकर्मों के फलस्वरूप वह प्रेत बन गया और भूख प्यास से व्याकुल रहने लगा। एक दिन व्याकुल धुंधकारी अपने भाई गोकर्ण के पास पहुंचा और संकेत रूप में अपनी व्यथा सुनाकर उससे सहायता की याचना की। गोकर्ण धुंधकारी के दुष्कर्मों को पहले से ही जानते थे, इसलिए धुंधकारी की मुक्ति के लिए गया श्राद्ध पहले ही कर चुके थे। लेकिन इस समय प्रेत रूप में धुंधकारी को पाकर गया श्राद्ध की निष्फलता देख उन्होंने पुनः विचार विमर्श किया। अंत में स्वयं सूर्य नारायण ने गोकर्ण को निर्देश किया कि श्रीमद्भागवत का पारायण कीजिए। उसका श्रवण मनन करने से ही मुक्ति होगी। श्रीमद् भागवत का पारायण हुआ।

## पेट्रोल भरवाने को लेकर मारपीट, दो का चालान

**बड़हलगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पटना घाट पुलिस चौकी के बगल में स्थित पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल भराने के विवाद में ग्राम पंचायत पटना के प्रधान प्रतिनिधि संजय गुप्ता के साथ मनबढ़ों ने मार पीट कर लिया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दिया। पुलिस दो को पकड़ लाई किन्तु मुकदमा दर्ज नहीं किया बल्कि उनका शान्ति भंग में चालान कर मामले का पटाक्षेप कर दिया। पीड़ित प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता संजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व. गौरी शंकर गुप्ता निवासी पटना घाट ने बड़हलगंज पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि वह 18 मई की शाम लगभग 5.25 बजे अपने गाड़ी में तेल लेने पेट्रोल पम्प पटनाघाट पर गए थे तभी मेरी गाड़ी के पीछे बोलोरो गाड़ी संख्या यूपी 57ए के 0600 में सवार लगभग आधा दर्जन की संख्या में लोग आए और मेरी गाड़ी के सामने खड़ा होकर मुझे भद्दी भद्दी गाली देते हुए मेरा कालर पकड़ मारने पीटने लगे व जान से मारने की धमकी देने लगे।

# भूमि विवाद में मारपीट सात पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बड़हलगंज।** थाना क्षेत्र के पोहिला गांव में जमीन पर बाड़ लगाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष पर लाठी-डंडे, रॉड और चाकू से हमला करने का आरोप लगा है। घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे गोरखपुर रेफर किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पोहिला गांव निवासी जयनाथ साहनी पुत्र लक्ष्मण साहनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार 18 मई की सुबह करीब सात बजे वह अपने भाई जयप्रकाश साहनी और भतीजे सोनू के साथ घर के पास स्थित अपनी जमीन पर जानवरों से सुरक्षा के लिए बाड़ लगा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही रामपति साहनी पुत्र स्वर्गीय प्यारेलाल साहनी, उनके पुत्र साधे साहनी, गोपाल साहनी उर्फ पाली, महाबीर साहनी उर्फ बल्ला, राजवीर साहनी उर्फ नागा तथा मुनक्का देवी रॉड, चाकू और लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने एकजुट होकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे जयनाथ, जयप्रकाश और सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोपियों ने जाते समय गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जयप्रकाश साहनी की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया।

# २ करोड़ की लागत से होगा सम्मय माता स्थान मंदिर का सुन्दरीकरण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बड़हलगंज।** चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोला तहसील के सुप्रसिद्ध मंदिर समयस्थान के सुन्दरीकरण और श्रद्धालुओं के सुविधाओं के निर्माण के लिये 2 करोड़ रुपये अवमुक्त किया है।

मंगलवार को विधायक ने उपजिलाधिकारी गोला अमित जायसवाल, कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता संदीप गुप्ता व बड़हलगंज के इंस्पेक्टर क्राइम विजय कुमार यादव के साथ मंदिर में होने वाले विकास कार्य स्थल का निरीक्षण किया, पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर के सुन्दरीकरण श्रद्धालुओं के लिये यात्री निवास , मंदिर के गेट का निर्माण, मंदिर के सामने पेवर ब्लाक, स्तम्भ, यात्रियों के लिये गजीबों, दीपक स्तम्भ, माता जी की वाल पेन्टिग, श्रद्धालुओं के लिये पेय जल की व्यवस्था, इण्टरलांकिग होना है। सभी होने वाले कार्यों का स्थलीय निरीक्षण के दौरान विधायक राजेश त्रिपाठी ने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ व तय सीमा मे निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया और तहसील प्रशासन को आदेश दिया कि मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाया जाय और मंदिर परिसर में मांस के बिक्री व कटान पर रोक लगाने को कहा। साथ ही अब्यवस्थित दुकानदारों को व्यवस्थित रुप से व्यवस्था करने व गाड़ियों के पार्किग की व्यवस्था किया जाय।

इस अवसर पर मुख्य रुप से विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी ,भाजपा नेता अनिल भट्ट, आनंद चंद, अजय मिश्रा



प्रधान प्रतिनिधि, पूर्व प्रधान रणजीत सिंह सैंथवार, प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश उर्फ नन्हे दूबे, अष्ठभुजा सिंह, प्रशांत शाही, सतीश शर्मा, बजरंगी शर्मा मौजूद रहे।

# अपर आयुक्त जय प्रकाश ने ग्रहण किया कार्यभार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**गोरखपुर।** 2012 बैच के पीसीएस अधिकारी जय प्रकाश ने मंडलायुक्त कार्यालय गोरखपुर पहुंचकर अपर आयुक्त के पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार संभालते ही प्रशासनिक महकमे में नई ऊर्जा और सक्रियता की उम्मीद जताई जा रही है। जय प्रकाश इससे पहले संतकबीर नगर, इटावा, लखनऊ और देवरिया जैसे महत्वपूर्ण जनपदों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वित्तीय प्रबंधन, राजस्व कार्यों और जनहित से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्यशैली का परिचय दिया है।



गोरखपुर मंडल में अपर आयुक्त के रूप में उनकी तैनाती को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव का लाभ मंडल के विकास कार्यों, राजस्व प्रबंधन और शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मिलेगा।

पदभार ग्रहण करने के बाद जय प्रकाश ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिल सकें।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट व विभिन्न पटलों के कार्यों का लिया जायजा



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर का औचक मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों के संचालित कार्यों, अभिलेखों के रखरखाव, पत्रावलियों के निस्तारण तथा कार्यालय व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय अभिलेखों का सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखरखाव सुनिश्चित किया जाए तथा सभी पत्रावलियों एवं प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों पर रखे अभिलेखों, पंजिकाओं एवं प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों में स्वच्छता, कार्य संस्कृति को और बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागीय कार्य पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ संपादित किए जाएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं प्रशिक्षु आईएएस शिवांश सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने ग्राम पंचायत झहौना में लगाया चौपाल

**बलरामपुर।** विकास खंड बलरामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झहौना में जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामवासियों से सीधे संवाद स्थापित किया गया। ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्राम की समस्याओं का त्वरित समाधान, ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करना तथा विकास कार्यों की स्थिति का फीडबैक प्राप्त करना रहा। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से आच्छादित किया जाए तथा कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने सभी बच्चों के विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित किए



जाने, गर्भवती महिलाओं एवं बालिकाओं को नियमित रूप से पोषाहार वितरण एवं टीकाकरण, पशुओं के टीकाकरण तथा स्वयं सहायता समूहों को और अधिक सशक्त बनाए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम के संपर्क मार्ग, खडंजा एवं चकरोट निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए मौके पर भौतिक निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से भूमि विवाद से जुडे मामलों की जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि आपसी सहमति एवं संवाद के माध्यम से विवादों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि दोनों पक्षों के बीच समन्वय स्थापित कर भूमि ग्राम भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत झहौना सचिवालय में संचालित लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया गया।

लाइब्रेरी के बेहतर संचालन एवं व्यवस्थाओं को देखकर जिलाधिकारी ने पंचायत सहायक निहारिका की सराहना की। उन्होंने ग्राम के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से लाइब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा निशुल्क अध्ययन सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की लाइब्रेरी विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

ग्राम चौपाल के दौरान जिला विकास अधिकारी कमलेश सोनी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, उपलिकाधिकारी हेमंत गुप्ता , खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक व संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### दुष्कर्म आरोपी के अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।**नगर पंचायत पट्टी व कोतवाली अंतर्गत किशोरी से दुष्कर्म व उसको बेच देने के आरोपी गुलज़ार अहमद के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण पर नगर पंचायत कर्मियों व पुलिस के द्वारा अतिक्रमण को हटवाया गया।पुलिस ने दुकानों को सील कर दिया है।

### अराजकतत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को किया खंडित

**स्वतंत्र भारत संवाद बीरापुर प्रतापगढ़।** फतनपुर थाना के कैली डीह गांव मे सोमवार की रात अराजकतत्वों ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की मूर्ति को खंडित कर इधर उधर फेंक दिया।सुबह ग्रामीणों को जानकारी होने पर आक्रोश फैल गया।सूचना पर भीम आर्मी व बसपा के कार्यकर्ता पहुंच गए और विरोध करने लगे।सूचना पर एसओ मनीष त्रिपाठी बल के साथ पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर नई मूर्ति स्थापित करवाया।एसओ ने आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### दारोगा पर दुकान में घुसकर युवक को पीटने का आरोप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**अंतू थाना अंतर्गत चौकी आरटीओ के अम्माऊ ककरहा बाजार मे दरोगा जी की दबंगई का वाक्या सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया।आरोप है कि चौकी इंचार्ज विजय त्रिवेदी मय हमराह के पीड़ित अलीम खान पुत्र स्व मो लतीफ के टाइल्स की दुकान मे 14 मई 26 को घुस गए और वहां मौजूद कर्मियों को भद्दी गालियां देते हुए पुलिसिया रौब झाड़ा।रौब झाड़ने मे दरोगा जी ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।दारोगा जी भूल गए कि कैमरे लगे है।अलीम खान का आरोप है कि दरोगा जी नफा नाजायज के चक्कर मे रौब झाड़ रहे थे।कर्मी का मोबाइल ले लिया।आरोप है कि चौकी पर ले जाकर कर्मी की हजामत भी की है।आरोप तो यहां तक है कि दरोगा जी ने फर्जी मुकदमे मे फंसाकर जिंदगी बर्बाद कर देने तक की धमकी दे डाली। अलीम खान ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

### नित्य क्रिया को गई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, रात भर बनाए रखा बंधक

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।**महेशगंज थाना के एक गांव की महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि सोमवार की शाम मेरी 14 वर्ष की बेटी गांव के बगल नित्य क्रिया के लिए गई,तभी वहां गांव का एक युवक अपने अज्ञात साथी के साथ पहुंचा और मेरी बेटी को थोड़ी दूर पर अर्धनिर्मित मकान मे जबरन उठा ले गया और दोनों ने उसके साथ दुराचार किया।कुकर्मियों ने रात भर असलहा के दम पर पुत्री को वहीं रोककर रखा।सुबह जब बेटी घर पहुंची तो उसने अपनी मां समेत परिजनों से पूरी दास्तान बताई। मंगलवार की सुबह पीड़िता अपने मां के साथ थाने पहुंची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।एएसपी (पश्चिमी) बृजनंदन राय के द्वारा बताया गया कि शिकायत मिली है,जांच कराई जा रही है,जल्द ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी का मोबाइल व तीन जिन्दा बम के साथ एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली अंतर्गत चौकी मनगढ़ के लरू गांव मे स्थित ग्रामीणांचल इंडेन गैस एजेंसी परिसर से 17 मई को डिलीवरी मैन का मोबाइल फोन डिलीवरी वाहन से चोरी हो गया।चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई।वादी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के अनुसार आरोपी राजकुमार उर्फ राजू नाई 30 पुत्र रामलाल निवासी उगापुर को पीरा नगर पुलिया के पास से तीन जिन्दा बम व चोरी का मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त मे सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।

### अपहरण दुराचार मामले का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**अंतू थाना एसएचओ अभिषेक सिंह सिरोही मय हमराह एसआई सचिन यादव आदि लोहांगपुर जंगल के पास चेकिंग दौरान अपहरण दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट मे फरार चल रहे आरोपी सोहेल 22 पुत्र निजाम निवासी खामपुर थाना दिलीपपुर को रोकने के प्रयास दौरान आरोपी ने फायर झोंक दिया।पुलिस की जवाबी कार्रवाई मे सोहेल के पैर में गोली लग गई,जिसे ईलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया।आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 4 खोखा एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

### पुरानी रंजिश में धारदार हथियार से हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**उदयपुर थाना के बेवली गांव मे 16 मई को पुरानी रंजिश मे विपक्षियों ने वादिनी के पति के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया,जिससे पति गंभीर घायल हो गया।वादिनी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मामला दर्ज कर लिया।पुलिस विवेचना मे धारा 110 बीएनएस का लोप करते हुए हत्या के प्रयास की धारा 109(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए नामजद तीन आरोपी रवि कुमार, सतीश पुत्रगण रामबहादुर व परमानंद पुत्र स्व बेनी माधव निवासीगण बेवली को रानीगंज कैथोला पुलिया के आगे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अधिवक्ताओं पर हुये लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन

**उतरौला/बलरामपुर।** राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को तहसील परिसर में वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ता ओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, और घटना को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने बताया कि लखनऊ में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रख रहे वकीलों पर पुलिस बल प्रयोगकिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण रवैया है। और न्याय व्यवस्था का अपमान है। वकीलों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रहलाद यादव और महामंत्री रवि शंकर मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार वीरेन्द्र प्रताप के माध्यम से मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई हैं। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के जरिए मांग की है कि भविष्य में वकीलों के साथ ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। प्रदर्शन के दौरान तहसील के तमाम अधि वक्ता मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने पटल प्रभारी के मनमानी रवैए के खिलाफ तहसील का किया घेराव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षामित्रों व अनुदेशकों की ड्यूटी सुपरवाइजर और प्रगणक के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा उनके कार्यालय व निवास स्थान के नजदीक लगाई गई,परन्तु सबको मकान सूची आवंटित हो गई,लेकिन सोमवार शाम को पटल प्रभारी द्वारा बड़ी संख्या मे अवैध तरीके से शिक्षकों के ड्यूटी स्थल मे



परिवर्तन कर दिया,जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त हो गया और विद्यालय समय के पश्चात सभी शिक्षक तहसील परिसर पहुंचे।पटल प्रभारी द्वारा अभद्रता किए जाने पर शिक्षक आक्रोशित हो गए और पटल प्रभारी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।बाद मे एसडीएम प्रतिनिधि के रूप मे नायब तहसीलदार ने शिक्षक प्रतिनिधियों से वार्ता की और समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।प्रदर्शन मे प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ पन्ना लाल यादव राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह यूटा अध्यक्ष संजय सिंह शिक्षामित्र संघ अध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष अमित सिंह पुष्पा खरे,विजय लक्ष्मी सुषमा देवी,स्वाती गिरि,मिथिलेश यादव सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें, सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रतिदिन की तरह मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें

# एक करोड़ की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** देल्हूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राधे श्याम यादव मय हमराह व एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर बाराबंकी की ओर से एक व्यक्ति बस से मादक द्रव्य व्यसन पदार्थ हेरोइन स्मैक लेकर आ रहा है।

मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने फौरन बकुलाही नदी पुलिया के पास बैरियर लगाकर बसों की सघन चेकिंग दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति रिजवानूल उर्फ नज्जन पुत्र अजीजु रहमान निवासी कुसुंबी पैगंबरपुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी से तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 503.6 ग्राम हेरोइन स्मैक बरामद की गई,जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार मे एक करोड़ से अधिक आंकी गई।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# कोतवाली पुलिस पर अभद्रता व मारपीट का आरोप

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**कुंडा कोतवाली के बहरिया मजरे चौंसा गांव निवासी गुड्डू पाल ने क्षेत्राधिकारी अमरनाथ गुप्ता को शिकायती पत्र देकर पुश्तैनी जमीन पर कब्जे के विवाद में कोतवाली पुलिस पर अभद्रता और मारपीट का गंभीर आरोप लगते हुए न्याय दिलाने की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि वह रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहता है।कुछ दिन पहले वह अपनी पत्नी का इलाज कराने मुंबई गया।इसी दौरान उसके पड़ोसी व पट्टीदारों ने पुश्तैनी बंटवारे में मिली जमीन पर बनी बीम तोड़ दिया। यही नहीं पुराने पिलर को मिट्टी से दबाकर कब्जा कर लिया।मुंबई से वापस आने पर जब विरोध किया तो गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़ित ने बताया कि मामले की शिकायत उसने कोतवाली पुलिस से की थी।आरोप है कि शिकायत के बाद हल्का दरोगा राजेश कुमार ने उसे फोन कर सुवंश चौराहा पुलिस चौकी बुलाया,वहां पहुंचने पर दरोगा ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की।पीड़ित का कहना है कि पुलिस से न्याय मिलने के बजाय उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया,जिससे वह और उसका परिवार भयभीत है।

शिकायती पत्र में पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी उसकी जमीन पर खूंटा गाड़ कर जानवर बांध रहे है।रास्ते मे पिकअप वाहन खड़ा कर आवागमन बाधित कर रहे हैं।गांव के लोगों और प्रधान के समझाने के बावजूद विपक्षी कब्जा हटाने को तैयार नहीं है।पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी दरोगा और विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है,साथ ही परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की भी गुहार लगाई है।

# नवनिर्मित पुलिस चौकी का हुआ उदघाटन

**उतरौला बलरामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय व क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने रविवार को थाना कोतवाली उतरौला अन्तर्गत ग्राम बक्सरिया में नवनिर्मित पुलिस चौकी पर पहुंचते ही महिला उपनिरीक्षक शालिनी सिंह ने अपने महिला कांस्टेबल के साथ आरती व फूलो की वर्षा की।

इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और पूजाअर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह,थाना कोतवाली उतरौला के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के और जिले से आये कई प्रभारी निरीक्षक और कई थानों के एसओ व पुलिस बल के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ने चौकी परिसर का निरीक्षण कर और सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद वृक्षारोपण



भी किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बक्सरिया पुलिस चौकी के स्थापित होने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और भी मजबूत होगी, तथा अपराध नियंत्रण में तेजी भी आएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस की प्राथमिकता आमजन को त्वरित न्याय और सुरक्षा देना है। यह चौकी भी उस दिशा में अहम कदम साबित होगी। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि नई चौकी के माध्यम से क्षेत्र में सतत गश्त, त्वरित कार्यवाही और जन सुनवाई को लेकर प्रभावी कदम को आगे बढाया जाएगा। इससे आमजन को बेहतर सुरक्षा और सुविधा मिल सकेगी। उद्घाटन के मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी, देवानन्द गुप्ता, फरिन्द्र गुप्ता,करीम अहमद, ग्राम प्रधान मुबारक अली, ग्राम प्रधान अकबर अली,समीर रिजवी, डाक्टर एसडी भारती, पूर्व प्रधान आफाक अहमद खां, ग्रामप्रधान अमरेश चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि सरताज खां के अलावा तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ में वकीलों पर लाठीचार्ज और चैंबर ढहाने के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ?बहराइच।** लखनऊ सेंट्रल बार के अधिवक्ताओं के चैंबरों को प्रशासन द्वारा बुलडोजर से तोड़े जाने और विरोध कर रहे वकीलों पर किए गए बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में जिला बार एसोसिएशन बहराइच के अधिवक्ताओं का आक्रोश चरम पर है।

जिला बार एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने प्रशासन की इस दमनकारी कार्रवाई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिलाधिकारी (ष्ठरू) महोदय को एक ज्ञापन सौंपा। ?दूसरे दिन भी विधि व्यवसाय से विरत रहे अधिवक्ता

?राजधानी लखनऊ में छुट्टी के दिन वकीलों के चैंबरों पर बुलडोजर चलाने और वहां मौजूद अधिवक्ताओं पर की




गई पुलिसिया बर्बरता से पूरे प्रदेश के विधिक समाज में भारी रोष है। इसी क्रम में बहराइच के जनपद अधिवक्ता भी पूरी तरह आंदोलित हैं। विरोध स्वरूप आज लगातार दूसरे दिन भी जनपद के अधिवक्ताओं ने खुद को न्यायिक व विधि व्यवसाय के कार्यों से पूरी तरह विरत रखा, जिससे न्यायालयों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा और दूर-दराज से आए वादकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सम्मान की लड़ाई के लिए बुलाई गई थी आपात बैठक ?इससे पूर्व, अधिवक्ताओं के सम्मान की रक्षा और लखनऊ के पीड़ित अधिवक्ता साथियों के समर्थन में रणनीति तैयार करने के लिए बार एसोसिएशन द्वारा एक आपात बैठक बुलाई गई थी।

इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन के इस दमनकारी रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती और वकीलों के सम्मान की बहाली नहीं होती, तब तक उनका यह शांतिपूर्ण विरोध और प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान जिले के तमाम वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

# डॉक्टर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**उतरौला/बलरामपुर।** उतरौला डॉक्टर्स एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के लगभग सभी आयुष चिकित्सक सम्मिलित हुए। इस दौरान उतरौला डॉक्टर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन हुआ।

सर्वसम्मति से डॉक्टर जफर खान को अध्यक्ष के साथ कोषाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी सौंपी गई। डॉक्टर मुजीब को महामंत्री, डॉक्टर एचएल मिश्रा को उपाध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एफजेड हाशमी, डॉक्टर इफ्तेखार अहमद, डॉक्टर मोहम्मद गुलफाम एवं डॉक्टर मोहम्मद उस्मान खान को संगठन के संरक्षक, सरपरस्ती दी गई, और सलाहकार के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाहन भी करेंगे। नव मनोनीत अध्यक्ष डॉक्टर जफर खान ने उतरौला के डॉक्टर्स एसोसिएशन बनाने का उद्देश्य और अपने कार्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश भी डाला। साथ ही साथ डाक्टर्स की एक जुटता बनाए रखने के फायदे बताते हुए एक जुट रहने का अपील भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य उतरौला व आस पास क्षेत्र के आयुष चिकित्सकों के मध्य व्यावहारिक सहयोग, सामूहिक कार्यक्रम, चिकित्सा जागरूकता और कम्युनिटी सेवा को बढावा देना है। बैठक में डॉक्टर हैदर अली, डॉक्टर असीर अहमद,डॉक्टर मुकीमु द्दीन, डॉक्टर अनवार अहमद,डॉक्टर निसार अहमद डॉक्टर रजानल हशमती,डॉक्टर अब्दुर्रहमान,डॉक्टर मोहम्मद सुहैल खान,डॉक्टरसैफ डॉक्टर मोइनुद्दीन, डॉक्टर अनवर पाशा, डॉक्टर अमानतुल्लाह, डॉक्टर याकूब, डॉक्टर फिरोज,डॉक्टर मोहसि न,डॉक्टर मनोज,डॉक्टर सीता राम वर्मा, डॉक्टर मोहम्मद वहीद, डॉक्टर वसीम,के अलावा तमाम आयुष चिकित्सक मौजूद रहे।




# राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सिराथू की प्रवक्ता शाइस्ता नूर के खिलाफ लाम बन्द हुए छात्र

## प्रवक्ता द्वारा मुस्लिम साथियों को बुलाकर छात्राओं का करवाती है माइण्डवास

**छात्राओं के साथ मिलकर विद्यार्थी परिषद में जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया ज्ञापन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 19 मई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी जिला द्वारा विभाग छात्रा प्रमुख अंतरा केसरवानी के नेतृत्व में विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमण्डल ने प्रदर्शन कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सिराथू की छात्राओं ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से लिखित शिकायत करते हुए अपने हस्ताक्षर किया जिसमें छात्राओं ने बताया कि राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सिराथू में प्रभारी प्रधानाचार्य पुष्पा कटारिया के संरक्षण में वहां की प्रवक्ता शाइस्ता नूर द्वारा अपने करीबी युवक इरफान अहमद पुत्र कुतुब अली को बार-बार किसी न किसी बहाने से कॉलेज के अन्दर बुलाती है जिसमें इरफान अहमद खुद आता है और अपने कुछ अज्ञात मुस्लिम साथियों को गेट के बाहर खड़ा कर कर छात्राओं के प्रति अभद्र टिप्पणी करवाता है और साथ में छात्राओं का डाटा जैसे मोबाइल नंबर उनका गांव इत्यादि वहां की प्रधानाचार्य व प्रवक्ता की मिली भगत से अपने दोस्तों को देता है और छुट्टी के समय उनके मुस्लिम दोस्त छात्राओं को जबरदस्ती गाड़ी में बैठने का प्रयास करते हैं, उनका नम्बर मांगते है,



उनको इस्लाम धर्म सबसे अच्छा है ऐसा कहते हैं न बैठने पर छात्राओं को गाली गलौज करते हैं।और छात्राओं ने यह भी बताया कि प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ता दोनों प्रार्थना और छुट्टी के समय छात्राओं से प्रार्थना की जगह इबादत एवं नमाज करवाने का प्रयास करते हैं उन्होंने बताया की शाइस्ता नूर का साथी मोहम्मद इरफान छात्राओं के ऊपर छीटा कशी करता है और उनके साथ गाली गलौज करता है जिससे छात्राओं के अन्दर भय का माहौल है वह कॉलेज जाना बन्द कर दी है विभाग छात्रा प्रमुख अंतरा केसरवानी ने बताया की शाइस्ता नूर पूरी तरह से कॉलेज में इस्लामी करण कर रही हैं और छात्राओं का मत्तान्तरण करने का भी प्रयास उनके द्वारा किया जा रहा है छात्राओं ने अभिभावकों से भी अपने बताया और ज्ञापन में अभिभावकों ने भी अपने हस्ताक्षर किये हैं प्रांत सह मंत्री शिव बाबू चौधरी ने कहा कि यह लव जिहाद फैलाने की एक उन लोगों की योजना है आगे ऐसा प्रयास न हो इसलिए प्रवक्ता शाइस्ता नूर के ऊपर 48 घंटे के भीतर कार्रवाई करके उनको हटाया जाये और छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को न्याय दिलाया जाये एवं भय मुक्त वातावरण बनाया जाये उन्होंने यह भी कहा कि लड़की चाहे मुस्लिम की हो या हिन्दू की हो या किसी धर्म की हो प्रत्येक छात्र की इज्जत है और किसी भी छात्र के इज्जत के साथ खेलने वाले को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा चाहे वह किसी जाति धर्म का हो उन्होंने यह भी कहा कि अगर कार्यवाही नहीं होती है तो विद्यार्थी परिषद एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी इस दौरान विभाग छात्रा प्रमुख अंतरा केसरवानी, जिला संगठन मंत्री अश्वनी कुमार सिंह, मंझनपुर तहसील संयोजक वंश केशरवानी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य गौरव मिश्रा, सिराथू तहसील संयोजक आनंद सिंह पटेल, पूर्व तहसील संयोजक अनूप पटेल, पूर्व तहसील सह संयोजक अभिराज सिंह, चायल तहसील संयोजक प्रशांत मणि पाण्डेय, तहसील सहयोजक विपिन यादव, नगर मंत्री शौर्य पाण्डेय सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ताओं में हुआ उत्साह का संचार 2027 में विपक्ष को पटखनी देने को तैयार

**प्रशिक्षण वर्ग प्रबंधन को लेकर महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता की हो रही प्रशंसा**

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग के समापन के बाद कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है। प्रशिक्षण वर्ग में बूथ प्रबंधन, चुनाव प्रबंधन, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, कार्यकर्ता विकास, मीडिया प्रबंधन, सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं एवं क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका जैसे 11 विषयों पर आयोजित किए गए सत्रों में विभिन्न वक्ताओं द्वारा गहराई से संबंधित विषयों पर कार्यकताओं के साथ चर्चा की गई। 2027 को लेकर रणनीति पर चिंतन मंथन हुआ। विपक्ष को पटखनी देने को कार्यकताओं से पार्टी के दिग्गज नेताओं ने अपने अनुभव बांटे। सत्रों के दौरान महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता भी स्वयं एक आम कार्यकर्ता की तरह बैठक वक्ताओं की बातों को ध्यान से सुनते नजर आए। प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के प्रबंधन को लेकर प्रदेश व क्षेत्र से आए अतिथियों वक्ताओं ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। महानगर अध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया कि बिना उनके सहयोग के ये सफल आयोजन संभव नहीं था। प्रशिक्षण वर्ग में विपक्ष के दुष्प्रचार से सोशल मीडिया में कैसे उसका तथ्यात्मक जवाब कार्यकर्ताओं द्वारा दिया जाए इसकी रणनीति भी बनाई गई। प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव मोहित गुप्ता, प्रवीण भारती, राजू राय, अनिल केसरवानी, प्रमोद मोदी,चंद्रा अहलूवालिया, रोहित विश्वकर्मा, अभिषेक सिंह, मंजेश श्रीवास्तव, हेमंत बनर्जी दादा, आनन्द दुबे, रवींद्र गांधी, विश्वास श्रीवास्तव, विवेक मिश्र, शुभम सिंह, सुजीत कुशवाहा आदि कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन हेतु महानगर अध्यक्ष को बधाई दी।

## शीतलपुर टिकरी गांव मे ट्रांसफार्मर पोल सहित जमीन पर गिरा, विद्युत आपूर्ति बाधित

**थरवई प्रयागराज।** थरवई क्षेत्र के शीतलपुर टिकरी गांव के पासी बस्ती में बुधवार को आये तूफान से विद्युत ट्रांसफार्मर पोल सहित जमीन पर गिर जाने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों बेहाल है। सप्ताह भर से बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को पेयजल, मोबाइल चार्जिंग समेत अन्य आवश्यक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियो व विभाग के कर्मचारियो ने इस मामले को संज्ञान नही लिया जिससे लोगो का भीषण गर्मी से उनका हाल बेहाल है बिजली आपूर्ति बाधित होने से पेयजल पर



गहरा संकट छा गया है ग्राम प्रधान पति संजय यादव उर्फ बब्बू बच्चे लाल पटेल दीप चंद्र पटेल बच्चू पटेल मल्हू पासी दिनेश पासी शंकर लाल पटेल, बचई पासी सहित दर्जनो उपभोक्ताओ ने विद्युत विभाग के अधिकारियो और कर्मचारियो का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र बिजली की आपूर्ति बहाल करने की मांग की।

## बड़े मंगल पर अग्रवाल युवा मंडल ने किया सेवा भाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत, राहगीरों को वितरित किया बूंदी प्रसाद एवं शरबत

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर सेवा एवं जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल युवा मंडल द्वारा आज जीरो रोड, प्रयागराज में राहगीरों के लिए बूंदी प्रसाद एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य ने राहगीरों को राहत प्रदान करने के साथ समाज के प्रति समर्पण और सेवा की भावना का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में अग्रवाल युवा मंडल प्रयागराज के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, सहमंत्री अंकित अग्रवाल, संगठन मंत्री राहुल अग्रवाल तथा श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज प्रयागराज के महामंत्री अभिषेक मित्तल, उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल, प्रमय मित्तल, अनूप अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एवं कार्यालय प्रभारी अंकित अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं अग्रवाल महिला मंडल से अध्यक्ष मोना अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल एवं अनीता अग्रवाल तथा अग्रवाल युवा महिला मंडल से उपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल, महामंत्री डॉ. कीर्ति अग्रवाल एवं सहमंत्री श्रुति अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और सेवा कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ अपनी सहभागिता निभाई, जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि बड़े मंगल का पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज सेवा और मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज सदैव सामाजिक दायित्वों के निर्वहन हेतु तत्पर रहा है और भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित एवं सेवा कार्यों का आयोजन निरंतर जारी रहेगा।

# सड़क किनारे मिले अज्ञात महिला के शव का खुलासा

**दोस्त समेत तीन लोगों ने की थी हत्या, कार और मोबाइल बरामद**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद के थाना पश्चिम शरीरा क्षेत्र में सड़क किनारे मिले अज्ञात महिला के शव मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने चित्रकूट घुमाने के बहाने महिला को कार में बैठाया था और विवाद होने पर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। बाद में शव को सुनसान स्थान पर फेंककर फरार हो गये थे।पुलिस के मुताबिक, 15 मई 2026 को सूचना मिली थी कि ग्राम गढ़ी बाजार के आगे पश्चिम शरीरा-बैरमपुर रोड किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने के बाद शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया। इस मामले में थाना पश्चिम शरीरा में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण स्वयं मौके पर पहुंचे और मामले के खुलासे के लिये क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया। पुलिस टीमों ने आसपास के लोगों से पूछताछ, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के जरिए जांच शुरू की।मंगलवार 19 मई को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना



मिली। इसके बाद जजौली महावां नहर पटरी रोड स्थित कुर्मियन का डेरा के पास संदिग्ध वाहन को रोककर जांच की गई। कार में सवार अनूपा उर्फ अमृता पत्नी दिनेश राय निवासी आजमगढ़, अभिनन्दन उर्फ विभांशु तथा अवनीश राय को हिरासत में लिया गया।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने महिला की हत्या कर शव फेंकने की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर मृतका का लाल रंग का पर्स, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त इको स्पोर्ट कार बरामद की गई।पूछताछ में मुख्य आरोपी अनूपा उर्फ अमृता ने बताया कि उसकी पहचान मृतका मगलावती पत्नी इन्दर लोधी निवासी भगतन का पुरवा, मंझनपुर से पिछले दो वर्षों से थी। 14 और 15 मई की रात मगलावती ने उसे फोन कर चित्रकूट घूमने चलने के लिए बुलाया था। इसके बाद वह अपने बहन के दोनों बेटों के साथ कार लेकर पहुंची और मृतका को बैठाकर निकल गई।रास्ते में पेट्रोल डलवाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। पुलिस के अनुसार, इसी दौरान कहासुनी बढ़ने पर मृतका ने कार में मौजूद लोगों को पैर मार दिया। इससे नाराज होकर तीनों आरोपियों ने मिलकर पहले गला दबाया और फिर दुपट्टे से कसकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बैरमपुर के पास सड़क किनारे फेंककर सभी प्रयागराज लौट गये थे।पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय भेज दिया है।

## अशोक कुमार मिश्रा ने महामंत्री पद हेतु किया नामांकन, समर्थकों में दिखा उत्साह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कौशाम्बी के आगामी चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में महामंत्री पद के प्रत्याशी अशोक मिश्रा उर्फ भोला पुत्र नर नारायण मिश्रा एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके समर्थकों एवं अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कलेक्ट्रेट परिसर एवं बार परिसर में समर्थकों की मौजूदगी से चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म दिखाई दिया।नामांकन दाखिल करने जाते समय समर्थकों ने अशोक कुमार मिश्रा भोला के समर्थन में नारे लगाये तथा जीत का विश्वास जताया। इस अवसर पर उनके साथ प्रमुख रूप से शिवेन्द्र धर द्विवेदी, ललित कुमार करवरिया, सुमित कुमार तिवारी, जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रदीप सरोज, अहमद अंसार, आशुतोष, राम बाबू, ओम देव त्रिपाठी, सतेन्द्र पाण्डेय, अंकित मौर्य, राम अभिलाष त्रिपाठी, शशि त्रिपाठी, सत्यनारायण यादव



हेमंत पांडे एक प्रकाश मिश्रा वीरेन्द्र तिवारी कौशलेश द्विवेदी सचिन शुक्ला शिवम ओझा एवं नन्दू वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

समर्थकों का कहना है कि अशोक कुमार मिश्रा के पिता नर नारायण मिश्रा लम्बे समय से अधिवक्ताओं की समस्याओं एवं बार हित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं, जिसके चलते अधिवक्ताओं का उन्हें व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है।

## महिला कल्याण समिति/प्रयागराज मण्डल द्वारा समर कैंप का आयोजन

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल की महिला कल्याण समिति द्वारा दिनांक 19 मई, 2026 को वाल वाटिका स्कूल में बच्चों के लिए विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की ग्रीष्मावकाश अवधि को रचनात्मक, शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक गतिविधियों से समृद्ध बनाना रहा। समर कैंप का शुभारम्भ महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा वंदना अग्रवाल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियाँ भी अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कैंप के दौरान बच्चों के लिए चित्रकला, नृत्य, संगीत, योग, खेलकूद, हस्तकला एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान बच्चों के लिए प्रेरणादायक एवं मनोरंजक सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे उनमें नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर महिला कल्याण समिति की उपाध्यक्षा श गुलशन वारिस, उपाध्यक्षा श्रीमती प्रज्ञा दीपक कुमार, सचिव निहारिका सिंह, कोषाध्यक्षा अनुश्री सहित समिति की अन्य सदस्यगण उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समर कैंप के आयोजन से रेलकर्मियों एवं उनके परिवारों में विशेष उत्साह देखा गया। महिला कल्याण समिति द्वारा भविष्य में भी बच्चों एवं परिवारों के कल्याण हेतु ऐसे सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई ।

## यूपी बोर्ड में स्क्रूटनी के लिए आये 25,620 आवेदन

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इण्टर की स्क्रूटनी के लिए 25,620 आवेदन आये हैं। यह जानकारी यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने सोमवार को देते हुए बताया कि हाईस्कूल में 4,450 और इण्टरमीडिएट में 21,170 आवेदन आये हैं। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ में 815, बरेली में 465, प्रयागराज में 1894, वाराणसी में 790 और गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय में 486 आवेदन आये हैं। इण्टर में मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय में 3778, बरेली में 1823, प्रयागराज में 8631, वाराणसी में 4238 और गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय में 2700 आवेदन आये हैं।

## वी ने लॉन्च किए प्रत्यास्थ इंटरनेशनल रोमिंग प्लान

**वाराणसी।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए नए प्रत्यास्थ इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स की घोषणा की है जिन्हें खासतौर पर अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को बेहतर मूल्य, सुविधा, एवं प्रत्यास्थता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। 7 दिन, 14 दिन और 21 दिन के ये नए पैक कंपनी की और से इंटरनेशनल रोमिंग पेशकश की मौजूदा रेंज को और मजबूत बनाते हैं। लॉन्च के अवसर पर अवनीश खोसला, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वी ने कहा इंटरनेशनल यात्रा के दौरान यात्रियों की विशेष जरूरतें' होती हैं। वी के प्रत्यास्थरोमिंग विकल्पों के साथ हमने ग्लोबल कनेक्टिविटी को आसान बनाकर उन्हें अपनी पसंद के प्लान चुनने की आजादी दी है, ताकि वे अपनी जरूरत और यात्रा की अवधि के अनुसार प्लान चुन सकें। चाहे छोटी यात्रा हो, परिवार के साथ विजिट, या विदेश में एक्सटेंडेड स्टे उपभोक्ता ज्यादा प्रत्यास्थता और मन की शांति के साथ कनेक्टेड बने रह सकते हैं।

## रेलवे ट्रैक के पास किशोर का शव मिला : परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, पुलिस जांच में जुटी

**मेजा प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के पांती गांव में मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक के समीप एक 14 वर्षीय किशोर का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शुरूआती जांच में किशोर की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है।



मृतक की पहचान पांती गांव निवासी समीर कुमार (14) पुत्र राजाराम के रूप में हुई है। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय, थाना प्रभारी मेजा दीनदयाल सिंह और चौकी प्रभारी मेजारोड पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया है कि समीर की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंका गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गहन छानबीन की जा रही है। समीर अपने माता-पिता की इकलौती संतान था और उसकी दो बहनें हैं। परिवार की आशंका के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# जिले के कद्दावर ब्राम्हण नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख मूरतगंज वीरेन्द्र शुक्ला (लाला भाई) अपने समर्थकों के साथ समर्थ किसान पार्टी में हुये शामिल

**जिले के कई और महत्वपूर्ण राजनीतिक चेहरे जल्द होंगे सकिपा में शामिल.... अजय सोनी**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के बढ़ते कारवां में जिले के कई महत्वपूर्ण राजनीतिक चेहरे पार्टी का गर्मजोशी के साथ दामन थाम रहे हैं। लोगों का लगातार पार्टी से जुड़ने का क्रम बना हुआ है। ताजा मामला मूरतगंज ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और जिले के कद्दावर ब्राम्हण चेहरा वीरेन्द्र शुक्ला लाला भाई का है जो मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ समर्थ किसान पार्टी में शामिल हो



गये।

बता दें कि मंगलवार को चायल तहसील के मूरतगंज ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरेन्द्र शुक्ला लाला भाई अपने समर्थकों के साथ चायल तहसील के मनौरी कस्बे स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे जहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोनी समेत कई पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर पार्टी की नीतियों, विचारधारा और जनहित के मुद्दों पर लगातार सक्रिय प्रयास करने से प्रेरित होकर वीरेन्द्र शुक्ला लाला भाई ने समर्थ किसान पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई। जिसपर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोनी ने उनकी प्राथमिक सदस्यता की रसीद काटकर, मालार्पण और लड्डू खिलाकर कर उन्हें पार्टी में शामिल किया। साथ ही पार्टी मे शामिल होने पर उनका स्वागत किया। इसी अवसर पर वीरेंद्र शुक्ला लाला भाई ने कहा कि मैं भी किसान का बेटा हूं और किसान परिवार से ताल्लुक रखता हूं। मुझे समर्थ किसान पार्टी की नीतियां पसंद है इसलिए मैं अपनी स्वेच्छा से आज से समर्थ किसान पार्टी में शामिल हो रहा हूं। मैं आगे पार्टी को विचारधारा के अनुसार जिले के किसानो के लिए आवाज उठाना पसंद करूंगा।

इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोनी ने बताया कि जिले के कई और महत्वपूर्ण राजनीतिक चेहरे जल्द ही समर्थ किसान पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होंगे। अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही पार्टी जिले भर में अपना विस्तार करेगी और लोगों को जोड़ने का अभियान चलायेगी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र केसरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोनी, युवा जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश यादव, राजवंत सिंह, राजेश यादव, रोहित सोनी जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

## रहें हीट वेव से सावधान : डॉ अशोक मिश्र

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** जीवन रेखा नर्सिंग होम के डायरेक्टर एवं वत्स फाउंडेशन के संचालक डॉ अशोक मिश्र ने बताया कि सावधानी ही सुरक्षा है आजकल सूर्य देव के प्रचंड तांडव से धरती के सभी जीव जंतु एवं प्राणी आसमान रूप से बड़े हुए तापमान से परेशान है

आसमान रूप से उच्च तापमान एवं गर्म हवाओं का एक दौर प्रायः गर्मियों में कई दिनों के लिए आता है जिसे हम हीट वेव कहते हैं जिसके कारण शरीर में गंभीर रूप से डिहाईड्रेशन यानी (निर्जलीकरण) हीट स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारी होने की संभावना रहती है इसमें आपको अत्यधिक सावधान रहना चाहिए हीट वेव के जो सामान्य लक्षण है उसमें आपको अत्यधिक



पसीना हो सकता है पसीना नहीं भी हो सकता है चक्कर आना सर दर्द उल्टी होना दस्त होना त्वचा में लाल लाल चकत्ते पड़ जाना एवं कभी-कभी तेज बुखार आ जाता है यदि इसमें से जो भी लक्षण आपको अपने पर मिलते हुए नजर आए तो कृपया सतर्क हो जाएं और इसे इस तरह से बचाव करें

पर्याप्त मात्रा में जल ग्रहण करें नींबू पानी पिए सत्तू का सेवन नारियल का पानी का सेवन मौसमी फल जैसे अंगूर संतरा तरबूज खरबूज ककड़ी खीरा का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें

प्राय आजकल के दिनों में 11:00 से 4:00 तक घर से बाहर न निकले कोई अति आवश्यक काम हो तो शरीर को कपड़े से ढक कर निकले हल्के कपड़े पहने हल्का भोजन करें मसालेदार चीजों का सेवन कम से कम करें ज्यादा से ज्यादा पानी पिए इसके बाद अगर कोई अत्यायिक स्थिति आती है तो तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल से संपर्क करें।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## पाक से संवाद!

किन्हीं दो पड़ोसी देशों के बीच सद्भावना, सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंध आज की सबसे बड़ी जरूरत हैं। टकराव की स्थिति न उत्पन्न होने देना ही सबसे बड़ी समझदारी है। टकराव, छल-कपट और षड्यंत्र जैसी बुराइयां आ जाने पर संबंध किसी भी बिंदु पर सामान्य नहीं रह पाते। बल्कि उनमें लगातार गिरावट आती रहती है। दुनिया के तमाम हिस्सों में यह बात प्रमुखता से समाचार माध्यमों की सुर्खियां बनती रहती है। भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव काफी पहले से इसी बिंदु पर पहुंच चुका है। इसका मुख्य कारण पाकिस्तान का हर मामले में सीधे-सीधे टकराहट पैदा करने का रवैया है जो गत छह-सात दशकों यानी देश के बंटवारे के बाद से वहां का हर शासक अपनाता रहा है। नवाज शरीफ जैसे किसी प्रधानमंत्री ने रिश्ते सामान्य स्तर पर लाने की कोशिश की भी तो वहां की सर्वशक्तिमान सेना ने ही उन्हें हर तरह से पस्त कर दिया। जब सीधे-सीधे टकराव में कुछ हासिल नहीं हुआ तो करीब चार दशक पहले पाक की जमीन से भारत में अलगाववाद और आतंकवाद फैलाने की साजिशें रची जाने लगीं। ऐसी साजिशों के कारण बड़ी संख्या में बेगुनाह लोगों की जानें भी जा चुकी हैं लेकिन इससे उसको कोई फर्क नहीं पड़ता है। भारत ने ऐसी हर कोशिश को विफल किया है, बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए हैं लेकिन यह सिलसिला बंद नहीं हुआ है। अभी भी विभिन्न आतंकी संगठनों और पाक की बदनाम खुफिया एजेंसी आईएसआई के गुर्गे पकड़े जा रहे हैं जिनसे नई-साजिशों के बारे मे पता चल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उच्च पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले ने पिछले दिनों कहा है कि पाक के साथ गतिरोध दूर करने के लिए दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क महत्वपूर्ण है और संवाद के लिए हमेशा गुंजाइश रहती है। उनकी यह बात बिल्कुल सही है। भारत का ध्येय वाक्य ही वसुधैव कुटुंबकम का है। लेकिन सवाल यह भी खड़ा होता है कि इसके लिए दूसरा पक्ष कितना राजी है। पिछले साल पहलगाम में हुई बर्बरता और उसके फौरन बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों को ध्वस्त करने के बाद भी पाकिस्तान के होश ठिकाने नहीं आए हैं बल्कि सेनाध्यक्ष असीम मुनीर और उनके रहमोकरम पर गद्दी बचाए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज भी अपने देश के भीतर और बाहर से भारत के खिलाफ बड़बोलेपन और जहर उगलने से बाज नहीं आ रहे हैं। कश्मीर को उसने आज भी मुद्दा बनाया हुआ है और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसे उठाने से बाज नहीं आता।

## चिन्तनीय विषय

बचपन की गतिविधियां जीवन के भविष्य की नींव होती हैं। इसीलिए कोशिश की जाती है कि आगे के समय को ध्यान में रखते हुए बच्चे की सोच, उसके स्वभाव को ढालना शुरू किया जाए। शिक्षा इसी का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। बच्चों को विद्यालय में भेजा जाता है जहां के शिक्षक उन्हें सही राह पर ले जाने का उपक्रम करते हैं। इसलिए छोटे बच्चों के स्कूलों में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की अपेक्षा स्वाभाविक रूप से सभी को रहती है। ये शिक्षक ही बच्चों को गढ़ने और संवारने का काम करते हैं। सरकारी स्तर पर भी बच्चों को स्कूलों में लाने और शिक्षकों की भर्ती के लिए काफी प्रयास किया जा रहे हैं। लेकिन यूपी की राजधानी लखनऊ में स्थिति कुछ निराशाजनक दिखाई दे रही है। एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार यहां कई प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक भी शिक्षक नहीं है तो कई स्कूल एक ही शिक्षक के भरोसे हैं। रिपोर्ट के अनुसार जिन स्कूलों में शिक्षक तैनात नहीं है, वहां के बच्चे शिक्षामित्र के सहारे हैं। ऐसे स्कूलों की संख्या 13 है। कई विद्यालयों में एक ही शिक्षक है जबकि बच्चों की संख्या 70 या इससे अधिक है। ऐसे विद्यालयों में दो शिक्षक नियमानुसार आवश्यक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कई उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी शिक्षकों की कमी है। अब सरकारी काम आधे-अधूरे होने के चलन के लिहाज से तो इसे सामान्य बात मान लिया जाएगा लेकिन बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर देखा जाए तो सवाल उठता है कि क्या हम इन्हीं आधी-अधूरी व्यवस्थाओं के बीच अपने समाज के भावी नागरिक तैयार कर रहे हैं जिन्हें देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी निभानी है। बेसिक शिक्षा विभाग वैसे चाहे जितना अच्छा काम कर रहा हो लेकिन उसके स्कूलों में शिक्षकों का न होना सारी उपलब्धियां पर भारी पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों का तो कुछ नहीं बिगड़ेगा लेकिन यह लापरवाही समाज को जरूर खोखला करेगी। यदि नियुक्ति जैसी अहम प्रक्रिया को अद्यतन नहीं रखा जा सकता तो बाकी तमाम जिम्मेदारियां कैसे निभाई जाती होंगी। जरूरी यह है कि सर्वोच्च स्तर पर इस कमी का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## काँव-काँव

◆◆◆

**ज़मानत अधिकार है,जेल अपवाद-सुप्रीमकोर्ट**
इसके बावजूद देश की जेलें भर गयीं हुज़ूर!
**उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का आरेंज अलर्ट**
डुबकी लगाने के लिये तालाब भी नहीं बचे!
**यूपी में सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ने देंगे-योगी**
कांवड़ यात्राओं से सड़कें जाम होना परंपरा है!
**अच्छे कैरियर के लिये दूसरे शहर जा रहे युवा**
घरवालों की पाबंदियां भी कौन झेले साहब?
**नीट पेपर लीक मामले में अब तक दस गिरफ्तार**
बड़े जंजालों में छोटी मछलियां ही फंसती है!
**दूरदर्शिता की कमी है मोदी सरकार में -खरगे**
कांग्रेस नेतृत्व को पास के लोग धोखा देते हैं!

◆◆◆

# महंगाई : सियासत ज्यादा, समाधान कम

भारत में महंगाई हमेशा से एक संवेदनशील मुद्दा रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि राजनीतिक रणनीति का सबसे प्रभावशाली हथियार बन गई है। रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से लेकर पेट्रोल-डीजल, सब्जियों,



- अवनीश कुमार गुप्ता

दालों और स्कूल फीस तक, हर बढ़ता खर्च सीधे आम आदमी की जिंदगी को प्रभावित करता है। यही कारण है कि जैसे ही महंगाई बढ़ती है, राजनीतिक दल इसे जनता की भावनाओं से जोड़कर अपने-अपने तरीके से भुनाने लगते हैं। सत्ता पक्ष वैश्विक परिस्थितियों, युद्ध, कच्चे तेल की कीमतों और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संकटों का हवाला देता है, जबकि विपक्ष इसे सरकार की नाकामी और जनविरोधी नीतियों का परिणाम बताता है। लेकिन इस पूरे राजनीतिक शोर के बीच सबसे बड़ा सवाल यही रह जाता है कि आखिर महंगाई पर राजनीति ज्यादा और समाधान कम क्यों दिखाई देता है?

असल में महंगाई का राजनीतिक महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह हर वर्ग को प्रभावित करती है। बेरोजगारी या आर्थिक मंदी जैसी समस्याओं का असर अलग-अलग स्तर पर महसूस होता है, लेकिन महंगाई सीधे हर घर की रसोई तक पहुंचती है। जब टमाटर सौ रुपये किलो होता है, रसोई गैस का सिलेंडर हजार रुपये पार करता है या दूध और दाल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तब जनता की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सरकार की ओर मुड़ती है। राजनीतिक दल इस मनोविज्ञान को भलीभांति समझते हैं। यही कारण है कि चुनावों के दौरान महंगाई अचानक सबसे बड़ा मुद्दा बन जाती है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही वही मुद्दा धीरे-धीरे राजनीतिक भाषणों के पीछे दब जाता है। भारत की राजनीति में महंगाई का इतिहास भी काफी दिलचस्प रहा है। एक समय प्याज की बढ़ती कीमतों ने सरकारों को संकट में डाल दिया था। कई चुनावों में रसोई गैस और पेट्रोल की कीमतें निर्णायक मुद्दा बनीं। विपक्ष में रहते हुए राजनीतिक दल महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरते हैं, सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करते हैं, जनता के बीच सरकार की आलोचना करते हैं और राहत देने के बड़े वादे करते हैं। लेकिन सत्ता में आते ही वही दल आर्थिक मजबूरियों का हवाला देने लगते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल नीतियों की नहीं, बल्कि राजनीतिक प्राथमिकताओं की भी है।

दरअसल, महंगाई को नियंत्रित करना किसी एक फैसले से संभव नहीं होता। इसके पीछे कई जटिल कारण काम करते हैं। भारत अभी भी कच्चे तेल के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ते ही इसका सीधा असर परिवहन लागत पर पड़ता है, और परिवहन महंगा होने से लगभग हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन, अनियमित मानसून, कृषि उत्पादन में कमी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान जैसी परिस्थितियां भी महंगाई को बढ़ाती हैं। लेकिन राजनीतिक बहस में इन जटिल कारणों पर गंभीर चर्चा कम होती है। वहां केवल आरोप-प्रत्यारोप और भावनात्मक बयानबाजी दिखाई देती है। महंगाई पर समाधान कम दिखाई देने का एक बड़ा कारण यह भी है कि सरकारें अक्सर अल्पकालिक राहत देने वाली नीतियों पर ज्यादा ध्यान देती हैं। चुनावी राजनीति में तुरंत परिणाम दिखाना जरूरी माना जाता है। इसलिए टैक्स में अस्थायी कटौती, मुफ्त राशन, सब्सिडी या नकद सहायता जैसी योजनाओं को प्राथमिकता मिलती है। ये कदम तत्काल राहत तो देते हैं, लेकिन समस्या की जड़ पर चोट नहीं करते। उदाहरण के लिए, यदि कृषि क्षेत्र में भंडारण व्यवस्था कमजोर है और फसल खराब होने पर बाजार में आपूर्ति घट जाती है, तो कीमतें बढ़ना तय है। हर साल प्याज, टमाटर या दाल की कीमतों में अचानक उछाल इसी संरचनात्मक कमजोरी का परिणाम होता है। सरकारें आयात या निर्यात प्रतिबंध लगाकर अस्थायी नियंत्रण तो कर लेती हैं, लेकिन कृषि अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में अपेक्षित गति से काम नहीं हो पाता। भारत की कर व्यवस्था भी महंगाई की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले कर सरकारों के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत हैं। जब तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें घटती हैं, तब भी आम जनता को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता क्योंकि सरकारें कर बढ़ाकर राजस्व संतुलित करने की कोशिश करती हैं। विपक्ष इसे जनता पर बोझ बताता है, लेकिन जब वही दल सत्ता में आते हैं तो वे भी करों में बड़ी कटौती से बचते हैं। इसका कारण यह है कि सरकारें विकास परियोजनाओं, कल्याणकारी योजनाओं और प्रशासनिक खर्चों के लिए भारी राजस्व पर निर्भर रहती हैं। ऐसे में जनता को राहत देने और सरकारी आय बनाए रखने के बीच संतुलन बनाना कठिन हो जाता है। आज का मध्यमवर्ग महंगाई का सबसे बड़ा बोझ उठा रहा है। गरीब वर्ग को कुछ हद तक मुफ्त राशन, सब्सिडी और सरकारी योजनाओं से राहत मिल जाती है, जबकि उच्च आय वर्ग पर महंगाई का असर अपेक्षाकृत सीमित होता है। लेकिन मध्यमवर्ग वह वर्ग है जो नियमित टैक्स देता है, निजी स्कूलों और अस्पतालों पर खर्च करता है तथा मासिक ऋण किश्तों पर आधारित जीवनशैली जीता है। उसकी आय सीमित गति से बढ़ती है, लेकिन



खर्च तेजी से बढ़ रहे हैं। यही कारण है कि आर्थिक विकास और जीडीपी वृद्धि के बड़े दावों के बावजूद मध्यमवर्ग के भीतर असुरक्षा और असंतोष बढ़ रहा है। राजनीतिक दल इस वर्ग की भावनाओं को समझते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का दीर्घकालिक समाधान खोजने की बजाय अधिकतर घोषणात्मक राजनीति करते हैं। महंगाई का एक सामाजिक प्रभाव भी है, जिस पर कम चर्चा होती है। लगातार बढ़ती कीमतें केवल आर्थिक दबाव नहीं बढ़ातीं, बल्कि मानसिक तनाव और सामाजिक असंतोष को भी जन्म देती हैं। परिवारों का बजट बिगड़ता है, बचत कम होती है और भविष्य को लेकर असुरक्षा बढ़ती है। कई लोग बेहतर जीवन के लिए कर्ज पर निर्भर हो जाते हैं। मासिक ऋण किश्तों पर आधारित जीवनशैली ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है, जहां आय बढ़ने के बावजूद आर्थिक स्थिरता कमजोर होती जा रही है। लेकिन राजनीतिक विमर्श में इन सामाजिक और मानसिक प्रभावों की चर्चा शायद ही कभी होती है। टीवी डिबेट और सोशल मीडिया ने भी महंगाई की बहस को सतही बना दिया है। आर्थिक नीतियों पर गंभीर चर्चा की जगह अब राजनीतिक नारों और आंकड़ों की लड़ाई ने ले ली है। कोई यह नहीं पूछता कि भारत की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कैसे किया जाए, कृषि बाजारों में बिचौलियों की भूमिका कैसे घटे, या ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को तेजी से कैसे बढ़ाया जाए। बहस का स्तर अक्सर इस तुलना तक सीमित रह जाता है कि किस सरकार के समय महंगाई ज्यादा थी। इससे जनता को वास्तविक समाधान के बजाय केवल राजनीतिक ध्रुवीकरण देखने को मिलता है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टि की है। कृषि क्षेत्र में आधुनिक भंडारण व्यवस्था, कोल्ड स्टोरेज नेटवर्क और बेहतर परिवहन प्रणाली विकसित करनी होगी ताकि फसल खराब होने और आपूर्ति संकट को कम किया जा सके। ऊर्जा क्षेत्र में आयात निर्भरता घटाने के लिए सौर और हरित ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा देना होगा। स्थानीय उत्पादन को मजबूत करना और छोटे उद्योगों को स्थिर समर्थन देना भी जरूरी है। यदि उत्पादन बढ़ेगा और आपूर्ति मजबूत होगी, तभी कीमतों पर स्थायी नियंत्रण संभव हो पाएगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### दशम् अध्याय

(गतांक से आगे

वस्तुतः मेरी विभूतियाँ अपार हैं। ऐसा कहते हुए योगेश्वर ने इस अध्याय का पटाक्षेप किया।

इस अध्याय में श्रीकृष्ण ने अपनी विभूतियों की मात्र बौद्धिक जानकारी दी. जिससे अर्जन की श्रद्धा सब ओर से सिमटकर एक इष्ट में लग जाय। किन्तु बन्धुओ ! सब कुछ सुन लेने और बाल की खाल निकालकर समझ लेने के बाद भी चलकर उसे जानना शेष ही रहता है। यह क्रियात्मक पथ है।

सम्पूर्ण अध्याय में योगेश्वर की विभूतियों का ही वर्णन है।

अतः- तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'विभूतिवर्णनम्' नाम दशमोऽध्यायः ।।10।।

इस प्रकार श्रीमद्भगवद् गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के सम्वाद में 'विभूति वर्णन' नामक दसवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थगीता' भाष्ये 'विभूतिवर्णनम्' नाम दशमोऽध्यायः ।।10।।

इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'विभूति वर्णन' नामक दसवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

।। हरिः ॐ तत्सत् ।।

**अथैकादशोऽध्यायः ।।**

गत अध्याय में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अपनी प्रधान-प्रधान विभूतियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया; किन्तु अर्जुन को लगा कि उसने विस्तार से सुन लिया है। उसने कहा कि आपकी वाणी सुनने से मेरा सारा मोह नष्ट हो गया; किन्तु आपने जो कहा, उसे प्रत्यक्ष देखना चाहता हूँ। सुनने और देखने में पश्चिम और पूर्व का अन्तर है। चलकर देखने पर वस्तुस्थिति कुछ और ही होती है। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**एकेन शुष्कवृक्षेण दह्यमानेन वह्निना।**
**दह्यते तद्वनं सर्वं कुपुत्रेण कुलं तथा।।**

जिस प्रकार अग्नि से जलता हुआ एक ही वृक्ष सारे वन को जला डालता है, उसी प्रकार एक ही कुपुत्र से सारा कुल कलंकित हो जाता है।

◆◆◆

# 3-डी अभियान : बदलाव जो दिखता भी है और बदलता भी है

जब उत्सव की धुनें खुशियों की जगह चिंता जगाने लगें और परंपरा अपने मूल अर्थ से दूर हो जाए, तब समाज को खुद को देखने की जरूरत होती है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों की पहचान सादगी रही है,



- डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

लेकिन शादियों में डीजे का शोर, शराब और 'दापा' (दहेज़) जैसी प्रथाओं का दबाव इस गरिमा को प्रभावित कर रहा है। विवाह, जो कभी संस्कार और अपनापन का प्रतीक था, अब कई जगह आर्थिक बोझ बनता जा रहा है। ऐसे समय में जो पहल समाज को सादगी और संस्कार की ओर लौटाए, वह सुधार नहीं, सामाजिक चेतना का पुनर्जागरण बन जाती है। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले का दहेज, दारू और डीजे मुक्त '3-डी अभियान' आज उसी बदलाव की सशक्त मिसाल है। जब कोई अधिकारी कानून से आगे बढ़कर समाज की सोच बदलने का संकल्प लेता है, तभी बदलाव इतिहास बनता है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने '3-डी अभियान' को जनआंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने वर्दी को भय नहीं, विश्वास और संवाद का माध्यम बनाया। झाबुआ से शुरू हुए इस अभियान को उन्होंने बड़वानी में सामाजिक चेतना का आधार बना दिया। वे स्वयं सादगीपूर्ण विवाहों में शामिल होकर परिवारों को सम्मानित भी करते हैं, जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती है। गांव-गांव जाकर वे समझाते हैं कि विवाह दिखावे नहीं, संस्कार और सम्मान का उत्सव है। यही कारण है कि '3-डी अभियान' आज समाज में जागरूकता और स्वाभिमान की पहचान बन चुका है।

'3डी अभियान' केवल तीन बुराइयों के विरोध की पहल नहीं, बल्कि उस विकृत सोच के खिलाफ सामाजिक जागरण है जिसने विवाह को संस्कार से अधिक बोझ बना दिया था। गरीब परिवार वर्षों तक कर्ज में डूबते रहे, जमीन गिरवी रखते रहे और कमाई दिखावे में खर्च होती रही। कई घर शादी के बाद भी कर्ज से नहीं निकल पाए। शराब ने खुशियों को विवाद और हिंसा में बदला, जबकि डीजे के शोर ने लोकसंस्कृति को दबा दिया। अब बड़वानी के कई गांवों में विवाह बिना दहेज के हो रहे हैं, बिना शराब के उत्सव सज रहे हैं और ढोल-मांदल की पारंपरिक थाप फिर से सुनाई देने लगी है। सच्चा बदलाव केवल आदतें नहीं बदलता, वह संस्कृति को भी नया जीवन देता है। '3-डी अभियान' की ताकत यही है। आदिवासी समाज की पहचान लोकधुनों, सामूहिक उत्सवों और सादगी में रही है, लेकिन दिखावे की चकाचौंध ने इन्हें हाशिये पर धकेल दिया था। विवाहों में लोकगीतों की जगह शोर और स्थानीय कलाकारों की जगह डीजे ने ले ली थी। '3-डी अभियान' ने इस असंतुलन को चुनौती दी है। अब गांवों में ढोल-मांदल की थाप गूंज रही है, लोकधुनें लौट रही हैं और स्थानीय कलाकारों को सम्मान मिल रहा है। यह पहल केवल कुरीतियों के खिलाफ अभियान नहीं, बल्कि आदिवासी सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण का सशक्त प्रयास बन चुकी है। समाज जब स्वयं बदलाव का प्रहरी बन जाए, तभी क्रांति जन्म लेती है। '3-डी अभियान' की सबसे बड़ी शक्ति यही जनभागीदारी है। '3-डी अभियान' अब केवल सोच नहीं बदल रहा, बल्कि समाज का व्यवहार भी बदल रहा है। जिन विवाहों में कभी शराब, विवाद और तनाव हावी रहते थे, वहां अब सादगी, अनुशासन और आत्मीयता दिखाई देने लगी है। परिवार कर्ज के बोझ से राहत महसूस कर रहे हैं और नई दुल्हनें आर्थिक दबाव नहीं, सम्मान के साथ नए जीवन में कदम रख रही हैं। लोग समझने लगे हैं कि दिखावे की चमक क्षणिक होती है, लेकिन उसके लिए लिया गया कर्ज वर्षों तक परिवारों को भीतर से तोड़ता रहता है। ऐसे में सादगीपूर्ण विवाह अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन, सम्मान और जागरूकता की नई पहचान बनते जा रहे हैं। बड़वानी में '3-डी अभियान' ने पुलिस और समाज के रिश्तों की तस्वीर बदल दी है। यहां वर्दी केवल कानून की ताकत नहीं, सामाजिक विश्वास का प्रतीक बनी है। जिस पुलिस को अक्सर डर और दूरी से जोड़ा जाता था, वही अब गांवों की चौपालों में बैठकर कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण कर रही है। संवाद और संवेदना को आधार बनाकर पद्मविलोचन शुक्ल ने पुलिस को समाज सुधार की शक्ति में बदल दिया है। उन्होंने साबित किया कि प्रशासन की सबसे बड़ी सफलता केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि लोगों में भरोसा, सम्मान और जागरूकता जगाना है। बड़वानी का यह मॉडल आज कम्युनिटी पुलिसिंग की प्रेरक मिसाल बन चुका है। समाज तब मजबूत बनता है, जब उसकी परंपराएं बोझ नहीं, सम्मान का आधार बनें। बड़वानी का '3-डी अभियान' इसी बदलाव की प्रभावी शुरुआत है। यदि यह मॉडल देशभर में अपनाया जाए, तो यह केवल शादियों का स्वरूप नहीं, सामाजिक सोच भी बदल सकता है। आज भी दहेज, शराब और दिखावे की परंपरा गरीब परिवारों को कर्ज और तनाव में धकेल रही है। बेटियों के विवाह कई घरों के लिए आर्थिक संघर्ष बन जाते हैं, जबकि नशा और शोर सामाजिक वातावरण को खोखला करते हैं। ऐसे में '3-डी अभियान' केवल कुरीतियों के खिलाफ मुहिम नहीं, बल्कि सादगी, सम्मान और सामाजिक संतुलन का संदेश है। यह समाज को बताता है कि विवाह बोझ नहीं, संस्कार होना चाहिए। गहरी जमी परंपराओं से टकराता हर बदलाव आसान नहीं होता, लेकिन वही समाज को नई दिशा देता है। आज भी समाज का एक हिस्सा दिखावे को प्रतिष्ठा और दहेज को परंपरा मानकर उसी में उलझा हुआ है। लेकिन बड़वानी ने दिखा दिया है कि संवाद, संवेदनशील नेतृत्व और जनभागीदारी से गहरी जमी सोच भी बदली जा सकती है। '3-डी अभियान' यह स्पष्ट करता है कि बदलाव बड़े साधनों से नहीं, दृढ़ संकल्प से जन्म लेता है। बड़वानी जिले के वर्तमान एसपी पद्मविलोचन शुक्ल और उनकी टीम का यह प्रयास अब एक दिशा बन चुका है। जिस दिन विवाह सादगी और सम्मान का उत्सव बनेंगे, उसी दिन समाज वास्तविक प्रगति की ओर बढ़ेगा।

## प्रेरक प्रसंग

### दिल की पुकार

नावेर नाम का एक आरब था। उसके पास एक बहुत बढ़िया घोड़ा था। एक दिन दाहर नामक एक आदमी उसके पास आया। उसने घोड़ा देखा तो उसका मन उसकी ओर आकर्षित हो गया। उसके पास बहुत-से ऊंट थे। उसने नावेर से कहा, तुम ये ऊंट ले लो और अपना घोड़ा मुझे दे दो। लेकिन नावेर को भी वह घोड़ा बहुत प्यारा था। उसने उसे देने से इन्कार कर दिया। दाहर ने बहुत आग्रह किया, लेकिन वह घोड़ा देने के लिए किसी प्रकार भी राजी नहीं हुआ। तब दाहर ने एक चाल चली। नावेर जिस रास्ते से बाहर जाया करता था, उस रास्ते पर फटे-पुराने कपड़े पहनकर जा बैठा और अपना चेहरा छिपा लिया। कुछ समय बाद जब नावेर अपने घोड़े पर सवार होकर उधर से निकला, तो दाहर ने उसका रास्ता रोक लिया। कहा, मैं बहुत दीन हूं, गरीब हूं। मुझे अगले गांव तक पहुंचा दोगे ? नावेर बड़ा दयालु था। उसकी दशा देखकर उसका हृदय द्रवित हो उठा। वह घोड़े पर से उतर पड़ा और दाहर को उस पर बिठाकर स्वयं पैदल चलने लगा। दाहर ने घोड़े को चाबुक मारकर भगा दिया और नावेर के पास आकर बोला, तुमने राजी से घोड़ा नहीं दिया। लो, मैंने तुम्हारा घोड़ा ले लिया! नावेर ने उसे पहचानकर कहा, कोई बात नहीं है दोस्त, पर एक बात याद रखना। इस घटना की चर्चा किसी से मत करना।

क्यों ? दाहर ने गर्व से पूछा।

इसलिए कि, नावेर ने कहा, आगे कभी कोई दया नहीं करेगा और बेचारे गरीब लोग बेमौत मारे जायेंगे।

यह उसके दिल की पुकार थी। उसे सुनकर दाहर बड़ा लज्जित हुआ। उसने अपने किये पर क्षमा मांगी और घोड़ा लाकर उसे लौटा दिया।

## आपका पत्र मिला

### ऊर्जा संप्रभुता पर अडिग भारत

अमेरिका द्वारा रूसी तेल खरीद पर दी गई छूट की अवधि समाप्त होने के बावजूद भारत का यह स्पष्ट संदेश स्वागतयोग्य है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों के आधार पर ही तेल खरीदेगा। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में दबाव और प्रतिबंधों का दौर नया नहीं है, लेकिन किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए उसकी प्राथमिकता अपने नागरिकों कीं आवश्यकताओं और आर्थिक स्थिरता को बनाए रखना होती है।

भारत ने इसी सिद्धांत को अपनाते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखने का निर्णय लिया है।रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जब वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव आया, तब रियायती दरों पर रूसी तेल खरीदकर भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को काफी हद तक संतुलित रखा। यदि भारत बाहरी दबाव में आकर तेल खरीद बंद कर देता, तो इसका सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों, महंगाई और आम जनता की जेब पर पड़ता। अमेरिका का यह तर्क कि रूस तेल बेचकर युद्ध की तैयारी कर रहा है, अपनी जगह हो सकता है, लेकिन भारत किसी युद्ध का पक्षकार नहीं है।

उसका उद्देश्य केवल ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।ईरान संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान ने यह भी साबित कर दिया कि दुनिया में ऊर्जा आपूर्ति कितनी अस्थिर हो सकती है। ऐसे समय में भारत के लिए विविध स्रोतों से तेल खरीदना रणनीतिक आवश्यकता है। बार-बार अमेरिकी दबाव के आगे झुकना न तो व्यावहारिक होगा और न ही राष्ट्रीय हित में। भारत को अपने स्वतंत्र विदेश नीति दृष्टिकोण और आर्थिक हितों के अनुरूप ही निर्णय लेते रहना चाहिए। यह काम बिना किसी दबाव के करना होगा।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# पीएचडी के बाद इन फील्ड्स में बना सकती हैं अपना कॅरियर

पीएचडी एक ऐसी हायर एजुकेशन की डिग्री है, जिसे पूरा करने के लिए एक खास सबजेक्ट में रिसर्च और स्पेशलाइजेशन हासिल करना पड़ता है। यही वजह है कि पीएचडी करने वालों को लेकर एक आम धारणा बन गई है कि इस डिग्री के बाद टीचर या प्रोफेसर ही बना जा सकता है। लेकिन, डिजिटल और टेक्नोलॉजी के इस युग में पीएचडी करने वालों के लिए दायरा कई गुणा बढ़ गया है। पीएचडी के बाद सरकारी से लेकर बड़ी प्राइवेट कंपनियों के दरवाजे खुल जाते हैं। अगर आप भी पीएचडी के बाद टीचिंग या प्रोफेसर नहीं बनना चाहती हैं, तो यहां अन्य करियर ऑप्शन्स के बारे में जान सकती हैं।

**पॉलिसी एनालिस्ट**

इकोनॉमिक्स, पब्लिक पॉलिसी, सोशल साइंस, हेल्थ केयर और पर्यावरण विज्ञान जैसे विषयों की जानकारी रखने वाले पॉलिसी एनालिस्ट के तौर पर अपना करियर बना सकते हैं। एक पॉलिसी एनालिस्ट को डेटा, एनालिसिस, क्रिटिकल एवाल्यूएशन और सरकारी की पॉलिसी के पक्ष और विपक्ष पर भी विचार-विमर्श करना होता है। पॉलिसी एनालिस्ट के तौर पर आप सरकारी एजेंसी, ग्लोबल एजेंसी और प्राइवेट रिसर्च संस्थानों में काम कर सकते हैं। जिसमें नीति आयोग, पर्यावरण मंत्रालय, एनडीपी और बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप जैसे अनेक शामिल हैं।

**रिसर्च साइंटिस्ट**

किसी संस्थान के साथ जुड़कर आप अपनी रिसर्च पर काम जारी रख सकते हैं। रिसर्च साइंटिस्ट के लिए ज्यादातर करियर ऑप्शन्स अकैडमिक्स, हेल्थ, फार्मा, फूड इंडस्ट्री, कृषि और पर्यावरण रिसर्च के क्षेत्र में होते हैं। अगर आप साइंस फील्ड में पीएचडी हैं तो भारत में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन, इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन जैसे संस्थानों के साथ रिसर्च साइंटिस्ट के तौर पर जुड़ सकते हैं।

**सीनियर डेवलपर**

कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, इंजीनियरिंग और आईटी डोमेन्स का बैकग्राउंड रखने वाले पीएचडी होल्डर्स अपना करियर सीनियर डेवलपर के तौर पर भी बना सकते हैं। डिजिटल और एआई के युग में बड़ी टेक कंपनियों और टेक स्टार्टअप्स में हायर एजुकेशन और रिसर्च्स की डिमांड काफी बढ़ गई है।

**डेटा साइंटिस्ट**

भारत में यह रोल काफी तेजी से ग्रो कर रहा है। कंप्यूटर साइंस, स्टैटिक्स और मैथ्स में बैकग्राउंड रखने वाले पीएचडी प्रोफेशनल्स अपना करियर डेटा साइंटिस्ट के तौर पर भी बना सकते हैं। इस रोल के लिए कॉम्पलेक्स और बड़ा डेटा संभालना पड़ सकता है। साथ ही इस रोल के लिए रिसर्च, टेकनिकल और एनालिटिकल स्किल्स की जरूरत हो सकती है। डेटा साइंटिस्ट लगभग सभी कंपनियों में काम करते हैं। टेक, फाइनेंस, हेल्थकेयर से लेकर ई-कॉमर्स सभी फील्ड्स में डेटा साइंटिस्ट के लिए रोल होते हैं।

**कंसलटेंसी**

पीएचडी होल्डर्स टीचर या असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की जगह कंसलटेंसी भी शुरू कर करते हैं। इसमें हायर एजुकेशन में स्टूडेंट्स को क्या करना चाहिए और किन-किन फील्ड्स में करियर ऑप्शन हैं, यह बताया और सिखाया जा सकता है। आजकल कंसलटेंसी के लिए स्कूल, कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज में अलग से पोस्ट निकाली जाती है। इसके अलावा आप सरकारी और प्राइवेट कंपनियों में भी थिंट टैंक और कंसलटेंट के तौर पर काम कर सकते हैं।

**कमर्शियल सीनियर डायरेक्टर**

बिजनेस, मार्केटिंग और सेल्स जैसे बैकग्राउंड के पीएचडी होल्डर्स अपना करियर एक कमर्शियल सीनियर डायरेक्टर के तौर पर भी बना सकते हैं। पीएचडी की डिग्री और अपनी स्किल्स का इस्तेमाल करते हुए एक कंपनी के ग्रो करने में आप मदद कर सकते हैं।

# इन कोर्स से मिलेगी बढ़िया नौकरी



अगर आप बेहतर करियर ऑप्शन की तलाश में हैं तो आज हम आपको कुछ ऐसे ही विकल्पों के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। यह ऑप्शन न केवल आने वाले वक्त में बेहद डिमांड में रहेंगे, बल्कि बढ़िया पैकेज भी दिलाएंगे तो आइए डालते हैं इन पर एक नजर।

**डेटा साइंस-** डेटा साइंस आज के वक्त का सबसे ज्यादा डिमांडिंग करियर ऑप्शन है। इस बात की जानकारी समय-समय पर वाले रिसर्च से साबित हो रही है। हाल ही में एक रिपोर्ट के अनुसार, लिंक्डइन ने कहा है कि डेटा साइंस 37त्र वार्षिक वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। साथ ही एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ब्यूरो ऑफ लेबर Statistics के अनुसार, साल 2026 तक डाटा साइंटिस्ट की मांग 27.9त्र बढ़ने का अनुमान है। ऐसे में यह फील्ड आने वाले समय में ढेरों मौके हैं। दरअसल, तमाम बड़े-बड़े आर्गनाइजेशन से लेकर एमएनसीज कंपनीज आज बड़ी संख्या में डेटा जेनरेट करती हैं और फिर उसे कलेक्ट करते हैं, जिसे वे कस्टमर की दिलचस्पी को पहचान सके। साथ ही ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बना सके। इसी वजह से, ऐसे प्रोफेशनल्स की त त क ा ल आवश्यकता पैदा हो रही है, जो इस डाटा को प्रभावी ढंग से एनालाइज करके इसका यूज कर सके। बता दें कि आने वाले दिनों में एग्रीकल्चर, हेल्थकेयर, एविएशन सहित अन्य सेक्टर में भी इनकी मांग बढ़ेगी, क्योंकि इन फील्ड में डाटा को एनलाइज करके इनसाइट्स तैयार किए जाएंगे।

**साइबर सिक्योरिटी-** कोविड काल के बाद से, जितनी तेजी से देश डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ा है, उतनी ही तेजी से साइबर फ्रॉड भी हो रहे हैं। हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें 21 साइबर अपराधियों को पकड़ा गया है, जिन्होंने देश के अलग-अलग हिस्सों से 16,788 लोगों को करोड़ो का चूना लगा दिया है। यह कोई पहला केस नहीं है, आज कल साइबर अपराध की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके चलते इन अपराधियों को पकड़ने के लिए इनके प्रोफेशनल्स की आवश्यकता भी तेजी से बढ़ रही है।

अगर रिसर्च पर गौर करें तो साइबर सिक्योरिटी जॉब मार्केट के 2029 तक 31% बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक बन जाएगा। इसके अलावा, साथ ही, बड़ी-बड़ी कंपनीज भी अपने डेटा और सिस्टम की सिक्योरिटी के लिए साइबर सुरक्षा में तेजी से इनवेस्ट कर रही हैं। इसलिए इस क्षेत्र में भी करियर बनाना एक बेहतर ऑप्शन हो सकता है।

## कॅरियर अलर्ट

### एसबीआई में निकालीं अप्रेंटिस की 7150 नौकरियां

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अप्रेंटिस भर्ती के लिए विस्तृत अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 7150 अप्रेंटिस पदों पर नियुक्ति की जाएगी। योग्य उम्मीदवार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट SBI Careers Portal के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 19 मई 2026 से शुरू है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अप्रेंटिस भर्ती 2026 के लिए उम्मीदवार के पास 1 अप्रैल 2026 तक किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री होना अनिवार्य है। बिना ग्रेजुएशन वाले अभ्यर्थी आवेदन के पात्र नहीं होंगे। **आयु सीमा की शर्तें-** भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है। उम्मीदवार का जन्म 01 अप्रैल 2006 या उससे पहले तथा 02 अप्रैल 1998 या उसके बाद होना चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी। **आवेदन शुल्क** -उम्मीदवार को जिस राज्य के लिए आवेदन करना है, वहां की स्थानीय भाषा पढ़ने, लिखने, बोलने और समझने में दक्ष होना चाहिए। हालांकि, जिन अभ्यर्थियों ने 10वीं या 12वीं कक्षा में संबंधित भाषा पढ़ी है, उन्हें भाषा परीक्षा से छूट मिलेगी। आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 300 तय किया गया है, जबकि एससी, एसटी और [illegible] उम्मीदवारों के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 1079 पदों पर भर्ती

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर डिवीजन और मोतीबाग वर्कशॉप ने 2026-27 सत्र के लिए अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली है। इसमें कुल 1079 पद हैं। इसके लिए 10वीं पास और आईटीआई किए हुए उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। **10वीं और आईटीआई पास करें आवेदन-** उम्मीदवार का 10वीं पास होना जरूरी है और उसमें कम से कम 50% अंक होने चाहिए। साथ ही उम्मीदवार के पास संबंधित ट्रेड में आईटीआई सर्टिफिकेट होना चाहिए, जो NCVT या SCVT से मान्यता प्राप्त हो। आवेदन करते समय 10वीं और आईटीआई के अंक सही-सही भरना जरूरी है। अगर जानकारी गलत या अधूरी होगी तो आवेदन रद्द हो सकता है। इसके अलावा कोई भी अतिरिक्त या ऊँची योग्यता नहीं भरनी चाहिए।

## बिना फीस के उपलब्ध का एआई कोर्स

# नौकरी के लिए जरूरी स्किल्स पर रहेगा फोकस

गूगल ने कोर्सेरा प्लेटफॉर्म पर एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की है। यह कोर्स आपको बिना किसी पूर्व अनुभव के एआई की बुनियादी समझ से लेकर उसमें महारत हासिल करने तक का मार्गदर्शन देता है। इसे गूगल के विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है और यह आपको उन एआई कौशलों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है, जिनकी आज के नियोक्ता तलाश कर रहे हैं। इस कोर्स के माध्यम से आप विचार-मंथन, योजना, अनुसंधान, लेखन, सामग्री निर्माण जैसे क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करना सीखेंगे।

**क्या-क्या करेंगे**

आप सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाकर एआई को स्पष्ट निर्देश देना सीखेंगे, ताकि यह केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक पेशेवर सहयोगी की तरह काम करे। साथ ही, हम एआई का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग कर डाटा विश्लेषण, अनुसंधान और संचार जैसे मांग वाले कौशल विकसित करेंगे। अंत में, वाइब कोडिंग की मदद से बिना कोडिंग अनुभव के एक कस्टम एप बनाकर कार्यस्थल की समस्याओं का समाधान करना सीखेंगे।



**कोर्स सीरीज**

गूगल एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट सात कोर्सेज से मिलकर बना है, जिनमें से प्रत्येक को पूरा करने में लगभग एक से तीन घंटे का समय लगता है। इसमें एआई के मूल सिद्धांत, विचार-मंथन और योजना के लिए एआई, अनुसंधान और अंतर्दृष्टि के लिए एआई, लेखन और संचार के लिए एआई, सामग्री निर्माण के लिए एआई, डाटा विश्लेषण के लिए एआई और एप निर्माण के लिए एआई जैसे कोर्स शामिल हैं।

**कौशल व उपकरण से भरपूर**

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आप एआई साक्षरता, एआई संचालित रचनात्मकता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विचार-मंथन, व्यावसायिक संचार जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखेंगे। इसके साथ ही मशीन लर्निंग, योजना बनाना और प्रभावी प्रस्तुतियां तैयार करने जैसी क्षमताओं पर भी ध्यान दिया जाता है।

इस दौरान आप जिन प्रमुख उपकरणों का उपयोग करना सीखते हैं, उनमें जेनरेटिव एआई और वाइब कोडिंग शामिल हैं, जो आपको आधुनिक तकनीक के साथ काम करने में सक्षम बनाएंगे। यह कोर्स बिना किसी पूर्व अनुभव के एआई की बुनियादी जानकारी से लेकर निपुणता तक सिखाता है। इसे गूगल के विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है और इसमें व्यावहारिक एआई कौशल सिखाए जाते हैं। यह नियोक्ताओं द्वारा अपेक्षित आधुनिक एआई स्किल्स पर केंद्रित है।

**16 भाषाओं में उपलब्ध**

यह कोर्स अंग्रेजी में पढ़ाया जाता है और 16 भाषाओं में उपलब्ध है। यह एक लचीला कार्यक्रम है, जिसमें आप अपनी सुविधा और गति के अनुसार सीख सकते हैं। इसमें शामिल होने के लिए आप कोर्सेरा के पर आधिकारिक लिंक tinyurl.com/yhx7umy6 जाकर अपनी पसंद के कोर्स कार्ड पर क्लिक करें और नामांकन करें। नामांकन करने के बाद आप कोर्स पूरा कर सकते हैं और एक साझा करने योग्य प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल विश्व निष्पक्ष खेल दिवस मनाया जाता है?
(क) 16 मई
(ख) 17 मई
(ग) 18 मई
(घ) 19 मई
**उत्तर-(घ)**

2. निम्न में से किस राज्य में भारत के तीसरे राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उदयिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) की स्थापना की जाएगी?
(क) तमिलनाडु
(ख) पश्चिम बंगाल
(ग) बिहार
(घ) मध्य प्रदेश
**उत्तर-(ग)**

3. हाल ही में ईराक का नया प्रधानमंत्री किसे नियुक्त किया गया है?
(क) सुल्तान हैथम बिन तारिक
(ख) अली फलिह कादिम
(ग) मसूद पेज़ेश्कियन
(घ) नवाफ सलाम
**उत्तर-(ख)**

4. निम्न में से किसने 32 बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है?
(क) ल्हाक्पा शेरपा
(ख) कामी रीता शेरपा
(ग) क्रिस्टिन हरिला
(घ) रिचर्ड बास
**उत्तर-(ख)**

5. निम्न में से किसे हाल ही में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है?
(क) सद्दाम हुसैन अंसारी
(ख) विजय रावत
(ग) ज्योति मिश्रा
(घ) सौरभ विजय
**उत्तर-(ख)**

# कॅरिअर ब्रेक के बाद वापसी का बढ़ा ट्रेंड

आज के समय में कॅरिअर ब्रेक लेना सामान्य बात हो गई है। परिवार, स्वास्थ्य या निजी जिम्मेदारियों के कारण कई लोग कुछ समय तक काम से दूरी बना लेते हैं। लेकिन दोबारा काम की दुनिया में लौटते समय उन्हें आत्मविश्वास और बदलते कार्यक्षेत्र के साथ तालमेल बैठाने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आज का कार्यक्षेत्र पहले से ज्यादा तेज और तकनीकी आधारित हो चुका है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नए टूल्स ने काम करने के तरीके बदल दिए हैं। ऐसे में नई तकनीकें सीखकर और आत्मविश्वास बनाए रखकर दोबारा कॅरिअर की शुरुआत की जा सकती है।

**अनुभव से निखरता है व्यक्तित्व**

यह समझना जरूरी है कि अनुभव कभी पुराना नहीं होता। वर्षों के कार्य अनुभव से व्यक्ति में नेतृत्व, निर्णय लेने की क्षमता, धैर्य और लोगों को समझने की कला विकसित होती है। यही गुण किसी भी संस्था को मजबूत बनाते हैं। तकनीक सीखी जा सकती है, लेकिन जीवन और काम का अनुभव समय के साथ ही मिलता है। इसलिए कॅरिअर ब्रेक के बाद वापसी करने वालों के पास वह परिपक्वता और व्यावहारिक समझ होती है, जो केवल किताबों या ट्रेनिंग से हासिल नहीं की जा सकती।

**नई तकनीक सीखें**

वापसी करते समय सबसे जरूरी बात यह है कि व्यक्ति सीखने के लिए हमेशा तैयार रहे। कई बार शुरुआत पुराने पद या वेतन से कम स्तर से करनी पड़ सकती है, लेकिन इसे असफलता नहीं, बल्कि खुद को दोबारा स्थापित करने का अवसर समझना चाहिए। यदि आप नई तकनीक, आधुनिक कार्य संस्कृति और बदलते ट्रेंड्स को सीखने की इच्छा रखते हैं, तो धीरे-धीरे अपनी जगह फिर से बना सकते हैं। आज कंपनियां ऐसे लोगों को अधिक महत्व देती हैं।

**केवल पद नहीं, उद्देश्य भी जरूरी**

कई लोग कॅरिअर में वापसी करते समय केवल बड़े पद या पुरानी स्थिति पर ध्यान देते हैं, जबकि नौकरी चुनते समय यह देखना ज्यादा जरूरी है कि वहां सीखने, आगे बढ़ने और कुछ नया करने के अवसर हैं या नहीं। छोटी शुरुआत भी भविष्य में बड़े अवसरों का रास्ता खोल सकती है। इसलिए काम चुनते समय अपने उद्देश्य और संतुष्टि को भी महत्व देना चाहिए।

छोटी शुरुआत भविष्य में बड़े अवसरों का रास्ता खोल सकती है।

अनुभव कभी पुराना नहीं होता, क्योंकि नेतृत्व और समझ जैसे गुण समय के साथ विकसित होते हैं।

कई बार कॅरिअर में वापसी करते समय कमतर पद या कम वेतन पर नौकरी मिले, तो इसे अवसर के तौर पर देखें।

**आत्मविश्वास बनाए रखें-** कॅरिअर में वापसी केवल नौकरी हासिल करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि खुद को दोबारा पहचानने और आत्मविश्वास वापस पाने का सफर भी है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

| | |
|---|---|
| **मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी। | **तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। |
| **वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा। | **वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी। |
| **मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे। | **धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा। |
| **कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी। | **मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थति में सुधार होगा। |
| **सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी। | **कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी। |
| **कन्या :** व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा। | **मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले |

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 20 मई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे चतुर्थी तिथौ बुध वासरे 11/08/ आर्द्रा नक्षत्रे 06/12/ शूल योग 14/10/ भद्रा करणे 11/08/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.22मि.39पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.11 मि. 08 पर। वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी।

# आत्मविश्वास से बढ़िए सफलता की ओर

कई लोग जी-तोड़ मेहनत करते हैं, बावजूद इसके कभी-कभी अस्पष्ट लक्ष्य, सकारात्मकता की कमी और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण खुद को तनावग्रस्त पाते हैं। इसका एक कारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स भी हैं, जो हर किसी के जीवन को परफेक्ट दिखाते हैं। दूसरों के पोस्ट के लाइक्स और शेयर्स देखकर लोगों को लगता है कि वे रेस में पीछे छूटते जा रहे हैं।

इस कारण ऐसे लोग अपनी क्षमताओं को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देते हैं। दूसरों से उपलब्धियों की तुलना करना भी क्षमताओं में कमी को बढ़ावा देती है, खासकर तब जब यह लगने लगे कि दूसरे आपसे बेहतर कर रहे हैं। अगर आप वास्तव में ऐसी समस्या से निजात पाना चाहते हैं, तो कुछ बातों को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है।

**खुद को कोसने से बचें**

जब भी आप असुरक्षा को व्यक्तिगत असफलता के पैमाने पर मापते हैं, तो नकारात्मक विचार आपके दिमाग में आने लगते हैं। ऐसा तब महसूस होता है, जब आप अपने सहयोगियों से बार-बार सवाल पूछते हैं। आपको लगता है कि उन्हें आपसे ज्यादा पता है और आपका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है। ऐसे में, खुद को कोसने के बजाय, इसे एक स्वाभाविक मानवीय प्रक्रिया के रूप में स्वीकार करने की कोशिश करें।



**संतुलित दृष्टिकोण अपनाएं**

आप अक्सर अपनी कमजोरियों को सुधारने का प्रयास करते हैं। यह लाजिमी भी है, क्यों हर इन्सान को लगता है कि कि जिस चीज में वह अच्छा नहीं है, उस पर ध्यान केंद्रित करना ही सुधार की कुंजी है। बजाय इसके अपनी ताकत पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और नकारात्मकता भी कोसों दूर भागती है। हालांकि, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि चुनौतियों से बचना चाहिए या अपने कंफर्ट जोन में रहना चाहिए। आपको अपनी ताकत, कौशल और योग्यताओं का संतुलित तरीके से लाभ उठाना चाहिए।

**सफलता का अर्थ समझें**

आपको सफलता की असल परिभाषा को समझना होगा। सच्ची सफलता एक गहरी व्यक्तिगत और बहुआयामी अवधारणा है। सामाजिक या कार्यस्थल की अपेक्षाओं के बजाय इसे अपने व्यक्तिगत मूल्यों और लक्ष्यों के साथ जोड़कर व्यापक बनाने पर जोर देना चाहिए। इसके लिए आत्म-चिंतन करना होगा और सामाजिक अपेक्षाओं से मुक्ति पाना जरूरी है। खुद से पूछें कि आप किस तरह का जीवन जीना चाहते हैं।

**रिश्तों का आकलन**

समय-समय पर अपने रिश्तों का आकलन जरूर करें। कोई भी रिश्ता बनाने से पहले खुद से यह सवाल पूछें कि वह इन्सान आपकी तरक्की में कैसे योगदान दे सकता है? अच्छे सहयोगी प्रदर्शन को बेहतर बनाने, कुछ नया सीखने और बर्नआउट के स्तर को कम करने में काफी हद तक मदद कर सकते हैं।

# क्या है नेशनल टीचर अवॉर्ड और किन्हें दिया जाता है?

शिक्षक हमारे समाज की नींव होते हैं, जो न केवल ज्ञान का प्रसार करते हैं बल्कि बच्चों के भविष्य को भी आकार देते हैं। इन्हीं शिक्षकों की मेहनत और योगदान को सम्मान देने के लिए भारत सरकार हर साल नेशनल टीचर अवॉर्ड प्रदान करती है। यह पुरस्कार उन शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य किए हों और नई पीढ़ी को प्रेरित किया हो। इस अवॉर्ड की शुरुआत कई दशक पहले हुई थी, और तब से हर वर्ष 5 सितंबर शिक्षक दिवस के मौके पर चयनित शिक्षकों को राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया जाता है।किन्हें दिया जाता है नेशनल टीचर अवॉर्ड? नेशनल टीचर अवॉर्ड उन शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया हो। यह पुरस्कार प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के स्कूलों में पढ़ाने वाले सरकारी और निजी दोनों तरह के शिक्षकों को दिया जा सकता है। चयन प्रक्रिया में शिक्षक की नवाचार क्षमता, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयास, समाज और शिक्षा व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव जैसे मापदंड देखे जाते हैं। इस पुरस्कार का मकसद शिक्षकों को प्रोत्साहित करना और उन्हें दूसरों के लिए उदाहरण बनाने के लिए प्रेरित करना है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट नकलविहीन आयोजन के लिए कड़ी तैयारियां

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी श्री सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने जानकारी दी कि यह परीक्षा 8 जून, 9 जून और 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जनपद में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक पाली में 9216 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिससे परीक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन



ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए 21 केंद्र व्यवस्थापक, 21 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 10 आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेट, 21 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और 7 आरक्षित स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, यातायात नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को परीक्षा अवधि के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न होने देने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करेगा और नकल या किसी भी अनियमितता को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परीक्षा अवधि के दौरान मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट जिलाधिकारी ने जारी की विशेष एडवाइजरी

**जौनपुर।** जनपद में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी श्री सैमुअल पॉल एन. ने जनपदवासियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान में तापमान लगभग 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है और हीट वेव को लेकर जारी अलर्ट 22 मई 2026 तक प्रभावी रहेगा। ऐसे में नागरिकों को अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही लोग घरों से बाहर निकलें। बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें, जो शरीर को पूरी तरह ढकते हों। सिर को धूप से बचाने के लिए कैप, गमछा या छाते का उपयोग करें तथा आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अधिक से अधिक छायादार और ठंडे स्थानों पर रहें तथा सीधे धूप के संपर्क में आने से बचें। उन्होंने कहा कि गर्मी के दौरान शरीर में पानी की कमी नहीं होने देनी चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस और अन्य तरल पदार्थों का सेवन नियमित रूप से करते रहें। साथ ही मौसमी फलों का सेवन कर शरीर को ठंडा रखने के उपाय अपनाएं। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को सिरदर्द, चक्कर, उल्टी, तेज बुखार या अन्य असामान्य लक्षण महसूस हों तो तुरंत नजदीकी सीएचसी, पीएचसी या जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श लें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने जनपदवासियों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर सुरक्षित रहने की अपील की।

## रास्ते के विवाद में मारपीट

**स्वतंत्रभारत मऊ।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के मुहम्मदाबाद सिपाह गांव में रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपनी भाभी को दवा दिलाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के पास कुछ लोग रास्ते में कुर्सी लगाकर बैठे थे। रास्ता हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बात पर विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा और हॉकी से हमला कर दिया।पीड़ित के अनुसार मारपीट में उसका सिर फट गया और वह घायल होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने तमंचे से फायरिंग कर दी, जिसमें गोली उसकी पत्नी के पैर में लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग जुटे तो आरोपी फरार हो गए।

## घूस लेते लेखपाल अनिल कुमार रंगे हाथ गिरफ्तार, दूसरा लेखपाल फरार



**स्वतंत्र भारत मधुबन।** जनपद मऊ में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को बड़ा डिजिटल ट्रैप ऑपरेशन चलाते हुए भूमि पैमाइश के नाम पर रिश्वत लेने वाले लेखपाल को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है, जबकि दूसरा आरोपी लेखपाल मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महेन्द्र कुमार पुत्र रामरतन निवासी धर्मपुर कसायर कैथवली थाना मधुबन ने एंटी करप्शन टीम आजमगढ़ से शिकायत की थी कि भूमि पैमाइश कराने के एवज में लेखपालों द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की जांच के बाद एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। मंगलवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे ग्राम कटघरामहलू गेट के समीप राजस्व लेखपाल अनिल कुमार पुत्र भोला प्रसाद निवासी नसीरपुर थाना मधुबन को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत में लिए गए पांच हजार रुपये भी बरामद किए।वहीं इस मामले में दूसरा आरोपी राजस्व लेखपाल नीरज कुमार चौधरी, हल्का मखमेलपुर, कार्रवाई की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया। एंटी करप्शन टीम ने उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी हरिशंकर कुमार शुक्ला ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और रिश्वतखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई में निरीक्षक संतोष कुमार दीक्षित, आनंद कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक ताहिर हुसैन खान, आरक्षी नन्दलाल वर्मा, चन्दन तिवारी, अमित सिंह, पंकज कुमार, निर्मल कुमार यादव, संतोष कुमार एवं रामअवतार गुप्ता शामिल रहे।

## खबर एक नजर

### साइबर टीम की तत्परता से 30 हजार रुपये वापस

**स्वतंत्रभारत मऊ।** थाना दोहरीघाट की साइबर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार दो पीड़ितों के कुल 30 हजार रुपये वापस कराए। साइबर हेल्पलाइन 1930 व साइबर पोर्टल पर शिकायत मिलने के बाद 20 हजार व 10 हजार रुपये संबंधित खातों में वापस कराए गए। पुलिस ने लोगों से ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल व ओटीपी साझा करने से सतर्क रहने की अपील की है।

### लखनऊ में लाठीचार्ज पर मऊ में भड़के अधिवक्ता

**स्वतंत्र भारत विस मऊ।** लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की घटना के विरोध में सोमवार को दीवानी कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर नारेबाजी की तथा घटना की निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। साथ ही घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की भी मांग की।अधिवक्ता सिविल कोर्ट परिसर में पुलिस और पीएसी के पहुंचने पर आक्रोशित दिखे। अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय भवन से नारेबाजी करते हुए मुख्य गेट तक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री अरविंद तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष अश्वनी सिंह, ज्ञानेन्द्र नाथ पाण्डेय, हिमांशु पांडेय, प्रमोद श्रीवास्तव, आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

### दहेज हत्या मामले में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना मधुबन पुलिस ने दहेज हत्या के चर्चित मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्ता रम्भा देवी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खैरा देवारा दुबारी स्थित उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तारी की।मामला थाना हलधरपुर क्षेत्र के देवदह निवासी रामाशंकर चौहान द्वारा दर्ज कराए गए दहेज हत्या के मुकदमे से जुड़ा है। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य आरोपियों की तलाश व जांच भी तेजी से जारी है।

### पुरानी रंजिश में फायरिंग, तीन अज्ञात पर मुकदमा

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के पिपरा कछार गांव में पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। पीड़ित संजू यादव की तहरीर पर पुलिस ने अपाची बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मु0अ0सं0 151/2026 धारा 109(1)/351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर धमकी दी और फरार हो गए। मामले की जांच उपनिरीक्षक दीप नारायण कर रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### भैंस को लेकर विवाद में मारपीट, युवक का हाथ टूटा

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के पिपरा कछार गांव में भैंस खुली होने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में रामप्रवेश का हाथ टूट गया। पीड़िता लालसा देवी की तहरीर पर पुलिस ने लोरिक यादव, किरीत सिंह, विनीत सिंह उर्फ मोनू समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मु0अ0सं0 150/2026 धारा 3(5), 115(2), 352, 351(3), 117(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।मामले की जांच उपनिरीक्षक दीप नारायण द्वारा की जा रही है।

### बच्चों के विवाद में मारपीट, दो पर मुकदमा

स्वतंत्र भारत मधुबन। मधुबन थाना क्षेत्र के सिकड़ीकोल गांव में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रिती सिंह की तहरीर पर पुलिस ने बृजेश सिंह व अजय सिंह के खिलाफ मु0अ0सं0 152/2026 धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।आरोप है कि विपक्षी घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट किए तथा बीच-बचाव करने पहुंचे पुत्र को भी पीटते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की जांच उपनिरीक्षक ओमप्रकाश कर रहे हैं।

### भीषण गर्मी में पौधों को संजीवनी दे रहा वन विभाग

**स्वतंत्रभारत मऊ।** सामाजिक वानिकी प्रभाग मऊ के तहत वन विभाग रेंज मोहम्मदाबाद की टीम द्वारा मोहम्मदाबाद-बलिया मार्ग पर लगाए गए पौधों की लगातार सिंचाई की जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए टैंकर व पाइप के माध्यम से विभिन्न प्रजातियों के पौधों को पानी देकर उन्हें सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्रीय वन अधिकारी दिवाकर यादव के निर्देशन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य पौधों को हरा-भरा बनाए रखना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

### विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक के सियाबस्ती गांव के राजस्व ग्राम घुरहाबर में विकास कार्यों व भुगतान में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना कार्य कराए भुगतान कर दिया गया, जबकि गांव की सड़क बदहाल स्थिति में है।ग्रामीणों ने कहा कि खराब रास्तों के कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही है तथा आपात स्थिति में एंबुलेंस भी समय से नहीं पहुंच पाती। लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और अधूरे कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की।

### पॉक्सो एक्ट मामले में बाल अपचारी संरक्षण में लिया गया

**स्वतंत्रभारत मऊ।** थाना कोपागंज पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए 17 वर्षीय बाल अपचारी को ढेकवारा स्थित अंबेडकर मूर्ति के पास से संरक्षण में लिया। मामला मु0अ0सं0 57/2026 से संबंधित है, जिसमें बीएनएस व पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है।पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में हुई कार्रवाई में उपनिरीक्षक अमितेश मिश्रा व पुलिस टीम शामिल रही। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद बाल अपचारी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर कुलपति कुलसचिव से की मुलाकात

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं परीक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर आज शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति प्रो. वंदना सिंह व कुलसचिव से मिला। विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में लगातार बढ़ रही अनियमितताओं, पक्षपातपूर्ण कार्यशैली तथा प्रशासनिक विलंब को उच्च शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक बताया। शिक्षकों ने स्कहा कि विश्वविद्यालय अनेक गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। पुस्तकालय एवं पुस्तक खरीद में कथित भ्रष्टाचार, अधिनियम, परिनियम, अध्यादेश एवं शासनादेशों की अनदेखी, विद्या परिषद एवं अध्ययन परिषद के गठन में पक्षपात, परीक्षा प्रणाली में अनियमितताएँ तथा उड़ाका दल में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों ने विश्वविद्यालय की साख को प्रभावित किया है। प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा परिणामों में लगातार हो रही त्रुटियों, मूल्यांकन एवं निगरानी समितियों में नियुक्तियों में पक्षपातपूर्ण रवैये, चयन समितियों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे प्रश्नों तथा पीएचडी



प्रवेश प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब को भी गंभीर मामला बताया। शिक्षको ने परीक्षा एवं मूल्यांकन पारिश्रमिक के भुगतान में अत्यधिक देरी से शिक्षको में भारी असंतोष है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की गई कि पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएँ ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएँ तथा पीएचडी वायवा भी ऑनलाइन कराए जाएँ ताकि शोधार्थियों को अनावश्यक भागदौड़ और आर्थिक बोझ से राहत मिल सके। इस पर कुलपति प्रो वन्दना सिंह ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। शिक्षकों ने यह भी मांग उठाई कि प्रत्येक कार्य दिवस के बदले एक प्रतिकार अवकाश प्रदान किया जाए, ताकि शिक्षकों के अतिरिक्त कार्यभार का उचित सम्मान हो सके। शिक्षकों ने कुलसचिव से केशलाल से मुलाकात ज्ञापन सौपा। शिक्षकों ने कहा कि यदि समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं हुआ तो व्यापक स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रो. जेपी सिंह, प्रो. आलोक सिंह, प्रो. लक्ष्मण सिंह, डॉ. जयप्रकाश सिंह, डॉ जितेश सिंह डॉ. यदुवंश कुमार, डॉ. प्रशांत त्रिवेदी तथा डॉ. अवनीश यादव समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे

## अभियोजन निदेशक ने अभियोजन अधिकारियों संग की बैठक

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** प्रदेश के अभियोजन निदेशक ललित मुदगल ने सोमवार को अभियोजन कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अभियोजन, सहायक अभियोजन अधिकारियों के साथ साथ जिला व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ताओं के साथ जनपद सभागार में बैठक कर प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक सजा दिलाने के निर्देश दिए। अभियोजन निदेशक का पदभार संभालने के बाद पहली बार अभियोजन निदेशक मऊ पहुंचे। जिला अभियोजन कार्यालय पर अपर निदेशक अभियोजन आज़मगढ़ मंडल भानुप्रताप पाण्डेय ने उनका स्वागत किया। निदेशक ने सभी अभियोजन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की भयमुक्त समाज की संकल्पना को साकार करने के लिए गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी कर समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को सख्त से सख्त सजा दिलाएं।श्री मुद्ग़ल ने बताया कि मधुबन ग्राम न्यायालय के एपीओ को नियुक्त करने सवाल पर जवाब दिया कि शासन को पत्र लिखा गया कि कोई वही स्थानीय अधिवक्ता को सरकार की ओर पैरवी के लिये नियुक्त करने के लिए सलाह दी गई। इसके बाद उन्होंने शासकीय और सहायक शासकीय अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक सी के राय, एसपीओ लक्ष्मीराज सिंह,पीओ अभिनव शुक्ला, पीओ प्रिया सिंह,हरेंद्र सिंह प्रभारी डीजीसी अजय कुमार सिंह , एडीजीसी (पॉक्सो)प्रवीण मिश्र,आदि मौजूद रहे।

## अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा, इनामिया समेत कई गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली। थाना मधुबन पुलिस ने मु0अ0सं0 148/2026 धारा 115(2), 352, 351(3), 85, 80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित अभियुक्ता रम्भा देवी पत्नी विसम्भर चौहान निवासी खैरा देवारा दुबारी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।वहीं थाना कोपागंज पुलिस ने मु0अ0सं0 57/2026 धारा 137(2)/87/61(2)/64(2) बीएनएस व धारा 5(रु)/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित एक बाल अपचारी को ढेकवारा स्थित अम्बेडकर मूर्ति के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया।इसके अलावा थाना घोसी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित 10 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त मसूद अख्तर उर्फ मसूद अहमद पुत्र स्व. हाजी अंसार निवासी करीमुद्दीनपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान किया।जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष अभियान लगातार जारी है।

## कब्जामुक्त कराया गया अवैध कब्जा

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश के क्रम में दिनांक 12.05.2026 से 02.06.2026 तक राजस्व न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों (धारा 24, 116 एवं 67) के जमीन एवं अभिलेखों में अनुपालन अभियान के रूप में कराये गये कार्यो में गठित राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों के द्वारा दिनांक 16 मई, 2026 को तहसील सदर अन्तर्गत 10 राजस्व ग्रामो में 16स्थानो पर 07 टीमो के माध्यम से मौके पर पहुचकर 3.8899 हे0 को कब्जामुक्त कराया गया तथा अवैध अतिक्रमण एवं दिनांक 18 मई, 2026 तहसील सदर अन्तर्गत 12 राजस्व ग्रामों में 14 स्थानो पर कुल 0.851 हेक्टेयर को कब्जा मुक्त कराया गया। दिनांक 18 मई, 2026 को तहसील कासिमबाद में 06 राजस्व ग्रामों में 18 स्थानों पहुचकर कब्जा मुक्त कराया गया। तहसील जमानियाँ में 07 राजस्व ग्रामों में 16 स्थानों पर कुल 0.88 हे0 भूमि, तहसील सेवराई में 04 राजस्व ग्रामों में 16 स्थानों पर कुल 5.404 हेक्टेयर भूमि को कब्जा, पत्थरगढ़ी एवं रोड चकरोड का निर्माण कार्य कराया गया। तहसील जखँनियाँ में 15 राजस्व ग्रामों में 21 स्थानों पर कुल 11.2098 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन, नाली के पानी का निकास, नहर की भूमि का सीमांकन एवं अवैध पट्टा/ कब्जा मुक्त कराया गया है। अभियान लगातार चलते रहेगे उसके दौरान टीमों ने राजस्व अभिलेखों का परीक्षण कर अवैध भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित कर निस्तारण तत्काल किया जाय। उन्होने बताया कि जेसीबी एवं अन्य संसाधनों की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध भूमि/किसान की जमीनो पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## राम के नाम को जपने से जीवों का होता है उद्धार : डा. मदन मोहन मिश्र



**जौनपुर।** श्रीराम नाम के जप से जीव का कलिकाल में उद्धार हो जाता है।यह यह राम का नाम महामन्त्र है।उक्त बातें शीतला चौकिया धाम पूरे अधिकमास तक आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के दूसरे दिन वाराणसी से पधारे मानस कोविद डा मदन मोहन मिश्र ने प्रवचन करते हुए कही। उन्होने श्रीराम नाम महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान् शंकर ने मैया पार्वती से कहा कि श्रद्धा अनुराग से राम का नाम ले लेने से विष्णु सहत्र नाम का फल प्राप्त हो जाता है। सब लोग पूरी धरती की परिक्रमा करते रहे लेकिन गणेश जी राम नाम की परिक्रमा करके देवताओं में प्रथम पूज्य बन गए। इसलिए हम सब को हमेशा भगवान् का नाम स्मरण करते रहना चाहिए।ऊक्त कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए डॉक्टर अखिलेश चंद पाठक ने भगवान श्रीराम के चरित का व्याख्यान किया।इसके पूर्व श्री मिश्र व डॉ पाठक का राम आसरे साहू,मंगलप्रसाद माली,प्रवीण दत्त उपाध्याय,सुमित त्रिपाठी, सावन त्रिपाठी आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन गुड्डू उपाध्याय ने किया।इस मौके पर शिवआसरे, त्रिजुगीनाथ त्रिपाठी, सुरेश चंद्र पाठक,सुरेंद्र त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद त्रिपाठी, सहित अन्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आये लोगों का शिव आसरे गिरी ने आभार व्यक्त किया।

## गाजीपुर में विद्युत शवदाह गृह व इलेक्ट्रिक बसों की मांग

**स्वतंत्र भारत गाजीपुर।** जनपद गाजीपुर में बढ़ती जनसंख्या, वायु प्रदूषण एवं पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिव शिवा ÷स्नेह÷ संस्था के उपाध्यक्ष, उर्मिला सेवा ट्रस्ट के सदस्य उमेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगें भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह ÷चंचल÷ जी को लिखित रूप में सौंपा गया। सामाजिक हित और पर्यावरण संरक्षण की गंभीरता को समझते हुए माननीय एमएलसी विशाल सिंह ÷चंचल÷ जी ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर गाजीपुर में आधुनिक विद्युत शवदाह गृह स्थापित करने एवं इलेक्ट्रिक बस सेवा प्रारंभ करने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया कि पारंपरिक लकड़ी आधारित शवदाह व्यवस्था से अत्यधिक धुआं एवं प्रदूषण फैलता है, जिससे पर्यावरण और आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में विद्युत शवदाह गृह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। साथ ही जिला मुख्यालय एवं विभिन्न तहसीलों में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की मांग करते हुए कहा गया कि डीजल-पेट्रोल वाहनों की बढ़ती संख्या से वायु प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।इलेक्ट्रिक बस सेवा न केवल प्रदूषण कम करेगी बल्कि भविष्य की स्वच्छ एवं किफायती परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती देगी। 04 मई 2026 को भेजे गए इन पत्रों में मुख्य सचिव एवं नगर विकास विभाग से भी आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध किया गया है। यह पहल ऐसे समय में सामने आई है जब उत्तर प्रदेश सरकार हरित ऊर्जा, स्वच्छ पर्यावरण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

## डीजल के लिए जनरेटर पहुंचा टंकी पर तब मिली तेल की राहत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दोहरीघाट ब्लॉक क्षेत्र स्थित किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप पर मंगलवार को डीजल लेने पहुंचे एक व्यक्ति को उस समय अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा, जब जरकिन में डीजल देने से मना कर दिया गया। बताया गया कि व्यक्ति को तत्काल जनरेटर चलाना था और बिजली न होने से काम ठप पड़ा था। काफी देर तक अनुरोध के बाद भी जब डीजल नहीं मिला तो वहां मौजूद चार लोगों ने अनोखा तरीका अपनाया। सभी ने मिलकर जनरेटर को ही उठाया और धक्का लगाते हुए सीधे पेट्रोल पंप की मशीन तक पहुंचा दिया। जनरेटर को टंकी के पास पहुंचता देख वहां मौजूद लोग हंस पड़े।मौके पर मौजूद लोगों ने मजाकिया अंदाज में कहा कि जब जरकिन में तेल नहीं मिला तो जनरेटर खुद ही तेल पीने पहुंच गया। इसके बाद जनरेटर में डीजल भरा गया और लोगों के चेहरे पर राहत दिखाई दी।

## एसएचओ कृष्ण कुमार गुप्ता की एंट्री से अपराधियों का सिस्टम हैंग

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मऊ जनपद के मधुबन थाने में नवागत थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने जैसे ही लॉगिन किया, वैसे ही पूरे थाना सिस्टम में ÷एक्शन मोड÷ एक्टिव हो गया। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने पुलिस टीम के साथ हाई लेवल मीटिंग कर कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और जनसुनवाई व्यवस्था का पूरा ÷डेटा रिव्यू÷ किया।थाना परिसर पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने उनका स्वागत किया, लेकिन दूसरी तरफ क्षेत्र के अपराधियों के बीच हलचल तेज हो गई। नए थाना प्रभारी ने साफ शब्दों में कहा कि अब मधुबन में अपराधियों का ÷कम्फर्ट ज़ोन÷ बंद होगा और पुलिसिंग का नया ÷अपडेट वर्जन÷ दिखाई देगा। कृष्ण कुमार गुप्ता ने स्पष्ट किया कि अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ ÷जीरो टॉलरेंस पॉलिसी÷ लागू रहेगी। फरियादियों की समस्याओं का ÷फास्ट प्रोसेसिंग÷ किया जाएगा और हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि जनता के साथ व्यवहार ऐसा हो जिससे थाने पर लोगों का ÷ट्रस्ट नेटवर्क÷ मजबूत हो। महिला सुरक्षा को लेकर उन्होंने विशेष निगरानी, रात्रि गश्त को ÷हाई अलर्ट मोड÷ में रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत ÷एक्शन ट्रिगर÷ करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क पर नियम तोड़ने वालों पर सख्ती की बात भी कही गई। नवागत थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराधियों का ÷क्राइम सर्वर÷ समय रहते डाउन किया जा सके। मधुबन में नए थाना प्रभारी की एंट्री के बाद चर्चा तेज है कि अब थाने की कार्यशैली पहले से ज्यादा डिजिटल सोच, तेज कार्रवाई और सख्त पुलिसिंग के साथ दिखाई दे सकती है।

## प्राथमिक विद्यालय कइयां में छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह सम्पन्न

**स्वतंत्रभारत रतनपुरा।** विकास खंड रतनपुरा के प्राथमिक विद्यालय कइयाँ में मंगलवार को एक गरिमामय समारोह का आयोजन कर हाल ही में सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय पी.टी. प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिताओं में विजेता रही विद्यालय की छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा।विद्यालय की छात्राओं ने जनपद व मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में विजेता टीम की सभी छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम.एल.सी. विक्रान्त सिंह %रिशु% के प्रतिनिधि संतोष सिंह रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। उन्होंने छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय को हर सम्भव सहयोग का आश्वासन



दिया।विशिष्ट अतिथि जिला व्यायाम शिक्षक मऊ सहेन्द्र सिंह ने कहा कि इन बच्चियों की सफलता के पीछे इनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों का मार्गदर्शन है। समाजसेवी श्री पवन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि इन बेटियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और प्रदेश में परचम लहराया। ये बच्चियां पूरे समाज के लिए मिसाल हैं। इनकी प्रतिभा को निखारने के लिए हम हर स्तर पर सहयोग करेंगे ताकि ये बच्चियां राष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। प्रशिक्षक जयप्रकाश सिंह को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वाली छात्राओं में प्रमुख रूप से अंजली, काजल, अर्पिता, सपना, दिव्या, राजनन्दिनी, संध्या, सौम्या, मुस्कान, सोनम आदि रहीं । विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता टीम वर्क का परिणाम है। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक राजेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष कविता, मीना यादव, सरिता सिंह, रमेश यादव ,बृजेश कुमार एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया ।

# जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं का तुरन्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने सहभागिता करते हुए कृषि, सिंचाई, विद्युत एवं उर्वरक संबंधी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। बैठक के दौरान विद्युत विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर उनका समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वहीं सिंचाई विभाग से संबंधित समस्या पर अधिशासी अभियंता सिंचाई को लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह के भीतर



समाधान कराने के निर्देश दिए गए। किसानों द्वारा जनपद में यूरिया की उपलब्धता से जुड़ी समस्या उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करते हुए किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। बैठक के अंत में उप कृषि निदेशक ने उपस्थित किसानों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव हुए सम्मानित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे का शुरुआत। सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव प्रेस क्लब अध्यक्ष द्वारा बजरंगबली के सम्मुख देव प्रचलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आर पी सिंह ए आरटीओ प्रशासन गुरुदेव पैलेस के डायरेक्टर त्रिभुवन दत्त सिंह और संस्था के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, संस्थापक राहुल श्रीवास्तव उपाध्यक्ष रामकुमार मंडल अध्यक्ष प्रतिभा यादव ओम प्रकाश दुबे डॉ नीति श्रीवास्तव प्रज्ञा श्रीवास्तव गायत्री बचत बाजार के प्रोपराइटर आकाश गुप्ता अरुण कुमार यादव मौजूद रहे। संस्था के संस्थापक राहुल श्रीवास्तव लगातार गरीबों के उत्थान के लिये कार्यक्रम भी कर रहे हैं साथ ही साथ समाज से जुड़े लोगों को भी प्रोतसाहित कर रहे हैं।



# ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचे कुलपति डा. पी.एस. प्रमाणिक

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण के आह्वान के बाद से आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में भी प्रत्येक मंगलवार को नो व्हीकल डे घोषित कर दिया गया है। कुलपति डा. पी.एस. प्रमाणिक के पहल पर निदेशक प्रशासन डॉ. सुशांत श्रीवास्तव की ओर से पत्र जारी कर प्रत्येक मंगलवार को वाहन मुक्त दिवस घोषित किया गया है। पत्र के माध्यम से विवि परिवार के सभी सदस्यों से यह अपील किया गया है कि विवि परिसर, बाह्य महाविद्यालयों एवं केंद्रों पर पेट्रोल, डीजल चालित वाहन का उपयोग यथासंभव नहीं करें। मंगलवार को कृषि विश्वविद्यालय में इसका खासा असर देखने को मिला। सड़क पर पेट्रोल और डीजल चालित वाहन नहीं देखने को मिले। कुलपति डा. पी. एस. प्रमाणिक सुबह नौ बजे ही अपने आवास से ई-रिक्शा से प्रशासनिक भवन स्थित कुलपति कार्यालय पहुंचे। कुलपति का सरकारी वाहन



उनके आवास पर खड़ा रहा। कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह साइकिल से प्रशासनिक भवन पहुंचे। वहीं दूसरी तरफ कृषि अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह एवं वानिकी महाविद्यालय के सह अधिष्ठाता डा भानु प्रताप सहित कई विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिक वाहनों से मंगलवार को आर.ए.सी की मीटिंग में पहुंचते देखे गए। छात्र-छात्राएं भीषण गर्मी में छाता लेकर क्लास करने के लिए पहुंचे तो कई शिक्षक और कर्मचारियों ने ई-रिक्शा और साइकिल का प्रयोग किया। विवि परिसर में शिक्षक, वैज्ञानिक और कर्मचारी मिलाकर लगभग 1500 लोग निवास कर रहे हैं जो रोजाना कार्यालय आने-जाने में वाहनों का प्रयोग करते हैं। सुरक्षा अधिकारी डा. रमेश प्रताप सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में किसी को परेशानी नहीं हो इसके लिए छह अतिरिक्त ई-रिक्शा चालकों को पास निर्गत किया गया है। ये छात्रों और विवि के शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों को कार्यस्थल तक पहुंचाने में मदद करेंगे।

# अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में रुदौली बार एसोसिएशन ने की घोर निंदा

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** लखनऊ में अधिवक्ताओं के चेंबर को जबरदस्ती तोड़े जाने एवं उन पर किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को रुदौली बार एसोसिएशन की एक बैठक बार सभागार में आयोजित की गई जिसमे में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लेकर घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला है। अधिवक्ताओं के चेंबर तोड़ना तथा शांतिपूर्ण विरोध कर रहे वकीलों पर बल प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी अज़ीमउद्दीन ने कहा कि वकील समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है और उनके सम्मान एवं सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अधिवक्ताओं ने एक स्वर में घटना की घोर निंदा करते हुए दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही प्रदेश सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग उठाई गई महामंत्री अमर सिंह ने कहा गया कि यदि अधिवक्ताओं की समस्याओं और मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल जब्बार एडवोकेट, राम भोला तिवारी, अनिल मिश्रा, साहब सरन वर्मा, बालेंद्र सिंह, सतींद्र प्रकाश शास्त्री, नरेन्द्र कुमार मिश्र, पूर्व शासकीय अधिवक्ता, रमेश सिंह, संतोष कुमार, अजय कुमार, गया शंकर, कश्यप, जगलाल, राजपूत सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# नगर निगम से हटाये गये दुकानदारों पर पहले विस्थापन फिर करें कार्यवाही : वेदप्रकाश गुप्ता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा सिविल लाइन स्थित कैंट स्टेशन के आसपास सड़क किनारे लगी दुकानों और ठेलों को हटाए जाने के बाद स्थानीय दुकानदारों में नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी मामले को लेकर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता



मंगलवार को पीड़ित दुकानदारों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। दुकानदारों से बातचीत के दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या तेजी से स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रही है, लेकिन स्मार्ट सिटी का मतलब यह नहीं है कि छोटे और गरीब दुकानदारों को उजाड़ दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा भी यही है कि किसी भी गरीब और मेहनतकश दुकानदार को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के न हटाया जाए। नगर विधायक ने कहा कि कैंट स्टेशन और उसके आसपास वर्षों से ठेला एवं छोटी दुकान लगाकर परिवार चलाने वाले करीब 50 से 60 दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनका प्रयास रहेगा कि सभी प्रभावित दुकानदारों को पहले उचित स्थान पर विस्थापित किया जाए, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई हो। इस दौरान विधायक ने अधिकारियों से भी बातचीत कर दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। विधायक के आश्वासन के बाद दुकानदारों ने राहत की उम्मीद जताई है।

# राम की नगरी में बड़ा मंगलवार को हुए जगह-जगह भण्डारे











**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जेठ माह के तीसरे बड़े मंगल के पावन अवसर पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा जिले के दो स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मिल्कीपुर स्थित सिद्धनाथन हनुमान मंदिर तथा मयाबाजार के रामलीला मैदान में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह से ही दोनों स्थानों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरे वातावरण में जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारे गूंजते रहे। भंडारे का शुभारंभ पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने महाबली हनुमान जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया। इस दौरान उन्होंने देश, प्रदेश और विश्व कल्याण की कामना की। **नगर निगम निगम के** उपसभापति संतोष सिंह द्वारा ज्येष्ठ मास के तृतीय मंगलवार के पावन अवसर पर विकास प्राधिकरण चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसका उद्घाटन नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, पार्षद विजेंद्र सिंह, जय नारायण सिंह रिंकू, सूर्य तिवारी, अर्जुन यादव, विशाल पाल, वकार, चंदन सिंह, रवि सोनकर, शैलेंद्र कोरी, मनीष सिंह, अखिलेश पांडे सहित तमाम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। **प्रेस क्लब के अध्यक्ष** सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने भण्डारे का उद्घाटन करके प्रसाद का वितरण किया। **पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन** ने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार को रिकाबगंज चौराहे पर भक्तों के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया। प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन महंत जनमेजय शरण महान रमेश दास, महंत बाल योगी रामदास ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भंडारे का शुभारंभ किया इस मौके पर प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामीद जाफर मीसम विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, उपाध्याय चौधरी श्रीचंद यादव, राम अचल यादव, मोहम्मद हलीम पप्पू, संजय सिंह, राकेश पांडे, रियाज अहमद, एडवोकेट शावेज जाफरी चौधरी बलराम यादव, सादमान खान विनोद कनौजिया, जय सिंह राणा,अजय यादव मनजीत यादव, अखिलेश पांडे,अजय रावत, नूर बाबू एडवोकेट राकेश यादव दीपक सिंह, अक्षत श्रीवास्तव, प्रदीप चौबे, टोनी सिंह, बाबूराम गौढ भगवान दीन निषाद , माजीद खान बाबा शशांक यादव शमशेर यादब शाहबाज लकी, अनस खान, अमन सागर, आदि लोग मौजूद रहे। जेष्ठ माह के तृतीय मंगलवार के अवसर पर सिविल लाइन स्थित **पत्रकार चौराहे पर भव्य शरबत एवं आइसक्रीम वितरण** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को शीतल शरबत और आइसक्रीम वितरित की गई। लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी के पूजन के साथ वरिष्ठ पत्रकार रुपेश श्रीवास्तव ने किया। श्रद्धालुओं के बीच शरबत एवं आइसक्रीम वितरण शुरू हुआ। आयोजन में वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव 'अज्जू' कार्यक्रम में शहर के कई जन प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भाग लिया। प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, अमल गुप्ता तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, महंत राजूदास सहित श्रद्धालुओं को अपने हाथों से शरबत वितरित किया।

# हनुमानजी को मिला चिरंजीवी होने का वरदान : म. आरपी

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** कलयुग का सबसे बड़ा व शक्तिशाली देवता भगवान हनुमान को माना जाता है। क्योंकि वह कलयुग में भी धरती पर मौजूद हैं और भक्तों की पुकार सुनकर तुरंत उनकी सहायता करते हैं। हनुमान जी कलयुग के



जागृत और संरक्षक देवता हैं। उनके प्रसन्न होने पर व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति, सफलता और आध्यात्मिक उन्नति के संकेत दिखाई देते हैं। उनकी कृपा से व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है और भय, चिंता, अनिश्चितता समाप्त हो जाती है। उक्त उद्गार श्रीसीतारामीय सेवा मंदिरम् सेवा ट्रस्ट अयोध्या धाम के अध्यक्ष आरपी पांडेय ने व्यक्त किए। अवसर ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार का रहा। उन्होंने कहा कि हनुमानजी और भगवान राम का मिलन मंगलवार के दिन ज्येष्ठ मास में हुआ था। हनुमान जी को अमरत्व का वरदान मिला था। जिस दिन हनुमान जी को चिरंजीवी का वरदान मिला था। उस दिन ज्येष्ठ मास का मंगलवार रहा। इसलिए भी इस मंगल का विशेष महत्व माना गया है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है। बल्कि यह आपसी प्रेम और सेवा भाव को भी दिखाता है। ज्येष्ठ महीने के मंगलवार को पूजा करने से बजरंगबली शीघ्र प्रसन्न होते हैं और हर संकट दूर करते हैं। इस दिन श्रद्धा से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पवन पुत्र हनुमान को सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाना विशेष पुण्यदायक होता है। यह दिन शक्ति, साहस और ऊर्जा देने वाला माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के मंगलवार के दौरान प्रभु राम अपने भक्तों की सभी इच्छाओं को पूर्ण करते हैं। मंगल ग्रह को समर्पित यह दिन कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। जैसे ज्योतिष शास्त्र इस बात की अनुमति देता है कि इस दिन भवन भूमि निर्माण, खरीद बिक्री, प्रतियोगिता, शौर्य एवं साहस प्रदर्शन जैसे कार्य आदि करने से कार्य सिद्ध होते हैं।

# हस्तशिल्प उद्योग जरी-जरदोजी कलस्टर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** टांडा के उपजिलाधिकारी डॉ. शशि शेखर, अकबरपुर की उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा सिंह और जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र अंबेडकरनगर के सहायक उपायुक्त अजय शर्मा ने संयुक्त रूप से ग्राम त्रिलोकपुर स्थित हस्तशिल्प उद्योग अंतर्गत संचालित जरी-जरदोजी स्टिचिंग एंड इम्ब्रायडरी क्लस्टर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण केंद्र और उत्पादन इकाई का जायजा लेते हुए उत्पाद निर्माण से लेकर उसकी डिजाइनिंग, विपणन व्यवस्था और तैयार माल की गुणवत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारीगरों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को देखा और उनके कार्यों की सराहना की। अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कारीगरों से भी संवाद किया और केंद्र पर चल रहे कार्यों की जानकारी ली। संस्था प्रबंधक राकेश कुमार



श्रीवास्तव ने अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने अधिकारियों को तैयार माल की गुणवत्ता, उत्पादों की विशेषताओं और बाजार व्यवस्था की जानकारी दी। उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा सिंह ने सुझाव दिया कि केंद्र पर जरी-जरदोजी उत्पादों के साथ-साथ स्कूली यूनिफॉर्म का भी उत्पादन शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन भी दिया। वहीं उपजिलाधिकारी डॉ. शशि शेखर सिंह ने हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन केंद्र की स्थापना पर जोर देते हुए कहा कि हस्तशिल्प देश की संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इसके संरक्षण और विस्तार की दिशा में निरंतर प्रयास होने चाहिए। इस अवसर पर नौशीन फात्मा, सबा आफरीन शोभावती, सरिता, शालिनी, नीलम, शर्मिला, रंजना, आयशा, आसमा, अशिया और रेनू भारती सहित संस्था के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** बीकापुर पुलिस ने 14 मई को युवक की हत्या में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक बलवन्त चौधरी ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि बीकापुर कोतवाली के अन्तर्गत गाम विट्टलपुर में 14 मई को एक युवक घायल अवस्था में मिला था जिसकी पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गयी थी। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान अभिषेक दूबे उर्फ रिंकी मिश्रा के रूप में हुई थी। उन्होंने बताया कि बीकापुर कोतवाली प्रभारी अमरेन्द्र बहादुर सिंह व एसओजी प्रभारी अम्बरेश कुमार त्रिपाठी द्वारा सीडीआर मोबाइल सर्विलांस व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के द्वारा अंशु मौर्या निवासी सराय सरगी निवासी थाना बीकापुर, नताशा किन्नर पुत्री रामप्रसाद निवासी जिनबा चौराहा नरायनपुर बाजार, जनपद बस्ती, विजय ढोलकिया पुत्र रामलौट निवासी जिनबा चौराहा, ग्राम



हथिगो थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तगणों के कब्जे से पांच अदद मोबाइल फोन, एक अदद मोटर साइकिल, एक अदद ईको कार एवं आला कत्ल 2 अदद डण्डा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की बढ़ती लोकप्रियता के कारण अभियुक्तगणों द्वारा मृतक को रेलवे कैंट के पास जबरन अपने कब्जे में लेकर मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल आदि छीन लिया गया था। गिरफ्तारी करने वाले प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र बहादुर, उपनिरीक्षक बुद्धिपाल सिंह, हेड कांस्टेबिल कमलेश कुमार, कां. अभिषेक यादव, कां. रौनक सिंह, कां. अभिषेक यादव, महिला कांस्टेबिल शोभानाथ, हेड कां. अमित राय, हेड कां. विनय यादव, हेड कां. सौरभ सिंह, का. सर्वेश यादव, का. अभिषेक यादव सहित तमाम पुलिस वालों की टीम ने गिरफ्तार किया।



# आजमगढ़ डीएम देश के 100 'बेस्ट परफॉर्मिंग' जिलाधिकारियों में शामिल



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** देश की प्रतिष्ठित मैगजीन फेम इंडिया द्वारा किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण में जनपद आजमगढ़ के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को देश के 100 'उत्कृष्ट एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले' जिला मजिस्ट्रेटों में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि न केवल जनपद आजमगढ़ बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

फेम इंडिया मैगजीन अपने आगामी विशेष संस्करण 'बेस्ट डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट 2026' में चयनित अधिकारियों के कार्यों, नवाचारों एवं जनसेवा में उनके योगदान को प्रमुखता से प्रकाशित करेगी। प्रारंभिक सूची में शामिल 100 अधिकारियों में से 25 सबसे विशिष्ट अधिकारियों को विशेष स्थान प्रदान किया जाएगा। यह व्यापक सर्वेक्षण देश के लगभग 800 जिलों में किया गया, जिसका उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रशासनिक नेतृत्व देने वाले अधिकारियों की पहचान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। सर्वेक्षण एशिया पोस्ट एजेंसी के सहयोग से संपन्न हुआ। सर्वेक्षण में जिला मजिस्ट्रेटों का मूल्यांकन 10 प्रमुख मानकों पर किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, प्रभावी शासन, दूरदृष्टि एवं नवाचार, जवाबदेही, त्वरित निर्णय क्षमता, संकट प्रबंधन कौशल, संवेदनशीलता, जनसंपर्क, संवाद क्षमता तथा विकासोन्मुख सोच शामिल रहे। फेम इंडिया मैगजीन के प्रबंध संपादक अनिल सिंह ने बताया कि इस प्रकार के सर्वेक्षण अधिकारियों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी बनती है तथा इसका सीधा लाभ आम जनता को प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में जनता की राय, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न पक्षों के विचारों को भी सम्मिलित किया गया। उत्तर प्रदेश से चयनित 08 जिलाधिकारियों में रविन्द्र कुमार (आजमगढ़) सत्येंद्र कुमार (वाराणसी), विशाख जी अय्यर (लखनऊ), विजय कुमार सिंह (मेरठ), अंजनी कुमार सिंह (मैनपुरी), अस्मिता लाल (बागपत), अविनाश सिंह (बरेली), राजेंद्र पेंसिया (संभल) शामिल हैं। जनपद आजमगढ़ में प्रशासनिक सुधार, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचार आधारित पहल, जनसुनवाई की सुदृढ़ व्यवस्था तथा विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग के कारण जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की कार्यशैली को व्यापक सराहना मिल रही है। यह चयन जनपद प्रशासन की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता एवं जनकेंद्रित कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण प्रमाण माना जा रहा है।

## डीएम ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों अयान बिन लियाकत एवं सारिंसा द्विवेदी को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर मेहनत एवं अनुशासन बनाए रखते हुए आगे बढ़ें और जनपद व प्रदेश का नाम रोशन करें।जिलाधिकारी ने कहा कि खेल युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्पोर्ट्स स्टेडियम देवरिया में प्रशिक्षक गिरीश सिंह के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे यूपी पब्लिक स्कूल खुखुंदू के कक्षा 7 के छात्र अयान बिन लियाकत ने तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में असम, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब एवं मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं सारिंसा द्विवेदी ने मिजोरम एवं पंजाब के खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष संजय कनोडिया, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष संजय केडिया, महासचिव अजय जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने खुशी व्यक्त करते हुए दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रशिक्षक कुंदन मणि, शालिनी शर्मा, पूजा सिंह, अशोक कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, माधव वर्मा, प्रियंका कुमारी, अंकित चौहान, आशीष सिंह, अभिमन्यु सिंह, रिंकू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में दिखी डीएम की संवेदनशीलता



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की संवेदनशील कार्यशैली की एक और मिसाल मंगलवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में देखने को मिली। जब जनता दर्शन में एक असहाय महिला फरियाद लेकर पहुंची। उसकी समस्या सुनने के साथ ही जिलाधिकारी ने उसके पुत्र का उत्साहवर्धन कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। तरकुलवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सोनहुला रामनगर निवासी प्रभावती देवी अपने पुत्र नीरज के साथ जनता दर्शन में पहुंचीं। उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पड़ोसियों द्वारा उनके आवागमन का रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी दौरान जिलाधिकारी की नजर महिला के पुत्र नीरज पर पड़ी। उन्होंने बच्चे से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। नीरज ने बताया कि वह कक्षा पांच का छात्र है और सरकारी विद्यालय में अध्ययन करता है। इस पर जिलाधिकारी ने उससे गणित के कुछ प्रश्न हल करने को कहा। नीरज ने प्रश्नों का सही उत्तर दिया, जिससे जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसका मनोबल बढ़ाया।जिलाधिकारी ने बच्चे को पूरी लगन एवं मनोयोग से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षा के जरिए ही व्यक्ति अपने विकास के साथ समाज और देश की प्रगति में भी योगदान दे सकता है।जनता दर्शन के दौरान सदर तहसील अंतर्गत ग्राम मुंडाडीह निवासी असगर अली ने भी जमीन विवाद से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारी को पूरे प्रकरण की जांच कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में राजस्व कर्मियों एवं लेखपालों के कार्यों पर प्रभावी निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि कहीं से भी अनियमितता अथवा शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## ऊर्जा संरक्षण व राष्ट्रवाद के महाअभियान में सभी का सहयोग अपेक्षित : प्रो. संजीव



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ ने ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और राष्ट्रभक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक नए स्तर पर पहुँचा दिया है। विश्वविद्यालय परिसर में आज उस समय एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब कुलपति प्रो. संजीव कुमार, कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा और परीक्षा नियंत्रक सहित विश्वविद्यालय के उच्चाधिकारी अपनी निजी कारों को छोड़कर ई-रिक्शा में सवार होकर कार्यालय पहुँचे। यह केवल एक प्रतीकात्मक यात्रा नहीं, बल्कि देश के आर्थिक स्वावलंबन और ऊर्जा बचत के प्रति एक बड़ा संकल्प है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर विश्वविद्यालय का बड़ा निर्णय विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऊर्जा की खपत कम करने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 18 मई से 23 मई तक परिसर में पेट्रोल और डीजल चालित निजी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतिबंध को लागू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य ऊर्जा की बर्बादी को रोकना है। हालांकि, प्रशासन ने छात्रों की परीक्षाओं और परिसर की अन्य अनिवार्य आवश्यकताओं के प्रति पूरी संवेदनशीलता बरती है।डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया, 'विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों और परीक्षाओं में कोई व्यवधान न आए, इसे ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय की बस सेवाओं और विशेष रूप से माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा उपलब्ध कराई गई बस के संचालन को इस प्रतिबंध से पूरी तरह मुक्त रखा गया है। विश्वविद्यालय का यह प्रयास अब अन्य संस्थानों के लिए भी एक मॉडल बनकर उभरा है, जहाँ 'राष्ट्रहित' को व्यक्तिगत सुविधा से ऊपर रखकर कार्य किया जा रहा है।

# नगरपालिका की बोर्ड बैठक में विकास योजनाओं और बजट पर हुई चर्चा



**स्वतंत्र भारत(मुबारकपुर) आज़मगढ़।** मुबारकपुर नगरपालिका की बोर्ड बैठक मंगलवार को नगरपालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्रा की देखरेख में तथा प्रशासक संजीव कुमार ओझा की अध्यक्षता में दोपहर दो बजे आयोजित हुई। बैठक में वरिष्ठ लिपिक राजन चौधरी ने सभी सभासदों को पांच एजेंडों सहित वर्ष 2026-27 के लिए 54 करोड़ 60 लाख रुपये के अनुमानित बजट की प्रतियां उपलब्ध कराई। बैठक में जल मूल्य, पार्किंग, भवन निर्माण, मैरेज हॉल, विधि आय, वधशाला, टैंकर एवं अन्य पंजीयन-रजिस्ट्रेशन, दुकान किराया, टेंडर फार्म से आय आदि विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरुआत में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने प्रशासक संजीव कुमार ओझा को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा सभासदों का परिचय कराया। इस दौरान संजीव कुमार ओझा ने कहा कि पेयजल और साफ-सफाई नगर की बुनियादी आवश्यकताएं हैं, जिन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके बाद वार्ड संख्या 14 के सभासद प्रतिनिधि नईमुद्दीन ने नगर में साफ-सफाई, टूटी पटियों तथा अन्य अव्यवस्थाओं का मुद्दा उठाया। इस पर प्रशासक ने तत्काल निस्तारण का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेने की बात कही। बैठक में कई सभासदों एवं प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याएं उठाईं। वार्ड संख्या 4 के सभासद ने जल संसाधन व्यवस्था पर सवाल उठाए, जिस पर प्रशासक ने जेई शशिकांत यादव से जानकारी ली। वहीं वार्ड संख्या 3 के सभासद ने नगर की जल निकासी व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सभासद बेलाल हाशिम ने नगरपालिका में नक्शा पास न किए जाने की समस्या रखी, जिस पर प्रशासक ने अधिकारियों एवं व्यवस्था को सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक राजन चौधरी, सभासद मोहम्मद नाजिर, नुरुल होदा, शमसुज्जमा, फैजुर्रहमान, तनवीर अहमद, शफी नवाज, सुलेमान अंसारी, नईमुद्दीन, हसन नसीम, आमिर सिंह पटेल, डॉ. धुरू कुमार चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सेराज को देर रात पुलिस घर से ले गई, मां ने पवई थानाध्यक्ष को दिया प्रार्थना पत्र

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जनपद के पवई थाना के पवई बाज़ार निवासिनी मेहनाज फातमा, पत्नी रियाज खान ने मंगलवार की सुबह पवई थानाध्यक्ष के नाम से एक प्रार्थना पत्र दिया है, और आरोप लगाया कि रात लगभग 2 बजे के आस-पास अनजान पुलिस आई और मंगलवार की देर रात लगभग 2 बजे के करीब हमारे बेटे सेराज को उठाकर ले गई है, और पुलिस ने कहा कि आपको सुबह पवई थाने पर सेराज मिल जाएगा, लेकिन मैं जब सुबह पवई थाने पर मंगलवार की सुबह जाकर। देखी तो सिराज नहीं मिला। माँ फातमा ने थानाध्यक्ष गुहार लगाई कि मेरे बेटे को स्वकुशल वापस कराया जाए। वहीं सेराज की माँ को आशंका है कि कहीं मेरे बेटे का पुलिस एनकाउंटर न कर दे, खैर, जो भी हो, सेराज की माँ मेहनाज फातमा ने थानाध्यक्ष पवई के नाम से प्रार्थना पत्र दे दिया है।


**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि०**
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्य मण्डल, गोण्डा**

ई–निविदा सूचनाः विоआоसं०– 88 दिनांक– 14.05.2026

निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. ई०नि०वि०सं.– 05/विकामं (गो)/2026–27:– जनपद– गोण्डा में अतिभारित 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, बेलसर की क्षमतावृद्धि (1X10 + 1x5 1X5 MVA to 1X10 + 2X5 MVA)/ जनपद–गोण्डा में अतिभारित 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र परसपुर की क्षमतावृद्धि (1X10+1X8 MVA to 1X10+1X8+1X5 MVA)/ जनपद–बहराइच में अतिभारित 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र पयागपुर की क्षमतावृद्धि (2X10 MVA) to (2X10 MVA+1X5 MVA) का कार्य। प्रपत्र शुल्क 3540.00 तथा धरोहर धनराशि रू0 34,850.00 है।

2. ई०नि०वि०सं.–06/विकामं (गो)/2026–27:– जनपद–बलरामपुर में अतिभारित 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, हरिहरगंज की क्षमतावृद्धि (2X5 MVA to 3X5 MVA)/जनपद–बलरामपुर में अतिभारित 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, महाराजगंज तराई की क्षमतावृद्धि (2X5 MVA to 3X5 MVA)/जनपद–बहराइच में अतिभारित 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, मटेरा की क्षमतावृद्धि (2X5 MVA to 3X5 MVA)/ जनपद–बहराइच में अतिभारित 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, विशेश्वरगंज की क्षमतावृद्धि (2X5 MVA to 3X5 MVA) का कार्य। प्रपत्र शुल्क 3540.00 तथा धरोहर धनराशि रू० 38,450.00 है।

ई–निविदा की अन्तिम तिथि : 29 मई, 2026, 17:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट "https://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।


## आजमगढ़ के फूलपुर में प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

**स्वतंत्र भारत (फूलपुर) आजमगढ़।** फूलपुर स्थित मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने गंभीर रुख अख्तियार कर लिया है। मंगलवार को प्रशासन ने अभियान चलाया और अतिक्रमण को हटवाया।इस दौरान तहसील मुख्यालय से लेकर जगदीशपुरपुल तक सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।वही स्थाई रूप से किए गए अवैध अतिक्रण को हटाने के लिए प्रशासन ने ध्वनि विस्तारक यंत्र से लोगो को बुधवार तक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दिया।एसडीएम अशोक कुमार,तहसीलदार राजीव कुमार,सीओ किरन पाल सिंह,और लेखपालों को लेकर पुलिस फोर्स के साथ मुख्य मार्ग, रोडवेज,शंकर तिराहा और जगदीशपुरपुल तक अतिक्रमण के चलते सिकुड़ी सड़कों के किनारे से हाथ ठेला,ऑटो,ए रिक्शा,और फूटपथ पर लगाई गई अस्थाई दुकानों को तत्काल हटवा दिया।


**कार्यालय अधिशासी अभियंता**
**शारदा सहायक खण्ड–28, हैदरगढ़ (बाराबंकी)**

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्याः–01/अधि0अभि0/2026–27**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से ऑनलाइन http://e-tender.up.nic.in के माध्यम से निम्नाकिंत कार्यो हेतु सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29–05–2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिसकी टेक्लिकल विड दिनांक 29–05–2026 को अपरान्ह 3.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, शारदा सहायक खण्ड–28 हैदरगढ़ के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मो/ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष आनलाईन खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21–05–2026 को 11:00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 29–05–2026 तक अपरान्ह 1.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। पूर्ण निविदा नोटिस एवं प्रपत्र की जानकारी http://idup.up.nic.in पर भी उपलब्ध होगी। यह निविदा धनावंटन की प्रत्याशा में की जा रही है, धनावंटन प्राप्त न होने/अपरिहार्य परिस्थितियों में निविदा निरस्त की जा सकती है। अनुबंध का गठन धनावंटन प्राप्त होने पर ही किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह निविदायें अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (GST रहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी)+ 18% जी0एस0 टी0 का मूल्य (रू0 में) | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कसरावॉ ड्रेन के किमी0 0.00 से किमी0 6.532 तक सफाई का कार्य | 2.97 | 0.060 | 20 दिवस | 767 | सी या उच्च |
| 2 | कुबना ड्रेन के किमी0 0.00 से किमी0 7.118 तक सफाई का कार्य | 2.85 | 0.057 | 20 दिवस | 767 | सी या उच्च |
| 3 | फिरोजाबाद ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 9.450 तक सफाई का कार्य | 4.84 | 0.097 | 20 दिवस | 767 | सी या उच्च |
| 4 | नेरथुआ ताल ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 8.848 तक सफाई का कार्य | 4.55 | 0.091 | 20 दिवस | 767 | सी या उच्च |
| 5 | चिलूला ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 8.868 तक सफाई का कार्य | 5.60 | 0.112 | 20 दिवस | 856 | सी या उच्च |
| 6 | शिवगढ ड्रेन के किमी0 9.800 से किमी0 35.500 तक सीवार/जलकुम्भी की सफाई का कार्य | 29.16 | 0.583 | 20 दिवस | 944 | सी या उच्च |
| 7 | नरायनपुर ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 11.109 तक सफाई का कार्य | 4.08 | 0.082 | 20 दिवस | 767 | सी या उच्च |
| 8 | बहरौली ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 6.616 तक सफाई का कार्य | 2.48 | 0.050 | 20 दिवस | 767 | सी या उच्च |
| 9 | मितौली ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 11.596 तक सफाई का कार्य | 4.39 | 0.088 | 20 दिवस | 767 | सी या उच्च |
| 10 | अहिरगॉव ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 3.637 तक सफाई का कार्य एवं किमी0 1.450 पर स्थित बी0आर0वी0 के मरम्मत का कार्य | 6.20 | 0.124 | 20 दिवस | 856 | सी या उच्च |
| 11 | कमेला ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 6.223 तक सफाई का कार्य | 2.51 | 0.051 | 20 दिवस | 767 | सी या उच्च |
| 12 | रक्शहा ड्रेन के किमी0 0.000 से किमी0 12.356 तक सफाई का कार्य | 5.36 | 0.108 | 20 दिवस | 856 | सी या उच्च |

(नवनीत कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
शारदा सहायक खण्ड–28
हैदरगढ़ बाराबंकी

उ0प्र0 251336 दिनांक– 18.05.2026
Website: www.upgov.nic.in


## झुमकी लूट की घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जिले की अरौलाला पुलिस ने कान की झुमकी लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए, एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस वारदात का पुलिस ने सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से खुलासा करते हुए बरामद की लूटी गयी झुमकी भी बरामद किया है। दिनांक 07.05.2026 को थाना अहरौला पर वादी अरविन्द कुमार पुत्र जानकी राम निवासी ग्राम कोर्राधाटमपुर द्वारा सूचना दी गयी कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनकी पत्नी के कान की झुमकी झपट्टा मारकर लूट ली गयी, जिससे उनके कान में चोट भी आयी। उक्त सूचना के आधार पर थाना अहरौला पर मु0अ0सं0 120/2026 धारा 309(6)/115(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों का गहनता से विश्लेषण कर अभियुक्तों की पहचान सुनिश्चित की गयी। इसी क्रम में दिनांक 18.05.2026 को उ0नि0 यश कुमार पटेल मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त बिजेन्द्र विश्वकर्मा उर्फ विपिन विश्वकर्मा पुत्र दिनेश विश्वकर्मा निवासी खालिसपुर भटौली थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 26 वर्ष को ग्राम केवलकड़ माहुल-अम्बारी मार्ग बार्डर से पहले पुलिया के पास से समय करीब 23:40 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर एक अदद लूटी गयी कान की झुमकी पीली धातु बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया। विवेचना से धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी है। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी राजगढ़, मीरजापुर।**

पत्रांक– 139/निविदा प्रकाशन/2026–27 दिनांकः– 18.05.2026

**सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा की सूचना**

पंचम राज्य वित्त/15 वां केन्द्रीय वित्त (टाईड/अनटाईड) योजनान्तर्गत वर्श 2026–27 में क्षेत्र पंचायत के द्वारा निम्नलिखित परियोजना पर सामग्री आपूर्ति करने हेतु वाणिज्य कर कार्यालय में जी0एस0टी0 पंजीकृत फर्मो से अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है फर्मे एक या एक से अधिक कार्यो पर सामग्री आपूर्ति के लिए निविदा डाल सकती हैं।

1–कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी राजगढ़ में दिनांक 25.05.2026 तक दोपहर 12 बजे तक लिफाफा बन्द निविदायें डाली जायेंगी। (2) दिनांक– 25.05.2026 को अपरान्ह/पुर्वाहन 02 बजे अधोहस्ताक्षरी/निविदा हेतु गठित समिति के द्वारा फर्मे (जो उपस्थित रहना चाहते हो) के समक्ष निविदायें खोली जायेगी। (3) जिस फर्म की दर सबसे कम होगी उसी को आपूर्ति करने हेतु स्वीकृत प्रदान की जायेगी। (4) निविदा दरों में सभी करो को सम्मिलित करके ही निविदा दर भरी जाय। (5) टेण्डर फार्म के साथ सामग्री अंष का 02 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0 आदि के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा एवं निविदा स्वीकृत होन के उपरान्त 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि के रूप एन0एस0सी0/ एफ0डी0 के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा। (6) निविदा फार्म की फीस रू0 1000.00 मात्र कार्यालय कार्य दिवस में जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। (7) अन्य किसी भी प्रकार की जानकरी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता हैं। (8) अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त की जा सकती है। (9) सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। (10) परियोजनाओ पर आपूर्ति लिये जाने वाली सामग्री का विस्तृत विवरण निविदा फार्म के साथ उपलब्ध कराया जायेगा। (11) कतिपय कारणों से कार्य प्रारम्भ न होने पर सामग्री की आपूर्ति लिया जाना सम्भव न होगा, तद्नुसार टेण्डर निरस्त माना जायेगा। (12) जो भी फर्मे टेण्डर डालेगें उनका मा0प्रमुख एवं विकास खण्ड के किसी अधिकारी एवं कर्मचारी से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध न हों, एवं उपलब्ध धनराशि अनुसार ही सामग्री आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किया जायेगा।

| क0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित ला0/अनु0ला0 (लाख में) | सामाग्री अंश की प्राकलित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत जमुहार दयाराम के घर से स्व0 लक्ष्मीकान्त के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य | 3.60 | 3.20 |
| 2 | ग्राम पंचायत बहेरा में रामजग के घर से रामदुलार बिन्द के घर तक नाली ढक्कन सहित का कार्य | 3.60 | 2.97 |
| 3 | ग्राम पंचायत कूबाकलां में कन्हैया गुप्ता के घर के पास पानी टंकी का कार्य | 2.74 | 2.48 |
| 4 | ग्राम पंचायत बनइमिलिया में कोल बस्ती में पानी टंकी का कार्य | 2.72 | 2.46 |
| 5 | ग्राम पंचायत धौहा में परसहिया पर विजय विश्वकर्मा के घर के पास पानी टंकी का कार्य | 2.75 | 2.49 |
| 6 | ग्राम पंचायत विशुनपुर में अखिलेश चौहान के घर के पास पानी टंकी का कार्य | 2.79 | 2.53 |
| 7 | ग्राम पंचायत लहौरा पुरैनिया में पानी टंकी का कार्य | 2.77 | 2.52 |
| | योग– | 20.97 | 18.65 |

**अवर अभियन्ता (RED)**
**राजगढ़, मीरजापुर।**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**राजगढ़, मीरजापुर।**

# जिलाधिकारी ने महिला अस्पताल मिश्र बाज़ार का औचक निरीक्षण किया

**स्वतंत्र भारत गाज़ीपुर।** गाजीपुर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जिला महिला अस्पताल, मिश्रबाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, चिकित्सीय व्यवस्थाओं, दवा वितरण, प्रसूति वार्ड, शिशुवार्ड, आई0सी0यू0, इमरजेंसी वार्ड, आपरेशन वार्ड, अल्ट्रासाउन्ड, जन्म प्रमाण पत्र कक्ष, मृत्यु प्रमाण पत्र कक्ष ओपीडी तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से सीधे संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों से दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति तथा उपचार व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कुछ मरीजों द्वारा दवाओं की समय से उपलब्धता एवं चिकित्सकीय व्यवहार को संतोषजनक बताया गया। जिलाधिकारी ने प्रसूति वार्ड एवं नवजात शिशु कक्ष का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के उपचार में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने अस्पताल में आने वाली महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में संचालित दवा वितरण केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा उपलब्ध दवाओं की सूची की जांच की। उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को निर्धारित सभी आवश्यक दवाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था एवं कोई कमी नही पायी गयी जिसपर जिलाधिकारी ने महिला अस्पताल का सराहना करते हुए मेडिकल कालेज के प्राचार्य आनंद मिश्रा को बधाई देते हुए और भी मेडिकल को अच्छे से अच्छा बेहतर बनाने की अपील की। उन्होने निरीक्षण के दौरान कहा कि मौसम को देखते हुए बड़े बड़े ऐजास्ट फैन लगायी जायी जिससे मरीजो को गर्मी का सामना न करना पड़े। उन्होने महिला अस्पताल में एक केन्द्रीन खोलने के लिए प्राचार्य को आह्वाहन किया जिससे की महिलाओं को खाने पीने की अच्छी सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर स्वच्छ एवं व्यवस्थित होना चाहिए ताकि मरीजों को बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने शौचालयों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा वार्डों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की भी जांच की। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश हमेश से स्वास्थ्य के लिए रहा है हम ज्याद से ज्याद सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो अच्छी सुविधा एवं मरीजो से अच्छे से व्यवहार रखते हुए उनके स्वास्थ्य सेवा और दवा का विशेष ध्यान दिया जाय। इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रधानाचार्य महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कालेज डा0 आनन्द मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एव अन्य डाक्टर/वार्डो के नर्स उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।



# बढ़नी के शुभम मिश्र ने रचा इतिहास बने सांख्यिकी अधिकारी

**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** बढ़नी कस्बे के मिल कॉलोनी निवासी शुभम मिश्र का पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में अनारक्षित सीट पर सांख्यिकी अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शुभम मिश्र वर्तमान में प्रयागराज स्थित इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर प्रमेंद्र सिंह पुंडीर के मार्गदर्शन में सांख्यिकी विषय पर शोध कर रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा अमर बाल विद्या मंदिर से हुई, जबकि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई गांधी आदर्श इंटर कॉलेज से पूरी की।



इसके बाद उन्होंने स्नातक एवं परास्नातक की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की। हाल ही में उन्होंने सीएसआईआर-जेआरएफ परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। शुभम मिश्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बाबा, गांधी आदर्श इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक कमला प्रसाद, तथा चाचा अरविंद कुमार मिश्रा को दिया। उनके पिता योगेश कुमार मिश्रा किसान हैं और माता गायत्री मिश्रा गृहिणी हैं। इस उपलब्धि पर उनके भाई शिवम मिश्रा, बहन रुचि मिश्रा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों–राजेश कुमार पाठक, प्रधानाचार्य विजय वर्मा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दयासागर पाठक, शंभूनाथ गुप्ता, डॉ. समीर कुमार पाठक, विनीत कमलापुरी, यशवंत मौर्य, अनिल यादव, करन जायसवाल, अखिलेश पांडेय, प्रवीण श्रीवास्तव, गंगा कश्यप, मुकेश यादव आदि–ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी चोरी, परिवार में मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत सेवराई।** दिलदारनगर थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरीदपुर गांव निवासी संजय प्रजापति पुत्र पुरुषोत्तम प्रजापति के घर बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर करीब एक लाख रुपये मूल्य के जेवरात तथा लगभग 70 हजार रुपये नकद चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि नकदी घर के कार्य में लगाने के लिए रखी गई थी। परिजनों के अनुसार घर के एक कमरे में महिला सो रही थी। चोरों ने बाहर से कमरे का दरवाजा बंद कर दिया, जिससे किसी को घटना की भनक नहीं लगी। इसी बीच अलमारी से सामान निकालने के दौरान हुई आहट पर महिला ने शोर मचाना शुरू किया। जब तक परिवार के लोग बाहर निकल पाते, तब तक चोर मौके से फरार हो चुके थे। घटना की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# अचानक हीट वेव अलर्ट : मोबाइल पर बजा चेतावनी अलार्म, लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** मौसम में अचानक बदलाव के चलते हीट वेव को लेकर कई लोगों के मोबाइल पर सोमवार की रात्रि में सरकारी आपदा अलर्ट बज उठा। अलार्म और मैसेज में तेज गर्मी और लू से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें।पानी, नींबू पानी, ओआरएस का सेवन बढ़ाएं।बाहर निकलें तो सिर ढकें, हल्के सूती कपड़े पहने। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का खास ख्याल रखें। अलर्ट/राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तरफ से भेजा जाता है। मोबाइल लोकेशन के आधार पर हीट वेव प्रभावित इलाकों में ऑटोमैटिक मैसेज और अलार्म बजता है।अनावश्यक यात्रा टालें।धूप में काम करने वालों को बीच-बीच में छाया में आराम करें। लू लगने पर तुरंत ठंडी जगह ले जाएं और पानी पिलाएं।मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2-3 दिन तक तापमान ऊंचा रहने की संभावना है। अगर आपको भी अलर्ट मिला है तो इसे गंभीरता से लें और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

# राजगढ़ में बिजली की कटौती से गर्मी ने किया जीना दुश्वार गर्मी का पारा चढ़ा

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्ज़ापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के राजगढ़ पावर हाउस से बिजली कटौती जारी है बिजली कटौती होने से गर्मी ने जीना किया दुशवार। टेंपरेचर हाई लेवल पर चला गया है और भीषण गर्मी पड़ रही है लेकिन सही तरीके से बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। राजगढ़ पावर हाउस से संचालित होने वाले फीडर राजगढ़ फीडर, भवानीपुर फीडर, खोराडीह फीडर, करौदा फीडर संचालित होते हैं। इतनी ज्यादा पैसा गर्मी पड़ रही है कि अगर बिजली ना आए तो लोग परेशान हो जाते हैं सबसे ज्यादा परेशानी पानी की होती है। बिजली न होने से 30 गांव प्रभावित हो रहे हैं इसके अलावा हर घर नल योजना के तहत पानी की सप्लाई पर भी प्रभाव पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मैं आदेश दिया था कि मैं के महीने में कटौती न की जाए इसके बावजूद बिजली की कटौती लगातार जारी है जिससे जल मानस को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है इसके अलावा पशुपालक भी परेशान हो रहे हैं। इन चारों फीडरो का यही हाल है। बिजली कटौती से सभी वर्ग परेशान हो रहे हैं झूलते हुए केबल के तार दुर्घटना को दावत दे रहे हैं इसके अलावा बिजली के खंभे भी लोहे की जाली पर टिके हुए हैं। सरदार पटेल मिनी स्टेडियम के पास बिजली का खंभा स्टेडियम की जाली के पास टिका हुआ है अगर जाली नहीं होती तो केवल का तार टूट गया होता और बिजली प्रभावित हो जाती है लेकिन बिजली विभाग को यह सब नहीं दिख रहा है। नौडिहवा गांव मे भी झूलते हुए केबल के तार दुर्घटना को दावत दे रहे हैं बिजली विभाग इसे सही नहीं कर रहा है। तेज आंधी से बिजली के खंभे टूट जाने से केबल किताब लटक रहे हैं।

# कोटार नाथ मंदिर में गर्मी में श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए शीतल जल और शरबत का वितरण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** कोटार नाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष नीरज सिंह व सदस्यों ने तेज गर्मी और हीट वेव के बीच कोटार नाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाने के लिए लोगों द्वारा शीतल जल और शरबत वितरण का आयोजन किया गया। युवाओं की टोली ने पिकअप वाहन से पानी और शरबत लाकर मंदिर पर आए श्रद्धालुओं को वितरित किया। पुरुष, महिलाएं और बच्चे कतार में खड़े होकर ठंडा पानी और शरबत ले रहे हैं। सेवा में लगे युवाओं ने हाथों में गिलास और बर्तन लेकर श्रद्धालुओं की सेवा की।आयोजकों ने बताया कि परषोत्तम मास और गर्मी के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं को लू और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए यह सेवा शुरू की गई है। श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की और इसे पुण्य का काम बताया। ऐसे आयोजन से न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिल रही है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी बढ़ रही है।इस दौरान नीरज सिंह, श्याम सुन्दर चौबे, प्रदीप कुमार, विपिन सिंह, प्रमोद मिश्रा, रामानंद मौर्य,राजाराम गिरि,आदि मौजूद रहे।

# चौकी इंचार्ज के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई, पुलिसकर्मियों ने दी शुभकामनाएं

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** मतवार चौकी इंचार्ज कन्हैया राय के स्थानांतरण पटेहरा कला चौकी पर होने से हलिया में मंगलवार को भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनाकर और उपहार देकर विदा किया।विदाई के दौरान चौकी इंचार्ज को गुलदस्ते और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। टेबल पर मिठाई, माला और उपहार रखे गए थे। पुलिसकर्मी और महिला सिपाहियों ने भी समारोह में हिस्सा लिया और उनके कार्यकाल की सराहना की थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि चौकी इंचार्ज का कार्यकाल अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनता से बेहतर समन्वय के लिए याद रखा जाएगा। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में हलिया थाना व चौकी स्टाफ के साथ कई स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। विदाई के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला।इस दौरान एसआई घनश्याम सिंह, श्याम लाल, महेंद्र प्रताप यादव, शिवजी यादव,हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे आदि मौजूद रहे।

# अमर नाथ यादव बने मतवार चौकी इंचार्ज, पदभार ग्रहण किया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस विभाग में फेरबदल के तहत पटेहरा चौकी इंचार्ज रहे अमर नाथ यादव को मतवार चौकी का नया चौकी इंचार्ज नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के बाद अमर नाथ यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर नियंत्रण और जनता से बेहतर संवाद स्थापित करना रहेगा। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस और जनता का समन्वय जरूरी है।पदभार ग्रहण के दौरान चौकी स्टाफ और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और बधाई दी।

# दुबार चौकी के सामने ओवरलोड बालू वाहनों से वसूली का वीडियो वायरल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज दुबार पुलिस चौकी की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि चौकी के सामने से गुजरने वाले ओवरलोड बालू लदे वाहनों से सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों द्वारा खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है। इस कथित वसूली का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो दैनिक जागरण पुष्टि नहीं कर रहा है। बताया जा रहा है कि दुबार चौकी के सामने प्रतिदिन बालू लदे ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली की जाती है। आरोप है कि मामले की पड़ताल करने पहुंचे एक पत्रकार ने जब मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो उसे रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान चौकी से कुछ दूरी पर मौजूद एक स्थानीय दुकानदार ने पत्रकार पर वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाया और कथित रूप से धमकी भी दी। आरोप के मुताबिक, पत्रकार द्वारा स्ट्रिंग आपरेशन किए जाने की भनक लगने पर कुछ लोगों को उसके पीछे लगाया गया था। बाद में बाइक से पहुंचे एक व्यक्ति ने पत्रकार को रोककर उसका मोबाइल फोन छीन लिया और वीडियो जबरन डिलीट कर दिया। यह भी आरोप लगाया गया कि उक्त व्यक्ति ने पत्रकार के सामने ही दुबार चौकी इंचार्ज को फोन किया।

# हथेड़ा गांव में 100 केवीए ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, धू-धू कर जला

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव के गुलाब तिराहा स्थित 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में सोमवार की दोपहर अचानक आग की चपेट में आ गया और धू-धू कर जलने लगा। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों के मुताबिक ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरा ट्रांसफार्मर जलकर राख हो गया। घटना के बाद गांव की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे लोगों को गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तुरंत नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि फसल और घरेलू कामकाज दोनों प्रभावित हो रहे हैं।


अदालती सूचना ता.पेशी 22.07.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 164 वर्ष 2026 श्रीमती रेनू मिश्रा पत्नी स्व.संजीव प्रकाश मिश्रा निवासी मोहल्ला ब्रजबिहार कालोनी तह.सदर जिला शाहजहांपुर...प्रार्थिनी/वादिनी बनामः-1-कु.कृतिका मिश्रा पुत्री 2-विध्यांचल मिश्रा पुत्र व पुत्री स्व.संजीव प्रकाश मिश्रा निवासीगण मोहल्ला ब्रजबिहार कालोनी तह.सदर जिला शाहजहांपुर...विपक्षीगण। अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी श्रीमती रेनू मिश्रा वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. संजीव प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व.राजीव प्रकाश मिश्रा निवासी मोहल्ला ब्रजबिहार कालोनी तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई. हरगाह मुसम्मी श्रीमती रेनू मिश्रा वादिनी उक्त ने वास्ते हुमुल सर्टीफिकेट वतारीख 22.07.2026 वास्ते समा अत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील व तारीख 22.07.2026 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरतं इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 19-05-2026 का मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानसार मुंसरिम सिविल जज सी. डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.- 345/D-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना : ओटी-11-2026**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण-II, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है :- **निविदा सं. :** ओटी-11-2026, **कार्य का विवरण :** निर्माण संगठन, पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर इकाई के अन्तर्गत विभिन्न प्रस्तावित रेल ओवर ब्रिजों (भटनी स्थित एलसी नं. 115 स्पेशल, पड़रौना स्थित एलसी नं. 67सी तथा इंदारा स्थित एलसी नं. 4) पर ओएचई माडिफिकेशन का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,51,23,904.81, **बयाना राशि :** रु. 3,02,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह, **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय :** 11.06.2026 को 15.00 बजे।

**नोट :** • इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण-II**
**मुजाधि/विद्युत-46 पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर

पत्रांक : 1187 /बैयांअनुखं0का/ ई–निविदा नोटिस/ 2026–27 दिनांक 12.05.2026

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना 26/अ0अ0/बैयॉअखंका/2026–27**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट http.//etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड पात्र निविदा दाताओं से प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में दिनांक 03/06/2026 को 10.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

आमंत्रित निविदा की सूचना निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0) में | धरोहर धनराशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लाट-1 जनपद रायबरेली में शारदा सहायक पोषक नहर के किमी0 184.160 से किमी0 258.800 के मध्य स्थापित SSFC Cross Regulator 229.6 km & Sai Escape पर प्लमर ब्लॉक व चकर्ड प्लेट की मरम्मत, फेंसिंग स्थापना तथा रेडिकॉन यूनिट की ओवरहॉलिंग के कार्य बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 29.30 | 58,600.00 | 120 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | यॉत्रिक ("ए" श्रेणी) |
| 2 | लाट-2 जनपद रायबरेली में शारदा सहायक पोषक नहर के किमी0 184.160 से किमी0 258.800 के मध्य स्थापित SSFC Cross Regulator 229.6 km & Sai Escape पर गेटों एवं सुपरस्ट्रक्चर की पेंटिंग के कार्य बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 14.57 | 29,200.00 | 240 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | यॉत्रिक ("ए" श्रेणी) |
| 3 | लाट-3 जनपद रायबरेली में शारदा सहायक पोषक नहर के किमी0 184.160 से किमी0 258.800 के मध्य स्थापित मिर्जापुर एहारी स्केप पर चकर्ड प्लेट तथा रोप ड्रम गियर टीथ के मरम्मत एवं रेडिकॉन यूनिट व रोलर्स एसेम्बली की ओवर हॉलिंग के कार्य बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 16.77 | 33,600.00 | 240 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | यॉत्रिक ("ए" श्रेणी) |
| 4 | लाट-4 जनपद रायबरेली में शारदा सहायक पोषक नहर के किमी0 184.160 से किमी0 258.800 के मध्य स्थापित इलाहाबाद एवं प्रतापगढ़ ब्रांच पर रेडिकॉन यूनिट की ओवर हॉलिंग एवं गियर टीथ के मरम्मत के कार्य बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 22.62 | 45,300.00 | 240 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | यॉत्रिक ("ए" श्रेणी) |
| बी | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय | | | | 21/05/2026 को समय 12:00 बजे से | |
| सी | बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक डाक्यूमेंट्स पी0डी0एफ0/ एक्स0एल0 एस0 फार्मेट में | | | | 21/05/2026 को समय 12:00 बजे से 03/06/2026 को 10:00 बजे तक | |
| डी | निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र व अन्य वांछित अभिलेख मूल रूप में, अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर के कार्यालय में जमा करने की निर्धिरित तिथि व समय | | | | 03/06/2026 को 12:00 बजे तक | |
| ई | आनलाइन पार्ट-'ए' प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकलबिड (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | 03/06/2026 को अपराह्न 15:00 बजे | |
| एफ | आनलाइन पार्ट-'बी' (वित्तीय भाग) फाइनेन्शियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | पार्ट-'ए' खोलने के उपरान्त | |
| जी | बिड खोले जाने का स्थान | | | | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, 67-ए कैण्ट, कानपुर -208004 | |

1-निविदा सूचना, सूचना विभाग की वेब-साइट http.//information.up.gov पर व सिंचाई विभाग की वेब-साइट http.//idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई- प्रक्योरमेंट वेबसाइट http.//etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं, परन्तु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर के नाम केवल इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देय होगी, जो निविदा के भाग-'ए' के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जायेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य, निविदा के भाग-'ए' के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उक्त वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। कृपया समय-समय पर उक्त वेबसाइट को चेक करते रहें।

नोट-: 1-निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार का साईट विजिट किया जाना आवश्यक है।
2-बजट एवं साइट की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है।
3-ठेकेदारों को कार्य पूर्ण करने हेतु टी0एण्ड पी0 एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था स्वयं करनी होगी ।

(प्रणव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
बैराज यांत्रिक अनुरक्षण खण्ड,
67ए कैण्ट, कानपुर

उ0प्र0 251347 दिनांक- 18.05.2026
Website: www.upgov.nic.in

# लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/दुकान संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व0 उमा पाण्डेय | भू0सं0-3/528 सेक्टर-3 | जानकीपुरम विस्तार | 03.06.2018 | श्रीमती स्वधा रविन्द्र (विवाहित पुत्री) | 1. श्रीमती पल्लवी मिश्रा-विवाहित पुत्री 2. श्रीमती चांदनी पाण्डेय-विवाहित पुत्री | पुत्री |
| 2. | स्व0 देव सिंह बिष्ट (आवंटी) | भू0सं0-5/766 | सेक्टर-5 गोमती नगर विस्तार | 15.02.2021 | 1. श्रीमती लक्ष्मी देवी बिष्ट-पत्नी 3. श्री त्रिलोक सिंह बिष्ट-पुत्र | 1. प्रेमा बिष्ट 2. श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट | पुत्रगण |
| 3. | स्व0 कल्पना मिश्रा | भवन/भू0सं0 सी-1/3/408 | विशाल खण्ड, गोमती नगर योजना | 04.02.2018 | श्री अशोक मिश्रा | श्रीमती शिवांगी शुक्ला, श्रीमती शैलवी सारस्वत, श्री श्रेतांग मिश्रा | पुत्रगण एवं पुत्रियाँ |
| 4. | श्रीमती प्रेम कुमारी गोयल (क्रेता) टेक राज सबरवाल (मृतक) | भूखण्ड सं0 सी-124डी, सेक्टर-ए | महानगर | 13.04.2020 | श्री विक्रम सबरवाल पुत्र स्व0 टेक राज सबरवाल | - | पुत्र |
| 5. | स्व0सुशीला गुप्ता | भवन सं0 E-2/770 | विवेक खण्ड गोमती नगर | 31.12.2020 | श्री सुनील कुमार गुप्ता | रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर | भतीजा |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

अदालती सूचना ता.पेशी 27.05.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 141 वर्ष 2026 अरविन्द कुमार पुत्र कढ़ेराम निवासी ग्राम कुशक पोस्ट शाहपुर खितौआ तह.तिलहर जिला शाहजहांपुर पुत्र... प्रार्थी/वादी बनामः- 1-प्रवीण कुमार पुत्र कढ़ेराम निवासी ग्राम कुशक पोस्ट शाहपुर खितौआ तह.तिलहर जिला शाहजहांपुर पुत्र 2-श्रीमती सावित्री देवी पत्नी रामकिशोर पुत्री कढ़ेराम निवासी ग्राम मंसूरनगर तह.शाहाबाद जिला हरदोई पुत्री ...विपक्षीगण। अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी अरविन्द कुमार वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. श्रीमती जगदेई पत्नी कढ़ेराम निवासी ग्राम कुशक पोस्ट शाहपुर खितौआ तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई. हरगाह मुसम्मी अरविन्द कुमार वादी उक्त ने वास्ते हुमुल सर्टीफिकेट वतारीख 27.05.2026 वास्ते समा अत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील व तारीख 27.05.2026 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरतं इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 19-05-2026 का मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानसार मुंसरिम सिविल जज सी. डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.- 345/D-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना : ओटी–10–2026**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है :– **निविदा सं0: ओटी–10–2026,** कार्य का विवरण : गोण्डा कचहरी से गोल्डेनगंज, बुढ़वल–सीतापुर तीसरी व चौथी लाईन, औड़िहार–वाराणसी तीसरी लाईन, खलीलाबाद–बहराईच (फेज–II एवं फेज–III) नई लाईन तथा कानपुर अनवरगंज–मन्धाना एलीवेटेड ट्रक परियोजना के अन्तर्गत इन्फ्रीन्जमेन्ट में आने वाले 33 केवी/11 केवी/ 0.4 केवी ओवरहेड पावर लाइन क्रांसिंगो का संशोधन एवं अन्य सम्बन्धित कार्य। अनुमानित लागत : रू. 29,15,67,639.59, बयाना राशि : रू. 58,31,400.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य – रू. निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि – 24 माह। निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय : 15.06.2026 को 15.00 बजे। **नोट :** ● इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट http://www.ireps.gov.in को देखें। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण,**
**मुजाधि/विद्युत- 45 पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**अदालती नोटिस**

**सम्मन बगरज इन्फिसाल मुकदमा नाम अदालत उपजिलाधिकारी सेवराई मु0 न0 T 202614290703369 धारा.134 राजस्व संहिता उत्तर प्रदेश साजिद बनाम माजिद**

मौजा उसीया तहसील सेवराई 1 माजिद खान पुत्र अनवर हुसैन खान 2 मु0 फिरोज खान पुत्र अख्तर हुसैन खान 3 मु0 शाहिद खान पुत्र अख्तर हुसैन खान 4 मु0 वसीम खान पुत्र अख्तर हुसैन खान 5 मु0 इमरान खान पुत्र एकबाल खान 6 मु0 इरफान खान पुत्र एकबाल खान 7 मु0फैसल खान पुत्र अमीरूला खान 8 मु0 अमान खान पुत्र अमीरूला खान 9 मुमताज खान पुत्र सफीऊला खान 10 ग्राम सभा जरिए ग्राम प्रधान उसीया समस्त साकीनान मौजा उसीया तहसील सेवराई जिला गाजीपुर हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है,जिसमें तारीख 22 माह 05 सन् 2026 मुकर्रर है इसलिए आप लोग खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाब देही दावा की करे वरना मुकदमा आप लोगों के खिलाफ एक तरफा समाप्त होगी।पेशी तारीख 22.05.2026 । जारी करने की तारीख 19.05.2026

**न्यायालय की आज्ञा से**
**हस्ताक्षर रीडर एवं मुहर अदालत**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी**
**सेवराई गाजीपुर उत्तर प्रदेश**
**पिन कोड 232333**

सी.आर.- 343/D-CN

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 12 / ECTC, PRG / 2026-27**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 12 / ECTC, PRG/2026-27 से सम्बन्धित आवश्यक विवरण (धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं कार्यावधि) इलेक्ट्रानिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका पूर्ण विवरण ई-पोर्टल पर उपलब्ध है। निविदा अभिलेख / प्रपत्र ऑनलाईन उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर दिनाँक 08.06.2026 को 14:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें, जिसे डाउनलोड कर ऑनलाईन http://etender.up.nic.in साइट पर दिनाँक 08.06.2026 को 14:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। निविदायें दिनाँक 09.06.2026 को 15.00 बजे से खोली जायेंगी। विस्तृत विवरण एवं अन्य कोई सुधार / परिवर्तन / संशोधन / विस्तार / शुद्धिपत्र हेतु उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर देख सकते है। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ०प्र०पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड 57- जार्ज टाउन, प्रयागराज। हेल्प लाईन दूरभाष सं0 0532-2256298, **"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, प्रयागराज।**

पत्रांक-976/वि0जा0पा0मं0(प्र)/टी-4
दिनांक-19-5-2026

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# 'इस बार खाड़ी देशों की अपील पर रुके'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर होने वाले एक बड़े सैन्य हमले को फिलहाल के लिए टाल दिया है। यह हमला मंगलवार के लिए तय किया गया था, लेकिन आखिरी वक्त में खाड़ी देशों के सहयोगी नेताओं की अपील के बाद इसे रोक दिया गया है।

- ट्रंप ने टाला ईरान पर हमला
- कहा- समझौता करो वरना हमले के लिए तैयार रहो

सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अमेरिका के मौजूदा ट्रंप ने खुद इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी दोनों पक्षों के बीच गंभीर बातचीत चल रही है, इसलिए उन्होंने मंगलवार को ईरान पर होने वाले सैन्य हमले को रोक दिया है। इससे पहले उन्होंने ईरान को खुली चेतावनी दी थी कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ, तो कमजोर पड़ चुके युद्धविराम के बाद फिर से भीषण लड़ाई शुरू हो जाएगी। इस योजनाबद्ध हमले के बारे में ज्यादा जानकारी तो नहीं दी गई, लेकिन राष्ट्रपति ने साफ कहा कि उन्होंने अपनी सेना को पूरी तरह तैयार रहने को कहा है। अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति ट्रंप ने सैन्य अधिकारियों को निर्देश दिया था कि अगर ईरान के साथ कोई स्वीकार करने लायक समझौता नहीं होता है, तो पल भर के नोटिस पर ईरान पर पूरी ताकत के साथ एक बड़ा हमला करने के लिए तैयार रहें। यह बयान दिखाता है कि अमेरिका पूरी तरह से हमले के मूड में था।



### हमले का प्लान अचानक क्यों रोका गया?

इससे पहले यह किसी को नहीं पता था कि 19 मई (मंगलवार) को ईरान पर हमले की कोई योजना है। सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका के ट्रंप ने बताया कि उन्होंने यह हमला मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) के अपने सहयोगी देशों की खास गुजारिश पर रोका है। इन सहयोगी देशों में कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बड़े नेता शामिल हैं। इन्हीं देशों के कहने पर फिलहाल हमले का इरादा टाल दिया गया है।

## ईरान युद्ध कवरेज को लेकर ट्रंप बिफरे

### कहा-पागलपन भरी रिपोर्टिंग से देश को हुआ नुकसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर मीडिया आउटलेट्स पर हमला बोला है। उन्होंने ईरान के साथ जारी संघर्ष से जुड़ी रिपोर्टिंग को लेकर मुख्यधारा के मीडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने सीधे तौर पर कहा है कि कुछ अमेरिकी मीडिया संस्थान ईरान युद्ध को लेकर पूरी तरह से गलत, पक्षपातपूर्ण और भ्रामक तरीके से खबरें प्रसारित कर रहे हैं।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मान लेते हैं कि ईरान पूरी तरह आत्मसमर्पण कर देता है। वह मान लेता है कि उसकी नौसेना खत्म हो चुकी है और समुद्र की तलहटी में डूब गई है। उसकी वायुसेना का नामोनिशान मिट चुका है। ईरान की पूरी सेना तेहरान से बाहर आ जाती है। वे अपने हथियार डाल देते हैं और हाथ ऊपर उठा लेते हैं। हर एक सैनिक सफेद झंडा लहराते हुए जोर-जोर से चिल्लाता है कि मैं सरेंडर करता हूं। ईरान का बचा हुआ पूरा नेतृत्व आत्मसमर्पण के जरूरी दस्तावेजों पर दस्तखत कर देता है। वे महान और शक्तिशाली अमेरिका के सामने अपनी घुटने टेकने वाली हार स्वीकार कर लेते हैं।

ट्रंप ने आगे लिखा कि इसके बावजूद यह फेक न्यूज मीडिया देश को सच नहीं दिखाएगा। द फेलिंग न्यूयॉर्क टाइम्स, द चाइना स्ट्रीट जर्नल और सीएनएन जैसी संस्थाएं कुछ और ही खबर चलाएंगी। ये सब मिलकर अपने अखबारों और चैनलों पर यही बड़ी हेडलाइन लगाएंगे कि ईरान ने संयुक्त राज्य अमेरिका पर जीत हासिल की है। ये मीडिया संस्थान दिखाएंगे कि यह मुकाबला दूर-दूर तक बराबरी का नहीं था। ट्रंप ने कहा कि फेक मीडिया पूरी तरह अपना रास्ता भूल चुके हैं और सचमुच बिल्कुल पागल हो गए हैं।

## अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, पांच मरे

**सैन डिएगो।** अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में सोमवार को गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी। दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है।

## ट्रंप की ईरान को चेतावनी से उछला कच्चा तेल, बढ़ी महंगाई की आशंका

**वॉशिंगटन/पेरिस।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई नई चेतावनी के बाद सोमवार को वैश्विक ऊर्जा बाजारों में फिर उथल-पुथल तेज हो गई। युद्धविराम वार्ता ठप पड़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य अब भी बंद रहने की स्थिति में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ीं, जबकि अमेरिका, जापान और यूरोप में सरकारी बॉन्ड यील्ड भी ऊपर चली गईं। निवेशकों को आशंका है कि लंबे खिंचते संघर्ष से वैश्विक महंगाई और ब्याज दरों पर नया दबाव बन सकता है। बॉन्ड यील्ड यानी सरकार या किसी संस्था द्वारा जारी बॉन्ड पर निवेशकों को मिलने वाला प्रतिफल या ब्याज दर। सरल शब्दों में यह वह दर है जिस पर सरकार बाजार से उधार ले रही होती है।




**होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से गहराया संकट**

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.7 फीसदी बढ़कर 111.13 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 2.1 फीसदी चढ़कर 107.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। ऊर्जा बाजारों में यह उछाल ऐसे समय आया है जब ईरान ने अमेरिकी और इस्राइली हमलों के जवाब में रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर रखा है। दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल इसी समुद्री रास्ते से होकर गुजरता है। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान ने जल्द कदम नहीं उठाए तो उनके पास कुछ भी नहीं बचेगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता आगे नहीं बढ़ पा रही है। ईरानी मीडिया ने दावा किया कि वॉशिंगटन ने तेहरान के नवीनतम प्रस्तावों पर कोई ठोस रियायत नहीं दी है। ऊर्जा कीमतों में तेजी का असर वैश्विक वित्तीय बाजारों पर भी दिखाई दिया। निवेशकों को आशंका है कि महंगाई बढ़ने से दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में और वृद्धि कर सकते हैं। अमेरिका में 10 वर्षीय ट्रेजरी यील्ड बढ़कर 4.63 फीसदी पहुंच गई, जो एक वर्ष से अधिक समय का उच्चतम स्तर है। यह दर मूल रूप से अमेरिकी सरकार के 10 वर्षों के कर्ज लेने की लागत को दर्शाती है। जापान में भी बॉन्ड यील्ड में तेज उछाल दर्ज किया गया।

## ट्रंप प्रशासन का क्यूबा के खिलाफ बड़ा एक्शन

### 11 अधिकारियों और तीन सरकारी संगठनों पर लगाए नए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा के 11 अधिकारियों और तीन सरकारी संस्थानों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि क्यूबा की सरकार लोगों पर दमन कर रही है, सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है और विदेशी खुफिया तथा सैन्य गतिविधियों को समर्थन दे रही है।



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए सख्त कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रतिबंधों का मकसद क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार और सेना को अवैध आर्थिक संसाधनों से दूर रखना है।

इन प्रतिबंधों की घोषणा 1 मई, 2026 को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश 14404 के तहत की गई थी। इसका लक्ष्य वे लोग हैं जो क्यूबा में दमन के लिए और संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा व विदेश नीति के लिए खतरों के लिए जिम्मेदार हैं। मार्को रुबियो ने कहा कि जिन 11 लोगों पर कार्रवाई हुई है, उनमें क्यूबा सरकार और सेना से जुड़े कई बड़े अधिकारी शामिल हैं। अमेरिका का आरोप है कि इनमें से कई लोग क्यूबा के नागरिकों पर दमन करने में शामिल रहे हैं।

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह कदम क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार से पैदा हो रहे सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए चलाए जा रहे बड़े अभियान का हिस्सा है। साथ ही उन लोगों और संस्थाओं को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा, जो क्यूबा सरकार को आर्थिक या अन्य तरह का समर्थन दे रहे हैं।

## सैन्य कार्रवाई हुई तो मचेगा रक्तपात : क्यूबा

### राष्ट्रपति ने अमेरिका को दी चेतावनी

**हवाना।** क्यूबा पर लगातार बढ़ते अमेरिकी दबाव के बीच राष्ट्रपति मिग्युअल डियाज कानेल ने कहा है कि सैन्य कार्रवाई का परिणाम घातक होगा और इससे रक्तपात बढ़ेगा और साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता खतरे में पड़ जाएगी। कानेल ने एक्स पर कहा कि क्यूबा धमकी नहीं देता।



उधर, मेक्सिको से मानवीय सहायता लेकर एक जहाज हवाना पहुंच गया है। इसमें खाद्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता सामग्री भरी हुई है। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस द्वारा खुफिया रिपोर्ट के आधार पर खबरों में कहा गया कि क्यूबो ने 300 से ज्यादा सैन्य ड्रोन हासिल किए हैं और वह अमेरिकी नौसेना के ग्वांतानामो बे स्थित सैन्य अड्डे, युद्धपोतों और फ्लोरिडा स्थित की वेस्ट पर इनसे हमला कर सकता है। क्यूबा ने कहा है कि अमेरिका सैन्य दखलंदाजी को जायज ठहराने के लिए इस तरह की मनगढ़ंत दुष्प्रचार फैला रहा है। हवाना की सड़कों पर कुछ निवासियों ने कहा कि देश की गंभीर आर्थिक हालत के बावजूद वे अमेरिकी हमलों का सामना करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि इस साल जनवरी की शुरुआत में वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई के बाद अमेरिका ने क्यूबा को होनेवाली ऊर्जा आपूर्ति को बाधित कर दिया। इसके बाद क्यूबा पर दबाव बढ़ गया है। देश में एक या दो घंटे के लिए ही बिजली उपलब्ध हो पा रही है। अमेरिकी न्याय विभाग क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो को 1996 में क्यूबा द्वारा मानवीय सहायता समूह के दो विमानों को मार गिराने के आरोप में केस चलाने की योजना बना रहा है। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने एक्स पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत क्यूबा को भी हर देश की तरह बाहरी आक्रमण के खिलाफ आत्मरक्षा का वैध अधिकार हासिल है। क्यूबा हर हाल में लड़ेगा और आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

## दावा : इमरान खान का तख्तापलट अमेरिकी साजिश थी

**इस्लामाबाद/वॉशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिरने को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी मीडिया आउटलेट ड्रॉप साइट न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इमरान की कुर्सी सिर्फ अविश्वास प्रस्ताव से नहीं गई थी। इसके पीछे अमेरिकी साजिश और पाक सेना की भूमिका थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था। अमेरिका इस यात्रा से नाराज था। वह चाहता था कि पाकिस्तान यूक्रेन युद्ध पर रूस की खुलकर आलोचना करे, लेकिन इमरान सरकार ने तटस्थ रुख अपनाया।

- कहा था- इमरान हटे तो सब माफ हो जाएगा
- पाक सेना ने साथ दिया

इसके बाद 7 मार्च 2022 को वॉशिंगटन में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू के बीच बातचीत हुई। लू ने मजीद से कहा कि अगर इमरान अविश्वास प्रस्ताव में हट जाते हैं तो अमेरिका 'सब माफ' कर देगा। इसके 33 दिन बाद यानी 9 अप्रैल 2022 को इमरान सरकार गिर गई। वॉशिंगटन के एक होटल में लू ने मजीद को लंच टेबल पर इमरान को हटाने का दबाव दिया था। लू ने यूक्रेन युद्ध पर पाक रुख पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पाक रूस की आलोचना नहीं कर रहा है और अमेरिका-यूरोप को यह स्वीकार नहीं है। लू ने कहा, इमरान की रूस यात्रा से अमेरिका नाराज है। बात अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंची। लू ने संकेत दिया कि इमरान सत्ता में रहे तो पाक अकेला पड़ जाएगा। मजीद ने पत्र में लिखा कि यह संदेश वाइट हाउस की मंजूरी के बिना संभव नहीं था।

## नॉर्वे की पत्रकार के तीखे सवाल पर सिबी जॉर्ज का करारा जवाब

**ओस्लो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय नॉर्वे के बहुत ही अहम दौरे पर हैं। इस दौरान ओस्लो में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के समय वहां की एक महिला पत्रकार ने भारत की प्रेस स्वतंत्रता और मानवाधिकारों को लेकर कुछ तीखे सवाल खड़े किए। पत्रकार ने पूछा कि आखिर दुनिया को भारत पर भरोसा क्यों करना चाहिए। इस सवाल पर विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने बेहद कड़ा और शानदार जवाब दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह पूरा वाकया तब हुआ जब सिबी जॉर्ज पत्रकारों से शांति से बात कर रहे थे। एक पत्रकार बार-बार उन्हें बीच में टोकते हुए पूछ रही थी कि भारत पर भरोसा क्यों किया जाए। इस बात पर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। सिबी जॉर्ज ने कड़े शब्दों में कहा कि यह उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस है और उन्हें बीच में बिल्कुल न टोका जाए। इसके बाद उन्होंने बहुत ही अच्छे से समझाया कि कैसे भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार देता है। उन्होंने साफ किया कि अधिकारों का उल्लंघन होने पर भारत में न्याय पाने के लिए कानूनी रास्ते भी पूरी तरह से खुले हुए हैं।

- पूछा था भारत पर दुनिया भरोसा क्यों करे?

सिबी जॉर्ज ने यह भी कहा कि भारत हमेशा से समानता और मानवाधिकारों में पूरा विश्वास रखता है। उन्होंने बताया कि हमारे देश के संविधान में सभी लोगों के अधिकारों की पूरी गारंटी दी गई है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि साल 1947 में जब देश आजाद हुआ था, तभी भारत ने महिलाओं को वोट देने का समान अधिकार दे दिया था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दुनिया के कई देशों में महिलाओं को यह आजादी भारत के कई दशकों बाद मिली थी। उन्होंने कहा कि वोट देने और अपनी मर्जी से सरकार को बदलने का अधिकार ही मानवाधिकार का सबसे बड़ा और अच्छा उदाहरण है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। प्रेस की आजादी पर उठ रहे फालतू सवालों को खारिज करते हुए सिबी जॉर्ज ने भारत की मीडिया की विशालता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारत में एक बहुत ही सक्रिय और कई भाषाओं में काम करने वाला बड़ा प्रेस सिस्टम मौजूद है। अकेले राजधानी दिल्ली का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां अंग्रेजी, हिंदी और कई अन्य भाषाओं में कम से कम 200 टीवी चैनल चल रहे हैं। हर शाम वहां कितनी ही ब्रेकिंग न्यूज आती हैं। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि बाहर के लोगों को भारत की इस विशालता और विविधता की कोई समझ ही नहीं है।

## केन्या में हिंसक विरोध प्रदर्शन, चार मरे

**नैरोबी।** केन्या की राजधानी नैरोबी में रिकॉर्ड ईंधन कीमतों के विरोध में राष्ट्रव्यापी सार्वजनिक परिवहन हड़ताल के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। इन झड़पों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। आंतरिक मंत्री किपचूंबा मुरकोमेन ने बताया कि चार लोगों की मौत हुई है और 30 से अधिक घायल हुए हैं। हालांकि, उन्होंने मौतों के कारणों का खुलासा नहीं किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि नैरोबी में पुलिस ने गोलीबारी की। मंत्री ने यह भी कहा कि 348 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें हिंसक अवैध विरोध प्रदर्शनों में उनकी संलिप्तता के लिए आरोपित किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सड़कों पर टायर जलाए और कम से कम दो वाहनों में आग लगा दी। इस कारण कई उपनगरों में यात्रियों को परेशानी हुई और शहर का केंद्र सुनसान रहा।

## कांगो में इबोला से 131 मौतें

**कांगो।** पूर्वी कांगो में इबोला के प्रकोप से अब तक 131 लोगों की मौत हो चुकी है और 500 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रविवार को इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। कांगो के जन स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल रोजर काम्बा ने आज बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में 513 संदिग्ध मामले और 131 मौतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये संदिग्ध मौतें हैं। इनकी पुष्टि के लिए जांच जारी है कि कौन सी मौतें वास्तव में बीमारी से जुड़ी हैं।

- 500 से अधिक संदिग्ध मामले
- अंतरराष्ट्रीय आपातकाल घोषित

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को पहली बार पुष्टि हुआ यह प्रकोप बुंडिबुग्यो वायरस के कारण हुआ है। यह इबोला बीमारी का एक दुर्लभ प्रकार है। इसके लिए कोई अनुमोदित उपचार या टीके उपलब्ध नहीं हैं। कांगो और युगांडा में 20 से अधिक इबोला प्रकोप हुए हैं, लेकिन यह तीसरी बार है जब बुंडिबुग्यो वायरस का पता चला है। मामले अब बुनिया, गोमा, मोंगबवालु, बुटेम्बो और न्याकुंडे में सामने आए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने आज जिनेवा में अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह महामारी के पैमाने और गति को लेकर चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी सिफारिशों पर सलाह देने के लिए आज अपनी आपातकालीन समिति की बैठक बुलाएगी। बुंडिबुग्यो वायरस इबोला का एक दुर्लभ प्रकार है। इसके लिए अभी तक कोई स्वीकृत दवा या टीका मौजूद नहीं है।

## ट्रम्प-नेतन्याहू की हत्या करने वाले को 500 करोड़ देगा ईरान

**तेहरान।** ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को ?500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है। आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि 'इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई' नाम से बिल तैयार किया जा रहा है। ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई सैन्य और राजनीतिक नेताओं की मौत के बाद यह कदम उठाया जा रहा है।

**संकट** — दो साल में 100 से अधिक दरगाहों में तोड़फोड़

## बांग्लादेश में बढ़ रहा चरमपंथ का खतरा

**ढाका।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने बांग्लादेश में श्रद्धालुओं पर हुए हमले और एक दरगाह में हुई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की है। संगठन को चिंता है कि इस तरह की घटनाओं को न रोकने और दोषियों को सजा न दे पाने की वजह से चरमपंथी समूहों का हौसला बढ़ेगा। फ्रांस में स्थित जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश (जेएमबीएफ) ने कहा कि ढाका में हजरत शाह अली बगदादी की दरगाह पर श्रद्धालुओं पर हुआ हमला और 14 मई की रात को एक शांतिपूर्ण साप्ताहिक धार्मिक सभा में शामिल लोगों पर हिंसक हमला, धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक धरोहर और देश की सदियों पुरानी सूफी परंपराओं पर गंभीर हमला है। मानवाधिकार संगठन ने बताया कि बांग्लादेश की कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी और उसकी छात्र इकाई शिबिर से जुड़े हथियारबंद हमलावरों ने दरगाह परिसर में डंडों के साथ प्रवेश किया और निर्दोष श्रद्धालुओं पर सुनियोजित हमला किया, जिससे अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए। संगठन ने यह भी कहा कि दरगाह के बाहर पुलिस की मौजूदगी के थी, लेकिन वे नागरिकों की रक्षा करने में असफल रहे। जेएमबीएफ ने एक घायल व्यक्ति के हवाले से कहा, कुछ लोग डंडों के साथ आए और उन्होंने पूरी तरह से अराजकता फैला दी। लोग इधर-उधर भागने लगे। मैं मुख्य गेट से निकलने की कोशिश कर रहा था, तभी उन्होंने मेरे सिर पर वार किया। संगठन ने दरगाह के अनुयायियों का हवाला देते हुए कहा कि यह हमला 5 अगस्त 2024 से बांग्लादेश में दरगाहों और सूफी स्थलों पर हो रहे हमलों और तोड़फोड़ की एक श्रृंखला का हिस्सा है।



जेएमबीएफ के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने कहा कि यह घटना अकेली नहीं है, बल्कि यह एक चिंताजनक और व्यवस्थित हिंसा की एक कड़ी है, जिसमें धार्मिक अल्पसंख्यकों और सूफी स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। इस अवधि में 100 से अधिक दरगाहों पर हमले की खबर है। संगठन ने चिंता जताई कि इन घटनाओं में शामिल किसी भी दोषी पर आरोप साबित नहीं किया गया है, जिससे इन्हें सजा नहीं मिलेगी।

जेएमबीएफ ने बांग्लादेश सरकार से अपील की है कि वह शाह अली बगदादी दरगाह पर हुए हमले की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करे तथा सभी दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर सजा दे। संगठन ने देशभर में सभी दरगाहों, धार्मिक संस्थानों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बढ़ते धार्मिक उग्रवाद तथा राजनीतिक हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने की भी मांग की है।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनों हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089